आवश्यकता
दैनिक शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न० =
7764978689/+919625958256

दैनिक

# शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 168 • नई दिल्ली, सोमवार 25 सितम्बर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737




3 युवा नेता अनुपम के नेतृत्व में 2 अक्टूबर को सुपौल गाँधी...

# मन की बात : चंद्रयान-3 और जी-20 की सफलता को पीएम मोदी ने बताया गौरवशाली

## भारत इंडिया-मिडिल ईस्ट-ईस्ट यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर और इकोनॉमिक कॉरिडोर को बताया विश्व व्यापार का आधार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत ने अफ्रीकी संघ को जी-20 ब्लॉक का स्थायी सदस्य बनाकर अपने नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया । रविवार को आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने बताया कि सम्मेलन में प्रस्तावित भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा भी वैश्विक व्यापार की आधारशिला बनने के लिए तैयार है। पीएम मोदी ने कहा कि जब भारत व्यापार-कारोबार का बहुत बड़ा माध्यम उस समय दुनिया में सिल्क रूट की चर्चा होती थी। आधुनिक दौर में भारत इंडिया-मिडिल ईस्ट-ईस्ट यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर और इकोनॉमिक कॉरिडोर के माध्यम से सैकड़ों वर्षों तक विश्व व्यापार का आधार बनने जा रहा है। कार्यक्रम के 105वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने चंद्रयान-3 की सफलता और जी-20 के शानदार आयोजन को गौरवशाली क्षण बताया। दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान -3 की सफल 'सॉफ्ट लैंडिंग' के लाइव-स्ट्रीमिंग वीडियो को 80 लाख से अधिक बार देखे जाने की उपलब्धि पर उन्होंने लोगों को बधाई दी। पर्यटन को रोजगार का बड़ा क्षेत्र बताते हुए प्रधानमंत्री ने 27 सितंबर को मनाये जाने वाले विश्व पर्यटन दिवस पर भारत विविधता दर्शन करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि भारत में अब वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स की संख्या 42 हो गई है। पीएम मोदी ने कहा कि जी-20 में एक लाख से ज्यादा प्रतिनिधि भारत आए जो यहां की विविधता, अलग-अलग परम्पराएं, भांति-भांति का खानपान और हमारी धरोहरों से परिचित हुए. यहां आने वाले प्रतिनिधि अपने साथ जो शानदार अनुभव लेकर गए हैं, उससे टूरिज्म का और विस्तार होगा। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने नैनीताल जिले के दर्जन भर गांवों में फैली अनोखी घोड़ा लाइब्रेरी जिक्र करते हुए कहा कि दुर्गमतम इलाकों में भी इसके जरिए बच्चों तक निःशुल्क पुस्तकें पहुंच रही हैं ।

पीएम मोदी ने राजस्थान के सुखदेव भट्ट जी और उनकी टीम द्वारा जीव संरक्षण के लिए पुष्कर में किये गये कार्य को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि कोबरा नामक यह टीम खतरनाक सांपों का रेस्क्यू भी करती है। भारतीय संस्कृति और संगीत के वैश्वीकरण पर चर्चा करते हुए इंस्टाग्राम पर लोकप्रिय जर्मनी की 21वर्षीया कैसमी के बारे में बताया। डिजिटल टेक्नोलॉजी और ई-बुक्स के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने अभिभावकों से पुस्तकों के प्रति बच्चों को प्रेरित करने को कहा। यूपी के सम्भल में सोत' नदी को पुनर्जीवित करने की को अनुपम बताते हुए उन्होंने जन-भागीदारी और सामूहिकता के संकल्प को अनुकरणीय बताया। मन की बात कार्यक्रम पीएम मोदी को पूरे भारत से प्रेरक जीवन की कहानियां साझा करने, मौजूदा राष्ट्रीय घटनाओं पर चर्चा करने, उपलब्धियों को पेश करने का एक मंच मुहैया करता है।

**सोत नदी पुनर्जीवन, अनोखी घोड़ा लाइब्रेरी व कोबरा जैसे अभियान को बताया अनुकरणीय**



## संक्षिप्त समाचार

### युवा राजद के प्रदेश सचिव बने ओम प्रकाश यादव

**मधुबनी**। बेनीपट्टी प्रखंड के परकौली (भदुली) निवासी ओम प्रकाश यादव जी को युवा राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश कमेटी में लगातार तीसरी बार प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के द्वारा सुची को स्वीकृती प्रदान किए जाने के बाद शनिवार को युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव ने अपनी नई प्रदेश कमेटी की सुची जारी किया जिसमें मधुबनी जिला के बेनीपट्टी परकौली (भदुली) निवासी ओम प्रकाश यादव को युवा राजद के प्रदेश कमेटी में पुनः प्रदेश सचिव बनाया गया हैं प्रदेश सचिव बनने पर ओम प्रकाश यादव ने खुशी जताते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय लालू प्रसाद यादव जी श्रीमती राबडी देवी जी और माननीय उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा पार्टी ने जो हम पर विश्वास जताया हैं हम उसपर खडे उतरने का पुरा प्रयास करेंगे आदरणीय लालू प्रसाद जी के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे, ओम प्रकाश यादव को प्रदेश सचिव बनने पर राष्ट्रीय जनता दल के नेता पुर्व विधायक रामाशीष यादव, उधोग मंत्री समीर कुमार महासेठ, राज्यसभा सांसद डॉक्टर फैयाज अहमद विधायक भरत भुषण मंडल जिला अध्यक्ष वीर बहादुर राय बेनीपट्टी प्रखंड अध्यक्ष रामबरन राम महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव गायत्री देवी सहित पार्टी के कार्यकर्ता व नेताओं ने बधाई व शुभकामनाएं दी।




### दुमका सांसद सुनील सोरेन ने वंदे भारत को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददात, जामताड़ा** । पटना हावड़ा वंदे भारत ट्रेन के जामताड़ा स्टेशन पर रुकने से जामताड़ा वाशियो में काफी हर्ष देखा गया।दुमका सांसद सुनील सोरेन ने रविवार को पटना -हावड़ा वन्दे भारत एक्सप्रेस को हरि झंडी दिखाकर जामताड़ा स्टेशन से हावड़ा के लिए रवाना किया। इस अवसर पर जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सरोकार, जागरूकता और मानवता की सेवा, इनरव्हील क्लब वाराणसी मित्रम का उद्देश्य : नूतन रंजन



**वाराणसी**। वाराणसी से है जहां रविंद्रपुरी के फिड़का होटल में शनिवार को इनर व्हील क्लब वाराणसी मित्रम द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डीसी निरीक्षण मंडलायुक्त सुषमा अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मंडलायुक्त द्वारा असहाय और गरीब बच्चों के बीच अनाज, कॉपी - किताब और शिक्षारत गरीब बच्ची को लैपटॉप का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि इनर व्हील क्लब का मुख्य उद्देश्य असहाय और गरीब की सेवा करना है। समाज में व्याप्त बुराइयों के प्रति लोगों को जागरूक करना है ताकि समाज में फैली भ्रांतियां दूर हो सकें और बेहतर समाज का निर्माण हो सके। इस दौरान इनर व्हील क्लब वाराणसी मित्रम की अध्यक्ष नूतन रंजन ने सभी आगंतुक अतिथिगणों का स्वागत करते हुए बताया कि इनर व्हील क्लब का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सरोकार, जागरूकता एवं मानवता की सेवा है। बताया कि आज के कार्यक्रम में चार प्रोजेक्ट अमल में लाए गए। प्रथम प्रोजेक्ट में जरूरतमंद को अनाज और राशन का वितरण किया गया, द्वितीय चरण में स्कूल जाने वाली बच्चियों को स्टेशनरी की पूरी सामग्री दी गई, तीसरे चरण में कुष्टाश्रम में 60 व्यक्तियों को वस्त्र दिए गए एवं चतुर्थ चरण में अध्ययनरत गरीब बच्ची को लैपटॉप दिया गया ताकि उसकी इच्छा शक्ति और आगे बढ़ने का कृत संकल्प जारी रहे। इस दौरान पीडीसी अंजली अग्रवाल, उप मंडलाध्यक्ष आशा अग्रवाल, कॉर्डिनेटर रेनू कैला, सरोज राय, आईएसओ श्वेता, एडिटर अमृता सहित क्लब की सभी सदस्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन उमा केशरी एवं धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष ममता तिवारी ने दिया। वहीं क्लब रिपोर्ट सचिव चंद्रा शर्मा ने पढ़ा।

# पीएम ने दी देश को 9 नई वंदे भारत ट्रेनों की सौगात, दिखाई हरी झंडी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

## देश में 11 राज्यों के धार्मिक और पर्यटन स्थलों को आपस में जोड़ने के हुए प्रयास



पीएम नरेंद्र मोदी ने आज देश को 9 नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात दी है। इन ट्रेनों को पीएम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गौरतलब है कि ये ट्रेनें 11 राज्यों के धार्मिक और पर्यटन स्थलों को आपस में जोड़ेंगी, जिनमें राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, पश्चिमी बंगाल, केरल, ओडिशा, झारखंड और गुजरात शामिल हैं। पीएम ने नई ट्रेनों के उद्घाटन कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि देश में आधुनिक कनेक्टिविटी के विस्तार का, यह अभूतपूर्व अवसर है। इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की यह स्पीड और स्केल 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं से बिलकुल मैच कर रही है। यही तो नए भारत के युवाओं, उद्यमियों, महिलाओं, कारोबारियों और नौकरी-पेशा से जुड़े लोगों की प्रेरणा है। आज एक साथ 9 वंदे भारत ट्रेन का शुरुआत होना इसी का उदाहरण है। अब तक देश के अलग-अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के लोगों को 25 वंदे भारत ट्रेनों की सुविधा मिल रही है। अब इसमें 9 और वंदे भारत जुड़ जाएंगी। पीएम ने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब वंदे भारत देश के हर हिस्से को कनेक्ट करेगी। इन ट्रेनों ने पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी ला दी है। इनसे पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। इससे वहां रोजगार के अवसर भी पैदा हो रहे हैं। आज देश के हर व्यक्ति को नए भारत की उपलब्धियों पर गर्व है। पीएम ने कहा कि चंद्रयान 3 की सफलता ने आम आदमी की उम्मीदें बढ़ा दी हैं। आदित्य एल1 के लॉन्च ने साबित कर दिया है कि दृढ़ संकल्प से सबसे चुनौतीपूर्ण लक्ष्य भी हासिल किया जा सकता है। देश में जी20 की सफलता ने लोगों को आश्वस्त किया है कि भारत के पास लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और विविधता की अपार शक्ति है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे 'विमेन लेड डेवलपमेंट' के विजन को दुनिया ने सराहा है। सरकार ने संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पेश किया, जिसे मंजूरी मिल चुकी है। आज कई रेलवे स्टेशनों का संचालन भी महिला कर्माचारियों के द्वारा की जा रही है। सरकार ने रेल बजट में अभूतपूर्व बढ़ोतरी की है। इस साल रेलवे का बजट साल 2014 में आवंटित बजट से आठ गुना ज्यादा है। वंदे भारत ट्रेनों की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि 1,11,00,000 से अधिक यात्री पहले ही इन ट्रेनों से यात्रा कर चुके हैं। आज देश में मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी पर जोर दिया जा रहा है। ये वंदे भारत ट्रेनें इसी भावना का एक प्रतिबिंब हैं। इन ट्रेनों में 25 बदलाव भी किए गए हैं। राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी और कासरगोड-तिरुवनंतपुरम मार्ग पर वर्तमान की सबसे तेज ट्रेन की तुलना में, वंदे भारत यात्रा के समय में लगभग 3 घंटे की कमी आएगी। इसी तरह, हैदराबाद-बेंगलुरु के मार्ग पर ढाई घंटे से अधिक जबकि तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई मार्ग पर सफर में 2 घंटे से अधिक समय बचेगा। वंदे भारत ट्रेन के जरिये रांची-हावड़ा, पटना-हावड़ा और जामनगर-अहमदाबाद के बीच यात्रा का समय इन गंतव्यों के बीच वर्तमान में उपलब्ध सबसे तेज ट्रेन की तुलना में लगभग 1 घंटे कम हो जाएगा। इसी तरह, वंदे भारत से उदयपुर-जयपुर के बीच यात्रा का समय करीब आधा घंटा कम हो जाएगा।

# जी20 विकास योगदान के लिए प्रतिबद्ध भारत : जयशंकर प्रसाद

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**



न्यूयॉर्क में संपन्न इंडिया-यूएन फॉर ग्लोबल साउथः डिलीवरिंग फॉर डेवलपमेंट कार्यक्रम में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जी20 की अध्यक्षता के महत्व को दर्शाते हुए कहा कि जब भी दक्षिण-दक्षिण सहयोग की बात आई है, नई दिल्ली ने ही पहल की है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अफ्रीकी संघ को स्थायी जी20 सदस्य के रूप में शामिल करने की सराहना करते हुए इसे शिखर सम्मेलन के महत्वपूर्ण परिणामों में से एक बताया। भारत के विदेश मंत्री ने कहा कि हालांकि हम इस साल के अंत तक जी20 के अध्यक्ष हैं,लेकिन उसके बाद भी हम भागीदार और सहयोगी के रुप में योगदान कर विकास संबंधी चुनौतियों का समाधान करने के प्रेरक बनेंगे। हम अपने अनुभवों और चुनौतियों को साझा करने की भावना रखते हैं। उन्होंने कहा कि अफ्रीकी संघ को जी20 का पूर्ण सदस्य बनाकर भारत ने जो संदेश देना चाहा है, वह न केवल समूह के भीतर बल्कि इसके बाहर भी गूंजेगा।

जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र कार्यक्रम में कहा कि राजदूत कंबोज ने जिस प्रकार उल्लेख किया कि हम आज दुनिया भर के लगभग 80 देशों में सक्रिय हैं और जब दक्षिण-दक्षिण सहयोग की बात आती है, तो हमने बातचीत को जारी रखने का पूरा प्रयास किया है। भू-राजनीतिक गणनाएं और प्रतिस्पर्धाएं आज कई देशों की मूलभूत आवश्यकताओं को प्रभावित कर रही हैं, जिनमें भोजन, उर्वरक और ऊर्जा तक उनकी सस्ती पहुंच भी शामिल है। जयशंकर ने कहा, कि हर गुजरते दिन के साथ, हमारे लिए यह स्पष्ट हो गया है कि आज भू-राजनीतिक गणना और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धाएं कई देशों की मूलभूत आवश्यकताओं को प्रभावित कर रही हैं, जिनमें भोजन, उर्वरक और ऊर्जा तक उनकी सस्ती पहुंच शामिल है। उन्होंने कहा, कि हमारे लिए यह सुनिश्चित करना एक विशेष जिम्मेदारी थी कि हमारे सभी जी20 सदस्यों के सहयोग से, ग्लोबल साउथ की तत्काल निराशाजनक जरूरतों पर जी20 को फिर से केंद्रित करने में सक्षम थे जो आठ प्रमुख परिणामों में परिलक्षित किया था।

## भाजपा कार्यकर्ता महाकुंभ

# 26 आईपीएस, 4 हजार जवान सुरक्षा में रहेंगे तैनात


**भोपाल**। भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर कल 25 सितंबर को भोपाल में भाजपा कार्यकर्ता महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं के इस महाकुंभ में पीएम नरेंद्र मोदी आएंगे और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देंगे। महाकुंभ में 10 लाख भाजपा कार्यकर्ताओं के जुटने का दावा किया जा रहा है। कार्यकर्ता महाकुंभ के मंच पर पीएम मोदी के अलावा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल, ज्योतिरादित्य सिंधिया और मंत्री गोपाल भार्गव, नरोत्तम मिश्रा, भूपेंद्र सिंह और विश्वास सारंग मौजूद रहेंगे। इस दौरान पीएम मोदी की सुरक्षा के मद्देनजर तीन लेयर में चप्पे चप्पे पर सुरक्षा कड़े इंतजाम किए गए हैं। 4 हजार पुलिस जवानों के साथ दो आईजी, पांच डीआईजी सहित 26 आईपीएस, 30 एडीएसपी और 70 डीएसपी स्तर के अधिकारी पीएम की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके अलावा ड्रोन से चौकसी की जाएगी। इस कार्यकर्ता महाकुंभ को अब तक का भाजपा का सबसे बड़ा आयोजन बताया जा रहा है। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल के अनुसार महाकुंभ में पहुंचने वाले कार्यकर्ताओं को भोजन, पानी और बैठने की किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए पार्टी की ओर से व्यापक इंतजामात किए गए हैं।

## NIA का बड़ा एक्शन 19 खालिस्तानी आतंकियों की लिस्ट की जारी

**नई दिल्ली** । खालिस्तानी चरमपंथियों को लेकर पनपे भारत-कनाडा विवाद के बीच एनआईए ने कार्रवाई तेज कर दी है। एनआईए ने भारत में प्रतिबंधित संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' के प्रमुख गुरुपतवंत सिंह पन्नू की पंजाब के अलग-अलग शहरों और जगहों पर स्थित संपत्तियों को जब्त कर लिया है और अन्य 19 भगोड़े खालिस्तानी आतंकियों के खिलाफ ऐसी ही कार्रवाई करने की तैयारी में है। इन भगोड़ों की लिस्ट तैयार हो गई है, जिसमें कुल 19 नाम शामिल हैं। अब सरकार इनके आर्थिक स्त्रोत को बंद करने पर काम कर रही है। इस लिस्ट में ऐसे कई लोग शामिल हैं जो विदेश में बैठकर भारत के खिलाफ साजिश रच रहे हैं। एनआईए सूत्रों के मुताबिक ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, दुबई, पाकिस्तान सहित दूसरे देशों में रह रहे भगोड़े खालिस्तानियों की भारत में तमाम संपत्तियां जब्त होंगी।

# ब्रिटेन में लगेगा सिगरेट पर प्रतिबंध, ऋषि सुनक बनाने वाले हैं कानून

**एजेंसी। लंदन**



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सिगरेट पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून बनाने वाले हैं। इस तरह से ब्रिटेन में भी अब न्यूजीलैंड की तरह धूम्रपान पर बैन लग सकता हैं। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऐसे कानूनों पर विचार कर रहे हैं जो अगली पीढ़ी को सिगरेट खरीदने से रोक सकेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सुनक न्यूजीलैंड में पिछले साल घोषित कानूनों की तरह धूम्रपान विरोधी उपायों को ब्रिटेन में भी लागू करने की योजना बना रहे हैं। गौरतलब है कि न्यूजीलैंड में 1 जनवरी, 2009 को या उसके बाद पैदा हुए किसी भी व्यक्ति को तंबाकू बेचने पर प्रतिबंध है। ब्रिटिश सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि हम अधिक लोगों को धूम्रपान छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं और 2030 तक धूम्रपान मुक्त होने की अपनी महत्वाकांक्षा को पूरा करना चाहते हैं, यही कारण है कि धूम्रपान की दरों को कम करने के लिए पहले ही कदम उठाए हैं। उन उपायों में गर्भवती महिलाओं को सिगरेट छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक वाउचर योजना शामिल है। ब्रिटेन ने मई में घोषणा की थी कि वह ई-सिगरेट पर रोक लगाते हुए उस खामी को बंद कर देगा जिसके तहत खुदरा विक्रेता बच्चों को वेप्स के मुफ्त नमूने दे सकते हैं। जुलाई में इंग्लैंड और वेल्स की परिषदों ने सरकार से पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों आधारों पर 2024 तक वेप्स की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया। वेप्स एक इ-सिगरेट है, यह बैटरी से चलने वाली एक डिवाइस है, जो एरोसोल बनाती है।

**बैठक** अधीक्षण अभियंता के साथ सुंदरपुर स्थित ओंकार भवन में हुआ आयोजन

# उद्यमियों के प्रतिष्ठानों को निर्वाध विद्युत आपूर्ति देना ही बिजली विभाग का मुख्य उद्देश्यः ए.पी. शुक्ला



**चंदौली**। रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के उद्यमियों की एक बैठक एसोसिएशन के अध्यक्ष देव भट्टाचार्य की अध्यक्षता में विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता एपी शुक्ला और अधीक्षण अभियंता ओमप्रकाश के साथ सुंदरपुर स्थित ओंकार भवन में हुआ। इस दौरान विद्युत मुख्य अभियंता एपी शुक्ला ने कहा कि उद्यमियों द्वारा जो यह कहा जा रहा था कि फेज-एक में ओवरलोड की वजह से उद्यमियों को नए कनेक्शन देने व उद्यमियों के लोड बढ़ाया जा रहा है ऐसी बात नही थी। उस समस्या का समाधान कर लिया गया है और समस्त फीडरों में लोड बराबर बाँट दिया गया है। जिससे अब फेज एक में नये विधुत कनेक्शन स्वीकृत करने और पुराने कनेक्शन के लोड को बढ़ाने में कोई अवरोध नही होगा। फेज एक के बाहर के उद्यमियों के सहूलियत हेतु अब एक नया विद्युत सब स्टेशन भी सरकारी जमीन पर बनाया जायेगा। जिससे बाहर के उद्यमियों को भी समस्याओं का सामना नही करना पड़ेगा। आगे कहा की फेज-2 के 10 एमबीए ट्रांसफार्मर के अतिरिक्त नया ट्रांसफार्मर की स्वीकृति व टेन्डर भी खुल चुका है। जो एक महीने के अन्दर फेज 2 में एक और 10 एमबीए का नया ट्रांसफार्मर लग जायेगा। जिससे उद्यमियों की समस्या का समाधान हो जाएगा। वही अध्यक्षता करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष देव भट्टाचार्य ने कहा कि उद्यमियों के प्रतिष्ठानों को सही मायने में बिजली की आपूर्ति हो इसके लिए यह बैठक की जा रही है। आगे बताया कि जिन उद्यमियों को नये विद्युत कनेक्शन व विद्युत भार फेज 2 में बढ़ाने है। वे अभी से आवेदन कर दे जिससे उनको लाइन बनाने आदि की प्रक्रिया में समय की बचत होगी। इस बैठक में उद्यमी करुण पाण्डेय ने 600 केवीए के लोड को त्वरित चालू करने की मांग उठाया। इसके अलावा अभिषेक बंसल ने 150 केवीए व राकेश जायसवाल ने 152 केवीए की त्वरित माँग किया। पड़ाव स्थित तमाम उद्यमियों ने बिजली की कटौती व ट्रिपिंग की समस्या को अविलंब दूर किए जाने की बात कही। आगे फेज-2 के उद्यमियों ने बिजली के तार को ऊपर करने की बात कही। ऐसा न होने पर बड़े वाहनों से हाई टेंशन तार के टकराने से भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना होने का खतरा का अंदेशा बताया। उद्यमियों द्वारा अवगत कराए गए सभी समस्याओं को दोनो विद्युत अधिकारियों ने सुनकर जल्द ही समाधान करने का आश्वासन दिया। उद्यमियों ने दिल खोलकर प्रबंध निदेशक शम्भू कुमार का तारीफ भी किया। इस दौरान उद्यमियों में मुख्य रूप से विनम्र अग्रवाल, सौरभ शाह, प्रेम प्रकाश कपूर, सतीश गुप्ता, शिवपूजन जायसवाल, अमित गुप्ता, ओमप्रकाश जायसवाल, परेश सिंह, सुमित लड्ढा, राम सागर, अभिषेक बंसल, राजदीप थापर, जसपाल सिंह, अरुण राय, अर्जुन सिंह , अनूप साहू, आशीष गुप्ता, सुनील यादव, अबरार अहमद, श्याम अग्रवाल, विनोद मथुरा सहित अन्य उद्यमी रहे। कार्यक्रम का संचालन चंद्रेस्वर जायसवाल ने किया।

## ख़ास ख़बर

### मिथक तोड़ बेटियां रच रहीं सफलता के नए आयाम



**पूर्णियां।** हमारी बेटियां बेटों से कम नहीं ऐसा इसलिए कह रहे क्योंकि पुरुषों के एकाधिकार वाले क्षेत्रों में न केवल बेटियों ने स्थान बनाया है बल्कि अपनी प्रतिभा से खुद को स्थापित किया । समाज को एक मेसेज है कि बेटियों को मौका दो तो वह कामयाबी की ऐसी इबारतें लिख देंगी कि हर किसी को उन पर नाज होगा। उक्त बातें डॉटर्स डे पर ई होम्स पैनोरमा के टेंपल से पूजा कर लौट रहे पैनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि जिंदगी बेटियों के बिना अधूरी मानी जाती है. कहते हैं बेटियां ही घर की रौनक होती हैं. आज उन्हीं बेटियों का दिन है. हर साल सितंबर के चौथे रविवार के दिन बेटी दिवस मनाया जाता है. इस चलते इस साल 24 सितंबर, रविवार के दिन राष्ट्रीय बेटी दिवस मनाया जा रहा है. इस दिन को मनाने का मकसद लोगों को भ्रूण हत्या, बाल विवाह, दहेज प्रथा और पढ़ाई की आवश्यकता पर प्रकाश डालना और इससे जागरूक कराना है. इधर पीहू की मम्मी सह वरीय समाजसेविका कविता मिश्रा ने कहा कि बेटी वह है जिसके बिना आने वाले कल का सपना देखना व्यर्थ है. दो कुल को रोशन करने वाली बेटियों के बारे में जितना बखान या गुणगान किया जाए कम है. यही कारण है कि, भारत समेत दुनियाभर के कई देशों में बेटी दिवस मनाया जाता है. हर साल सितंबर माह के चौथे रविवार को बेटी दिवस के रूप में मनाया जाता है। कविता मिश्रा एवम संजीव मिश्रा ने डॉटर्स डे पर सभी को अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी।

### एसएसबी के जवानों ने चलाया स्वच्छता अभियान, आम लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो. गुलाब)।** भारत सरकार के निर्देशानुसार 48 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर द्वारा 15 सितंबर से 30 सितंबर, 2023 तक मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत "स्वच्छता ही सेवा" थीम पर बाजार समिति परिसर एवं नजदीकी इलाके में साफ सफाई कार्यक्रम का आयोजन शसंतोष कुमार निमोरिया उप-कमांडेंट के नेतृत्व में किया गया । वाहिनी कमांडेंट श्री गोविंद सिंह भंडारी के निर्देशानुसार वाहिनी व अधीनस्थ सीमा चौकियों में पखवाड़े के दौरान विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया जा रहाहै। इस अभियान में जवानों के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने प्रतिभाग कर रहे है। इस अवसर पर वाहिनी कमांडेंट श्री गोविंद सिंह भंडारी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य स्थानीय लोगों में साफ सफाई के प्रति जागरुकता पैदा कर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के स्वच्छ भारत के सपनों को साकार करना है।

### आमगाछी, बिलसारी, चौरी ,गरहरा और उरलाहा गाँव में एस एस बी ने निकाला कलश यात्रा



**सिकटी/पलासी।** भारत सरकार, गृह मंत्रालय के तत्वाधान व श्री महेंद्र प्रताप कमांडेंट, 52वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया के निर्देशन में "आजादी का अमृत महोत्सव" विषय के अंतर्गत "मेरी माटी मेरा देश" आभियान के तहत अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे सीमान्त के प्रत्येक घर से चुटकी भर मिट्टी/चावल एकत्रित किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 24.09.2023 को सीमान्त के आमगाछी, बिलसारी, चौरी ,गरहरा और उरलाहा गाँव में कलश यात्रा निकाली गई और प्रत्येक घर से मिट्टी/चावल कलश में एकत्रित की गई। पिछले दिनों की तरह आज भी स्थानीय लोगों द्वारा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा सरकार द्वारा चलाये जा रहे "मेरी माटी मेरा देश" कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

### मध्य विद्यालय भरगामा में चोरी करने वाले चार चोर गिरफ्तार




**भरगामा।** मध्य विद्यालय भरगामा में हुई चोरी के मामले में भरगामा थाना ने कड़ी कार्रवाई की है। चोरों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया गया है। बताया गया है कि मध्य विद्यालय भरगामा के परिसर में हुई चोरी में विद्यालय के कंप्यूटर एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को चोरों ने चुराया था।इस मामले में भरगामा थाना ने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है और चोरी का सामान भी बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।विद्यालय प्रशासन और स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने चोरी के खिलाफ त्वरित कदम उठाया है और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।स्थानीय प्रशासन ने कहा हम जनता से अपील करते हैं कि वे सतर्क रहें और सुरक्षित वातावरण बनाने सहारा दें व प्रशासन की हमेशा मदद करे।पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है।

# संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों द्वारा शिक्षा विभाग में होगा पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन



**मधेपुरा।** निदेशक (उच्च शिक्षा), शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना के के पत्र के आलोक में सभी संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों द्वारा शिक्षा विभाग, नया सचिवालय, पटना में पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन (पीपीटी) दिया जाना है। कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव ने सभी संबंधित महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निदेशित किया है कि इस मामले को पूरी गंभीरता से लेते हुए पीपीटी को जिम्मेदारीपूर्वक तैयार किया जाए। जहां भी आवश्यकता हो विशेषज्ञों की मदद भी ली जा सकती है। उपकुलकचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि कुलपति के निदेशानुसार पीपीटी की तैयारियों की समीक्षा हेतु 25 सितंबर, 2023 (सोमवार) को अ. 03 बजे से डीएसडब्ल्यू डॉ. राजकुमार सिंह की अध्यक्षता में ऑनलाइन समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि बीएनएमयू के 14 संबद्ध महाविद्यालयों का पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन (पीपीटी) 26-30 सितंबर के बीच अ. 05 बजे से उच्च शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के सभागार में उच्च शिक्षा विभाग के नामित पदाधिकारियों के समक्ष सुनिश्चित है। इसके लिए उ. निदेशक दिवेश कुमार चौधरी, उ. निदेशक विभा कुमारी, निदेशक प्रो. रेखा कुमारी, सचिव वैद्यनाथ यादव, उ. निदेशक दीपक कुमार एवं विशेष सचिव सतीशचन्द्र झा के नाम निर्धारित हैं।

**26-30 सितंबर तक निर्धारित है पीपीटीः** उन्होंने बताया कि सबसे पहले 26 सितंबर को एकमात्र यूभीके कॉलेज, कडामा-मधेपुरा का पीपीटी होगा। तदुपरांत 27 सितंबर को 10 महाविद्यालयों का पीपीटी होना है। इनमें सीएम साइंस कॉलेज, मधेपुरा, आदर्श कॉलेज, घेलाड़-मधेपुरा, एसपीएम लॉ कॉलेज, मधेपुरा, के. बी. वीमेंस कॉलेज, मधेपुरा, मधेपुरा कॉलेज, मधेपुरा, डिग्री कॉलेज, सुपौल, लक्ष्मीनाथ कॉलेज, बनगांव-सहरसा, बीएस कॉलेज, सिमराहा-सहरसा, ए. एल. वाई. कॉलेज, त्रिवेणीगंज-सुपौल एवं एस. एन. एस. महिला कॉलेज, सुपौल के नाम शामिल हैं। इसके अलावा 29 सितंबर को के. एन. डिग्री कॉलेज, राघोपुर-सुपौल एवं आर. पी. एम. कॉलेज, तुनियाही-मधेपुरा और 30 सितंबर को एस. ए. के. एन. डी. कॉलेज, मधेपुरा का पीपीटी होना है।

**पीपीटी के बाद ही जारी होगा अनुदानः** उन्होंने बताया कि पीपीटी के लिए कई महत्वपूर्ण निदेश प्राप्त हुए हैं। तदनुसार एक ही तिथि का जीपीएस मैप कैमरा (सॉफ्टवेयर) से खींचे गए सभी वर्ग कक्षों में संचालित वर्ग-कक्ष का फोटो पीपीटी में लगाना है। यही महाविद्यालय में वास्तविक छात्रोपस्थिति का साक्ष्य होगा। पीपीटी में पिछले एक सप्ताह का तिथिवार एवं विषयवार छात्र/छात्रा की उपस्थिति दर्ज करनी है। पीपीटी के समय शासी निकाय/ ऐड-हॉक कमिटी के सभी सदस्य उपस्थित होंगे। पीपीटी के बाद ही विश्वविद्यालय द्वारा विभाग से सहमति प्राप्त कर संबद्ध महाविद्यालयों को अनुदान मुक्त किया जाएगा।

**दुबारा भेजा गया पत्रः** बताया कि कुलसचिव प्रो. (डॉ.) मिहिर कुमार ठाकुर ने गत 19 सितंबर को ही सभी संबंधित महाविद्यालयों को इससे संबंधित पत्र प्रेषित किया जा चुका है। पत्र में अनुरोध किया गया है कि तालिका मे निर्धारित कार्यक्रमानुसार निर्धारित तिथि को ससमय विभागीय प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के समक्ष शिक्षा विभाग के सभागार में पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन सुनिश्चित किया जाए। कुलपति के निदेशानुसार सभी संबंधित महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों को यह पत्र रविवार को दुबारा ई. मेल एवं वाट्सएप से भेजा गया है। इसके साथ ही सोमवार को निर्धारित ऑनलाइन बैठक की सूचना भी प्रेषित की गई है। इस बैठक में सभी संबंधित प्रधानाचार्यों को अपने तकनीकी विशेषज्ञों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

## सोशल मीडिया में छाया डॉटर्स- डे का क्रेज, माता-पिता ने बेटी की सेल्फी की अपलोड



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** सोशल मीडिया में रविवार को डॉटर्स डे की धूम रही। माता-पिता ने बेटी की सेल्फी फेसबुक, इंस्टाग्राम,ट्विटर पर अपलोड की। डॉटर्स डे की बधाई दी।फेसबुक, व्हाट्सएप पर लोगों ने डॉटर्स डे पर अपनी बेटी के साथ ली गई सेल्फी अपलोड की।डॉटर्स डे पर माता-पिता पुत्री को सरप्राइज गिफ्ट देकर बेटी को डॉटर्स डे विश किया। मधुबनी जिले के जयनगर प्रखंड के बेल्ही पश्चिमी पंचायत के वार्ड नंबर-3 के निवासी पप्पू कुमार पूर्वे ने पुत्री तान्या कुमारी के साथ सेल्फी ली और सोशल मीडिया में भावनात्मक संदेश के साथ फेसबुक पर अपलोड की। उन्होंने कहा कि बेटे भाग्य से मिलते हैं तो बेटियां सौभाग्य से मिलती हैं। जब से उनके घर में बेटी जन्म ली है।उनका व्यापार लगातार बढ़ता जा रहा है। वह मानते हैं कि सब कुछ बेटियों की वजह से हो रहा है। इसी तरह से जयनगर के पूजा पूर्वे,मीना देवी, उषा देवी, सूरज गुप्ता, सूर्यनाथ महासेठ, अमित राउत, मोहम्मद अली, मोहम्मद गुलाब,शिव कुमार, गुड्डु गुप्ता, ललित झा, भोगेन्द्र पूर्वे,मनीषा साह,अजय राय ने भी बेटी के साथ फोटो अपलोड की। रविवार को पूरा दिन लोग डॉटर्स- डे विश करते रहे बेटी के साथ लोगों ने सेल्फी ली और सोशल मीडिया में शेयर किया। सोशल मीडिया में बेटी को लेकर कविताएं, संदेश वायरल हो रहे है। बेटियों को घर की लक्ष्मी कहा जाता है। जिस घर में बेटियां होती हैं, जहां हमेशा खुशियां रहती हैं। घर में चहल-पहल बनाए रखने वाली बेटियों की हंसी से पूरा घर गूंजता रहता है। हालांकि, आज भी कई जगह बेटियों को बेटों से कम आंका जाता है। आज भी कुछ लोग ऐसे हैं, जो बेटी के जन्म पर खुश नहीं होते, क्योंकि उनका ऐसा मानना है कि बेटियां पराई होती हैं और बेटे वंश आगे बढ़ाने वाले होते हैं।

## ऊर्जावान कार्यकर्ता को दायित्व देने के लिए प्रदेश नेतृत्व को आभारः मंजर खान



**अररिया।** युवा राष्ट्रीय जनता दल बिहार प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव द्वारा जिला के ऊर्जावान कार्यकर्ता मोहम्मद बशीरुद्दीन को युवा राजद अररिया का जिला अध्यक्ष, विनोद ऋषिदेव को युवा राजद के प्रधान महासचिव के साथ-साथ अररिया से प्रदेश कमेटी में युवा राजद के प्रदेश सचिव रुपेश यादव तथा मोहम्मद राहिल को पुनः प्रदेश सचिव मनोनीत किए जाने पर राजद परिवार अररिया की ओर से वरीय कद्दावर राजद नेता जनाब मंजर खान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, युवा राजद प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है उन्होंने कहा की प्रदेश नेतृत्व ने जो निर्णय लिया है वह राजद को काफी मजबूत और धारदार संगठन बनाने वाली निर्णय है। इस निर्णय का पूरे अररिया राजद परिवार की ओर से धन्यवाद व्यक्त करते हैं साथ ही नव मनोनीत सभी पदाधिकारी को राजद परिवार अररिया की ओर से बहुत-बहुत बधाई । इधर बधाई देने वालों में राजद नेता अमित पूर्वे ,राजद नेता अविनाश आनंद, पूर्व विधायक अनिल यादव, प्रदेश सचिव सुरेश पासवान, प्रखंड राजद अध्यक्ष मोहम्मद नसीम,नगर अध्यक्ष फारबिसगंज बेलाल अली, बजरंग बिहारी, प्रखंड अध्यक्ष चंदन सिंह यादव, धनंजय यादव, सरोज सिंह, प्रदीप मंडल ,प्रोफेसर क्रांति कुवर, पूर्व प्रत्याशी अविनाश मंगलम, पूर्व प्रत्याशी डा.शत्रुघ्न मंडल, पिंकू यादव, रामनारायण विश्वास, सुधीर यादव, सुनील सिंह यादव, सरोज सिंह, कुलदीप यादव, इंदिरानंद सिंह यादव, सौरभ राणा, सरोज मेहता नौशाद अहमद,मोहम्मद रेहान, राजेश यदुवंशी, राजू यादव आदि दर्जनों राजद कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।

## दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में शानदार सफलता पर परिषद कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगा बांटी खुशियां



**अररिया।** रविवार 24 सितंबर को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई अररिया का एक आकस्मिक बैठक स्थानीय परिषद कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया. बैठक की अध्यक्षता परिषद के नगर मंत्री अंकित कुमार झा ने किया. बैठक में 23 सितंबर को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के घोषित परिणामों पर चर्चा की गई तथा उस चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शानदार सफलता पर परिषद कार्यकर्ताओं द्वारा एक दूसरे को गुलाल लगाकर तथा मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया.बैठक को संबोधित करते हुए परिषद की पूर्णिया विश्वविद्यालय प्रमुख प्रोफेसर एमपी सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही छात्र हित तथा समाज हित के लिए संघर्ष करते आया है. दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में एबीवीपी का शानदार जीत इसी संघर्ष का परिणाम है. इस जीत पर पूरे भारत के परिषद कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है. उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र संघ के चार पदों में तीन पदों पर एबीवीपी ने अपना परचम शानदार ढंग से लहराया है. अध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव पद पर एबीवीपी को शानदार जीत मिली है ." जो छात्र हित का बात करेगा वही छात्रों के दिल पर राज करेगा" . इस अवसर पर अंकित सिंहा, प्रिंस यादव, सौरभ कुमार, मनीष विश्वास, अंकित यादव, राजकुमार, अजय कुमार, आलोक कुमार, देवराज आदि उपस्थित थे।

### जिलाधिकारी के दिशा-निर्देश में शहर के निजी नर्सिंग होम संचालकों के साथ हुई समीक्षा बैठक



**पूर्णिया ।** संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देकर शिशु और मातृ मृत्यु दर को कम करना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का मुख्य उद्देश्य है। जिसको लेकर शहर के निजी होटल में जिलाधिकारी कुंदन कुमार के दिशा निर्देश में शहर के निजी नर्सिंग होम संचालकों के साथ समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने समीक्षा बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि शहरी क्षेत्र के निजी नर्सिंग होम संचालकों से संस्थागत प्रसव के संबंध में अनिवार्य रूप से अद्यतन जानकारी लेकर एचएमआईएस पोर्टल पर अपलोड करने की आवश्यकता है। क्योंकि वर्तमान में 70 से 75 प्रतिशत जिले के विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में संस्थागत प्रसव कराया जाता है। जबकि निजी नर्सिंग होम संचालकों के द्वारा इसकी जानकारी नहीं दी जाती थी लेकिन अब मिलनी शुरू हो गई है। समीक्षा बैठक के दौरान डीपीएम सोरेंद्र कुमार दास, डीसीएम संजय दिनकर, डीपीसी डॉ सुधांशु शेखर, एपिडेमियोलॉजिस्ट नीरज निराला, डीएमएनई आलोक कुमार, डीसीक्यूए डॉ अनिल कुमार शर्मा, यूनिसेफ के डॉ जगजीत सिंह, वाहिद अली, शिव शंकर आनंद, सिफार के धर्मेंद्र रस्तोगी, पीरामल स्वास्थ्य के डॉ सनोज यादव, सनत गुहा, शेख मोजिम, रमन सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद थे। सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने बताया कि विगत अप्रैल से अगस्त 2023 तक लगभग 60 निबंधित नर्सिंग होम के संचालकों ने 3450 संस्थागत प्रसव का डेटा एचएमआईएस पोर्टल पर अपलोड किया है। जिसमें नीलम नर्सिंग होम ने सर्वाधिक 347, रजा हॉस्पिटल ने 286, फातमा हॉस्पिटल ने 244, सद्भावना जेनरल हॉस्पिटल ने 214 जबकि हर्ष हॉस्पिटल ने 208 संस्थागत प्रसव कराकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एचएमआईएस पोर्टल पर डेटा को अपलोड किया है। उपरोक्त सभी पांचों संचालकों को क्षेत्रीय स्वास्थ्य अपर निदेशक डॉ विजय कुमार, सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी, राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से एसपीओ डॉ सरिता, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार सिन्हा, फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटीज ऑफ इंडिया (फॉगसी) की जिलाध्यक्ष डॉ विभा झा के द्वारा संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने कहा कि सरकार और स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य संस्थानों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित किया जाता है। अब इसके साथ ही शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी आगामी अक्तूबर महीने से 9 और 21 तारीख को मनाया जाएगा। शहर के सभी यूपीएचसी में ख्याति प्राप्त महिला रोग विशेषज्ञ डॉ विभा झा, डॉ आरती सिन्हा, डॉ अनुराधा सिन्हा, डॉ रानी मिन्हाज, डॉ शिपिका और अंजू कर्ण ने अपनी सेवा देने की सहमति दी है। उन्होंने शहरी क्षेत्रों के विभिन्न अस्पतालों में 9 और 21 तारीख को आवश्यकतानुसार सरकारी चिकित्सकों के सहयोग में अपनी सेवाएं देने की घोषणा की है।

### डॉ. जूली ज्योति के निर्देशन में विमेंस कॉलेज में मनाया गया एन एस एस का 54 वां स्थापना दिवस



**मधेपुरा।** विमेंस कॉलेज कौशल्या ग्राम वार्ड नंबर 2 मधेपुरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाइयों के द्वारा प्रधानाचार्य डॉक्टर जूली ज्योति के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना का 54 वां स्थापना दिवस का आयोजन दीप प्रज्वलित कर किया गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉक्टर जूली ज्योति ने कहा एन एस एस इकाईयां उस गतिविधियां का आयोजन करती है जो समुदाय और समाज के लिए अत्यंत जरूरी है ।समाज के कल्याण के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना 24 सितंबर 1969 में की गई थी उन्होंने कहा देश के निर्माण में युवाओं का बहुत बड़ा योगदान होता है आज हमारे देश में 65 फ़ीसदी जनसंख्या युवा है जिनके कंधों पर ही देश की जिम्मेदारियां है देश के निर्माण में युवाओं की भूमिका को बढ़ाने और देश के साथ जोड़ने का प्रयास महात्मा गांधी ने आजादी के पूर्व ही ही शुरू कर दिया था। आजादी के समय गांधी जी ने युवाओं को राष्ट्रीय सेवा से जोड़ने पर विशेष बल दिया उन्होंने कहा प्रत्येक राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को प्रतिवर्ष कम से कम 120 घंटे अर्थात दो वर्षों में 240 घंटे सेवा करना अनिवार्य होता है यह कार्य राष्ट्र सेवा योजना के स्वयंसेवी को गोद लिए गए गांव में या स्कूल या कॉलेज परिसर में किया जाता है मुख्य गतिविधियों वाले क्षेत्रों में शिक्षा और साक्षरता, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, पर्यावरण सुरक्षा, महिलाओं के स्थिति में सुधार, पोषण, स्वच्छता, सामाजिक सेवा कार्यक्रम,उत्पादन उन्मुख कार्यक्रम, आपदा राहत तथा पुनर्निर्माण से संबंधित कार्यक्रम, सामाजिक बुराइयों के खिलाफ अभियान, डिजिटल भारत, कौशल भारत, योग इत्यादि मैं जागरूकता पैदा करना एन एस एस स्वयंसेवियों का प्रमुख कार्य होता है और प्रत्येक स्वयंसेवी को 2 वर्षों के अवधि में एक बार विशेष शिविर में भाग लेना भी अनिवार्य होता है । कार्यक्रम की समाप्ति कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर रूपा कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन हुए किया मौके पर उपस्थित प्रोफेसर अनिल कुमार प्रोफेसर रविंद्र कुमार प्रोफेसर मंटू कुमार प्रोफेसर प्रवीण प्रोफेसर नीलू कुमारी कालिंदी कोमल पूनम कुमारी अन्नू कुमार राजदीप कुमार प्रिंस कुमार काजल कुमारी पायल कुमारी रानी कुमारी आदि उपस्थित थे।

परीक्षा | 17 हजार 784 नवसाक्षर महिलाएं बुनियादी परीक्षा में हुई शामिल

# विपरीत मौसम में भी बुनियादी साक्षरता परीक्षा देने केंद्र पर पहुंची महिलाएं



**अररिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा।** महादलित, दलित एवं अल्पसंख्यक अतिपिछड़ा वर्ग अक्षर आंचल योजना के तहत रविवार को जिले भर में नवसाक्षरों के लिए बुनियादी परीक्षा का आयोजन किया गया।इसके लिए जिले में 259 परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे।झमाझम बारिश के बाबजूद जिले भर में हजार नवसाक्षरों ने बुनियादी साक्षरता परीक्षा में शामिल हुई।परीक्षा में शामिल होने आई महिलाओं में उत्साह देखा गया। इस परीक्षा में 15 से 45 आयु वर्ग की नवसाक्षर महिलाएं शामिल हुई। कुल 17 हजार 784 नवसाक्षर महिलाएं परीक्षा में शामिल हुई।परीक्षा के लिए उन महिलाओं में भारी उत्साह था,जो पहले कभी नहीं पढ़ी थी और नव साक्षर बनकर यह परीक्षा देने आई। कई महिलाएं घर के चूल्हा चौकी को छोड़कर घुंघट डालकर परीक्षा देने पहुंची हुई थी।हालांकि मौसम की बेरुखी को लेकर नवसाक्षर महिलाओं में थोड़ी निराशा थी लेकिन परीक्षा देने को लेकर उमंग भी था।दरअसल यह परीक्षा नवसाक्षरों के पढ़ने, लिखने और गणित के कार्यात्मक ज्ञान के आकलन के लिए आयोजित की गई। जिन स्कूलों में परीक्षा हुई वहां के एचएम को केन्द्र प्रभारी बनाया गया था। परीक्षा के लिए साक्षरता डीपीओ लालिमा को नोडल पदाधिकारी बनाया गया था। जबकि जिला स्तर पर गठित मोनेटरिंग दल के सदस्य आवंटित प्रखंडो के परीक्षा केंद्रों पर अनुश्रवण करते दिखे।साक्षरता डीपीओ सह परीक्षा की नोडल पदाधिकारी लालिमा,स्थापना डीपीओ रवि रंजन, फारबिसगंज बीईओ सूर्यनारायण यादव, एसआरपी चन्दन कुमार लालू,केआरपी उर्मिला देवी,चन्दन कुमारी,प्रथम के डीआरजी कृष्ण कुमार के प्रखंड प्रभारी सभी बीईओ व बीआरजी लगातार परीक्षा केंद्रों का भ्रमण करते रहे। परीक्षा को लेकर जिला साक्षरता कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया था। कार्यालय प्रधान चंद्रशेखर झा व कार्यपालक सहायक निकिता कुमारी परीक्षा की अद्यतन जानकारी कलेक्ट कर निदेशालय को प्रेषित रही। परीक्षा दस बजे से चार बजे तक संचालित हुआ।

राज्य व केन्द्र सरकार आपसी समन्वय को स्थापित कर तत्काल पूर्णियां से उड़ान की तिथि निर्धारित करेंःसंजीव कुमार

# पूर्णियां एयरपोर्ट के लिए 2 अक्तूबर से जन सत्याग्रह आंदोलन की होगी शुरुआत




**पूर्णियां।** उड़ान योजना के तहत भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित पूर्णियां एयरपोर्ट से हवाई सफर पिछले 8 वर्षों से सिर्फ वादों पे अटके हुए अबतक विलंबित है। जिसके लिए मिथिला स्टूडेंट यूनियन पिछले 4 वर्षों से निरंतर मुहिम चला रही है और पोर्टो केबिन के तहत जल्द से जल्द हवाई सफर शुरू करने के लिए लगातार मांग कर रही है। इसी के निमित्त मिथिला स्टूडेंट यूनियन पूर्णियां इकाई द्वारा आगामी 02 अक्तूबर गांधी जयंती के दिन से पोर्टो केबिन के तहत जल्द से जल्द उड़ान शुरू करवाने को लेके जन सत्याग्रह आंदोलन सह अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल की शुरुआत करने जा रही है जिसमें पूर्णियां के तमाम सामाजिक संगठन के लोग, स्टूडेंट यूनियन के सेनानी, समाज के सभी प्रबुद्धजन, इस अभियान से प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रुप से जुड़े हुए सभी क्रांतिकारी साथी का समर्थन और सहयोग की आशा करती है। इसी सुनियोजित कार्यक्रम को देखते हुए आज पूर्णियां के श्री नायक होटल कैम्पस में एक सामुहिक बैठक का आयोजन रखा गया जिसमें पूर्णियां के तमाम सामाजिक संगठनों के लोग, अनेकों सामाजिक कार्यकर्ता व बुद्धिजीवी वर्ग शामिल हुए। यह जानकारी एम एस यू पूर्णियां इकाई के वर्तमान जिला अध्यक्ष श्री संजीव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा। आज के इस सामूहिक बैठक की अध्यक्षता एम एस यू के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री अविनाश कुमार मिश्र जी के अध्यक्षता में रखी गई थी। इस बैठक में उपस्थित लोगों का एक स्वर में ये कहना हुआ की पूर्णियां एयरपोर्ट का रनवे तैयार है इसलिए हमारी मांग है की पोर्टा कैबिन के तहत राज्य और केन्द्र सरकार आपसी समन्वय को स्थापित कर तत्काल पूर्णियां से उड़ान की तिथि निर्धारित करें और अगले 90 दिनों के भीतर पूर्णियां से उड़ान सुनिश्चित करें। आज के इस बैठक में पूर्णियां के अनेकानेक संगठन के नेतृत्वकर्ता उपस्थित हुए। इसके अलावे पूर्णियां के हरेक क्षेत्र से संबंधित लोग अपनी बातों को बारी—बारी से रखते हुए देखे गए, जिसमें उद्योगपति पंकज नायक, प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, डॉक्टर आलोक, सामाजिक कार्यकर्ता स्वाति वैश्वयंती, श्रीराम सेवासंघ के राणा प्रताप सिंह, जिला साइकिल एसोसिएशन के विजय शंकर, भानु यादव भारतीय AAP के, संतोष कु सिंह , कार्तिक चौधरी युवा जागृति मंच, अंकित झा, डॉक्टर ए के सिन्हा, अध्यक्ष आईएमए राम, सुधांशु समेत अनेकों प्रबुद्धजन शामिल हुए।

## ख़ास ख़बर

### दिवंगत नीलम देवी के श्रद्धांजलि समारोह में शामिल हुए समाजसेवी संजय मिश्रा



**अररिया** । अररिया आर एस स्थित व्यवसायी मनोज कुमार के चाची दिवंगत नीलम देवी के संपिंडन सह श्रद्धांजलि समारोह में शामिल हुए एसडीएम ग्रुप के संस्थापक सह समाजसेवी संजय मिश्रा । उन्होंने दिवंगत नीलम देवी के तेल चित्र पर पुष्प अर्पित कर दिव्यात्मा को नमन किया।मौके पर जिले के जाने माने वरीय अधिवक्ता अशोक पाण्डेय जी,संजय जी ,विजय जी ,अशोक मंडल मौजूद थे। पैनोरमा सीजन 6 में पूर्णियां ई होम्स में जलवा बिखेरने आ रहीं हैं "भाभी जी घर पर हैं"की मशहूर अभिनेत्री अंगूरी भाभी और उसकी टीम

### 29 नवम्बर की शाम को होगा रंगारंग कार्यक्रम, शिल्पा शिंदे का भी प्रोग्राम कन्फर्म




**पूर्णियां/डा. रूद्र किंकर**। पैनोरमा सीजन 6 में पूर्णियां ई होम्स में जलवा बिखेरने आ रहीं हैं "भाभी जी घर पर हैं"की मशहूर अभिनेत्री अंगूरी भाभी और उसकी टीम । इस आशय की जानकारी देते हुए पैनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा ने बताया की 29 नम्बर को अनुराधा पौडवाल के अलावा "भाभी जी घर पर हैं" की टीम का हास्य प्रदर्शन होगा। उन्होंने कहा कि शिल्पा शिंदे एक भारतीय टेलीविजन अभिनेत्री हैं। वैसे तो 1999 में शिल्पा ने टेलीविज़न में पदार्पण किया, लेकिन स्टार प्लस के धारावाहिक भाभी में एक नकारात्मक भूमिका निभाने के लिए सुर्खियों में आई। इसके बाद वे स्टार प्लस के दूसरे धारावाहिक "कभी आये ना जुदाई" में अभिनय किया। वो भी कार्यक्रम में शिरकत करने ई होम्स आ रही हैं।

### स्थापना दिवस मनाने के साथ ही जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**जितेंद्र कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, त्रिबेनीगंज, सुपौल**। जिले के त्रिबेनीगंज अनुमंडल अंतर्गत अनूपलाल यादव महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जयदेव प्रसाद यादव की अध्यक्षता में एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. विद्यानंद यादव द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर स्वयंसेवकों के बीच राष्ट्रीय भावना के प्रति जागरूकता के लिए एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को उजागर करने हेतु महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाने के साथ ही जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्राचार्य महोदय,उपप्राचार्य प्रोफेसर अशोक कुमार,कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर विद्यानंद यादव,प्रोफेसर शंभू यादव,डॉक्टर रंभा कुमारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।महाविद्यालय के प्राचार्य ने एनएसएस के स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बताये कि राष्ट्रीय सेवा योजना सभ्य समाज निर्माण की नींव है, जो हमारे राष्ट्र को उन्नत बनाने में अहम भूमिका निभाता है।कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर विद्यानंद यादव ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक 24 घंटे-"मैं नही बल्कि आप"- की सेवा भावना से तत्पर रहते हैं। चाहे तूफान हो या बाढ़, भूकंप हो या सुखाड़, सभी आपातकालीन स्थिति में, विकट स्थिति से निपटने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक गण उप प्राचार्य प्रोफेसर अशोक कुमार, प्रोफेसर अरुण कुमार, डॉ. रंभा कुमारी प्रोफेसर सुरेंद्र प्रसाद यादव,तृतीय इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर शंभू यादव, द्वितीय इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफ़ेसर कुमारी पूनम तथा अन्य एवं शिक्षकेतर कर्मचारी गण मृत्युंजय कुमार सुरेंद्र कुमार भूषण कुमार गगन कुमार, दिग्दर्शन, दिलीप दिवाकर, रंजन कुमार, भुवनेश्वर मेहता, मनोज कुमार ललन कुमार , प्रभात कुमार तथा अन्य एवं एनएसएस के पूर्व स्वयं सेविका सोनाली कुमारी सिंह, मेघा राई,तथा अन्य उपस्थित थे।

# आफत की बारिश से निर्मली शहर में बाढ़ जैसे हालात

**डॉ0 बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल**। जिले के निर्मली नगर में बीते कई दिनों से हो रहे मूसलाधार बारिश के कारण थाना परिसर सहित थानाध्यक्ष कक्ष, सिरिस्ता एवं हाजत में पानी घुस गया है। जिससे थाना परिसर सहित अन्य कक्ष झील में तब्दील हो गई है। इस कारण दिनभर थाना कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा। आफत की बारिश से शहर का बुरा हाल कर दिया है। थाना परिसर सहित आवासीय परिसर में पानी का जमावड़ा लगा हुआ है। थाना कर्मचारी व पुलिस बल के आवासीय कमरा में भी घुटने भर पानी लगा हुआ है। यही हालात प्रखण्ड मुख्यालय कार्यालय परिसर, टीसीपी भवन , युवा कौशल भवन, निबंधन कार्यालय, कोसी प्रजेक्ट, निरीक्षण भवन आदि जगह पर जलजमाव से कामकाज बाधित हैं। आफत की बारिश ने शहर के विभिन्न सड़क मार्गों को भी झील में तब्दील कर दिया है। नगर के मुख्य सड़क मार्ग सहित अन्य सड़क मार्गों में घुटने भर पानी लगा हुआ है। इसके अलावे कई कॉलोनीयों में भी पानी ही पानी नजर आ रही है। बताया जाता है कि कई वार्डों में बारिश के पानी ने लोगों का जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। कई परिवार के घरों में बरसात की पानी घुस जाने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर जलनिकासी की समस्या को लेकर पूछने पर कार्यपालक पदाधिकारी शशिकांत कुमार ने कहा कि नगर में जलनिकासी की समस्या गंभीर समस्या बन गयी है। जलनिकासी हेतु लगातार दमकल से पानी को बाहर निकाला जा रहा है।







# युवा नेता अनुपम के नेतृत्व में 2 अक्टूबर को सुपौल गाँधी मैदान में होगा महापंचायत

**नजीर आलम/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल**। जिले के नगर परिषद अंतर्गत बेपार मंडल में कोसी क्षेत्र में आजकल एक नए जनांदोलन की चर्चा तेज हो गई है। राष्ट्रीय युवा नेता अनुपम के नेतृत्व में 2 अक्टूबर को सुपौल के गाँधी मैदान में कोसी महापंचायत होने जा रहा है। यह महापंचायत बढ़ता नशा, बेरोजगारी, बदतर शिक्षा स्वास्थ्य, भूमि विवाद और बाढ़ आपदा के पाँच अभिशापों को मिटाने के लिए है। उक्त जानकारी 'युवा हल्ला बोल' के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुपम ने सुपौल में प्रेस को संबोधित करते हुए कहा। अनुपम ने कहा कि समाज को बचाने और बच्चों का बेहतर भविष्य बनाने के लिए कोसी क्षेत्र में एक जनांदोलन की ज़रूरत है। सुपौल के ऐतिहासिक गाँधी मैदान में 2 अक्टूबर को होने जा रहे महापंचायत में इसी आंदोलन की नींव रखी जायेगी। अनुपम ने आगे कहा कि इस मुद्दे को लेकर आम लोग बहुत भावनात्मक जुड़ाव महसूस कर रहे हैं। यह महापंचायत हमारे बच्चों के भविष्य से सीधा जुड़ा हुआ है। अगर हमें अपने बच्चे के भविष्य की चिंता है तो इस महापंचायत को सफल बनाना होगा। आज हमारे घरों के छोटे बच्चे तरह तरह के नशे का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस नशे की वजह से समाज में अपराध बढ़ता जा रहा है। शिक्षा स्वास्थ्य की स्थिति क्या हो गया है ये कहने की भी जरूरत नहीं है। सामान्य से सामान्य बीमारी के लिए या तो प्राइवेट अस्पताल में लाखों खर्च करना पड़ता है या पटना दिल्ली जाना पड़ता है। लोग पीएमसीएच और एम्स के सामने चटाई बिछा कर सोने को मजबूर है। बेरोजगारी की ऐसी स्थिति है कि देश के सभी लेबर चौक पर कोसी के लोग खड़े मिलते हैं। आखिर जब मजदूरी ही करनी है तो घर परिवार से इतना दूर क्यों जाना है। हमें देश का लेबर सप्लायर जोन क्यों बनाया जा रहा है। आखिर ये स्थिति क्यों बनी कि बिहार को खासकर हम कोसी के लोगों को प्रतिष्ठा से नहीं बल्कि हेय दृष्टिकोण से देखा जाता है। अनुपम ने पूछा कि आखिर कब यक हम ये सब सहते रहेंगे? वहीं'युवा हल्ला बोल' के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुपम




की देशभर के युवाओं में एक मजबूत पहचान हैं। पढ़ाई, कमाई, दवाई का नारा देने वाले अनुपम ने बेरोज़गारी के गंभीर संकट को राष्ट्रीय बहस का हिस्सा बनाया है। युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए निडरता से संघर्ष करते हुए कई केस मुकदमे झेला है और तिहाड़ जेल तक गए हैं। पिछले कुछ महीनों से अनुपम कोसी क्षेत्र की समस्याओं को लेकर आम जनता से लगातार संवाद कर रहे हैं। कोसी में कई समस्याएं हैं लेकिन बढ़ता नशा, भीषण बेरोजगारी, बदतर शिक्षा स्वास्थ्य, भूमि विवाद और बाढ़ की आपदा यहाँ के पंच-अभिशाप हैं। इन पाँचों के जड़ में है भयानक भ्रष्टाचार और इसका दुखद नतीजा है बेतहाशा पलायन। अगर कोसी के 'पंच-अभिशाप' को मिटाना चाहते हैं और नए कोसी का निर्माण करना चाहते हैं तो एक व्यापक जनांदोलन खड़ा करना होगा।वही अनुपम ने कहा कि कभी ज्ञान की धरती रही कोसी क्षेत्र की पहचान आज गरीबी, पलायन, भ्रष्टाचार से हो गई है। कोसी के जिन युवाओं में राष्ट्रनिर्माण की क्षमता और योग्यता है वह आज नशे के अंधकार में डूबता जा रहा है। जो युवा अपनी मेहनत और कौशल के दम पर उद्योग खड़ा करने की क्षमता रखता है वो आज दिल्ली पंजाब में मजदूरी करने को मजबूर है। अपार संभावनाओं से भरे इस क्षेत्र में किसी चीज की कमी नहीं है लेकिन दुर्भाग्यवश आज तक कोसी के लोगों को यहाँ के नेताओं द्वारा बस दो हो चीज मिला है वादा और धोखा। जो भी आया है बस कोसी को छला ही है। नेताओं ने कभी जाति के नाम पर कभी धर्म के नाम पर कभी पार्टी के नाम पर तो कभी क्षेत्र के नाम पर बस भाई को भाई से लड़ाया है। सबको किसी न किसी लड़ाई में उलझा कर खुद मलाई खाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि हम में से हर एक व्यक्ति को इस आंदोलन में अपनी भूमिका तय कर लेना चाहिए। 2 अक्टूबर को होने जा रहे कोसी महापंचायत की तैयारी के लिए देशभर से अनुपम की टीम सुपौल पहुँच रही है। इसमें 'युवा हल्ला बोल' आंदोलन के कई अहम पदाधिकारीगण भी हैं। पूरे क्षेत्र में महापंचायत को लेकर सकारात्मक माहौल बना हुआ है और हर ओर अनुपम चर्चा का विषय बने हुए हैं। 2 अक्टूबर को गाँधी मैदान पहुँचने को लेकर आम लोगों में भी भारी उत्साह है।

### 'चंद्रयान, जी-20 की सफलता से खुशी दोगुना', मन की बात में बोले पीएम मोदीः रंजीत यादव



**अररिया**। प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र भाई मोदी जी ने रविवार 24 सितंबर को सुबह 11 बजे देशवासियों को 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए संबोधित किया। पीएम नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम का ये 105वां एपिसोड है। पीएम मोदी ने कहा कि, 'इन दिनों मुझे 2 विषयों पर बहुत पत्र मिले हैं- पहला चद्रंयान-3 की सफल लैंडिंग और दूसरा दिल्ली में G20 का सफल आयोजन।' उक्त बात अपने फर्म हाऊस अररिया में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पीएम मोदी की मन की बात सुनकर पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा के कद्दावर नेता सह युवा दिलों के धड़कन भाई रंजीत यादव ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में उन्होंने महिला चांद पर चंद्रयान-3 की लैंडिंग से लेकर जी20 के सफल आयोजन तक पर बात की. आज 'मन की बात' कार्यक्रम का 105वां एपिसोड रहा. जी20 की आपार सफलता के बाद ये पहला मन की बात कार्यक्रम है. इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने बताया कि किस तरह उन्हें देश के कोने-कोने से संदेश मिल रहे हैं। इस मौक़े पर सीमांचल के भाजपा परिवार में चाणक्य के नाम से मशहूर प्रेम कुमार मिश्रा भी मौजूद थे।

### जरौली ढाला के पास चाचरी पुल डूबा, आवागमन बाधित



**डॉ0 विनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल**। जिले के निर्मली प्रखंड अंतर्गत खड़ग नदी के जलस्तर में वृद्धि होने के बाद नगर की उतरी रिंग बांध से सटे जरौली ढाला के पास बने चचरी पुल पानी में डूब गया। जिससे एक बार फिर दो दर्जन से अधिक गांव के लोगों का प्रखंड मुख्यालय से सड़क संपर्क भंग हो गया है। बता दे की बीते 15 दिन पूर्व ध्वस्त डायवर्सन की मरम्मत नहीं कराए जाने से आक्रोशित लोगों ने तत्काल आवाजाही को लेकर अपने श्रमदान से चचरी पुल का निर्माण कराया था। हालांकि बीते कई दिनों से हो रहे मूसलाधार बारिश के कारण खड़ग एवं तिलयुगा नदी के जलस्तर में बेतहाशा वृद्धि हुई है। जिससे चचरी पुल पानी में डूब गया। अब लोगों को फिर तकरीबन 10 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय कर प्रखंड मुख्यालय जाना पर रहा है। ग्रामीण विजय कामत, युक्ति कामत, फोचाय कामत, अनिल कुमार, अमलेश कुमार, श्रवण मंडल, बाबाजी मंडल, शंकर पंडित, मो.खुर्शीद, मो.शमशाद, मो.कलामुद्दीन आदि ने बताया कि निर्माणधीन पुल के पास दो बार डायवर्सन ध्वस्त होने के बावजूद डायवर्सन की मरम्मत नहीं कराई जाना। कही न कही बड़ी लापरवाही का संकेत दे रहा है। बताया कि तत्काल लोगों की आवाजाही के लिए रविवार की सुबह से निजी स्तर से छोटा नाव चलाया जा रहा है। जो की खतरे से खाली नहीं है। छोटे से नाव में 7 से 8 आदमी को बैठाकर नदी पार करवाया जाता है। इसके बदले एक आदमी का 10 से 20 रुपया भारा लिया जा रहा है। लोगों का कहना है कि इस परिस्थिति में अगर किसी तरह की कोई दुर्घटना होती है तो इसके जिम्मेदार कौन होंगे। लोगो के मन में यह बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है।

परेशानी — कॉलेज परिसर, यह कोई मत्स्य पालन हेतु मत्स्य पालन महाविद्यालय ज्यादा दिखता है

# हरिहर प्रसाद शाह महाविद्यालय में बरसात के पानी लगने से छात्र एवं छात्राओं को होती परेशानी

**डॉ0 बिनीत शेखर/ दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल**। जिले में निर्मली नगर के पश्चिम अवस्थित हरिप्रसाद शाह महाविद्यालय निर्मली प्रांगण में बरसात का पानी लग जाने के कारण कॉलेज जाने में छात्र-छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है बतला दें कि कॉलेज परिसर का दृश्य देखने पर प्रतीत होता है कि यह कोई मत्स्य पालन हेतु मत्स्य पालन महाविद्यालय ज्यादा दिखता है छात्र रंजीत कुमार,रोशन कुमार,धर्मदेव कुमार ने बतलाया कि कई दशकों से कॉलेज परिसर का यह मैदान बरसात के दिनों में जल जमाव का शिकार हो जाता रहा है।मधेपुरा विश्वविद्यालय के कुलपति को जिसकी शिकायत लगभग हर वर्ष की जाती है। जिसके परिणाम स्वरूप इस वर्ष कॉलेज परिसर के चारों तरफ पक्की सड़क का निर्माण




विधायक फंड से करवाया तो गया है लेकिन वह भी बरसात के पानी में पूर्णतः डूब चुकी है। हरिप्रसाद शाह महाविद्यालय निर्मली के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ उमाशंकर चौधरी से पूछे जाने पर उन्होंने बतलाया कि बरसात का पानी कॉलेज मैदान में कॉलेज के चारों तरफ बने ऊंचे भवन के कारण कॉलेज के मैदान में पानी एकत्रित हो जाता है जिसके निकासी हेतु विभिन्न जगह पत्राचार भी किया गया है।वहीं नगर पंचायत निर्मली को भी कई दफे कॉलेज परिसर से पानी निकासी की व्यवस्था हेतु पत्राचार भी किया गया।बावजूद आज तक कॉलेज परिसर से पानी निकासी हेतु कोई भी काम नहीं किया गया। वहीं 41 निर्मली विधानसभा क्षेत्र के विधायक माननीय श्री अनिरुद्ध प्रसाद यादव जी के समक्ष कॉलेज की यह समस्या रखी गई।इसके निदान हेतु उन्होंने आश्वासन भी दिया और कॉलेज के चारों तरफ नाला व सड़क निर्माण के लिए प्रस्ताव पर अपनी मोहर भी लगा दी है। वही अभी बरसात के कारण कॉलेज परिसर में चारों तरफ पानी का साम्राज्य स्थापित है जबकि कल से बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के द्वारा निर्मली महाविद्यालय निर्मली में कक्षा 12वीं का परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

# एन एच-106 तालाब में तब्दील

**अभिषेक आनन्द /दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर ,सुपौल** । जिले में वीरपुर अनुमंडल के बसंतपुर प्रखंड के भगवानपुर पंचायत अंतर्गत समदा चौक में करीब 50 फीट में nh106 बारिश होने सेनदी में तब्दील हुआ । विभाग लापरवाह जबसे nh106 बना है समदा चौक के पास करीब 50 फीट में थोड़ा ही बारिश से nh106 नदी में तब्दील हो जाता है। दो वर्ष पूर्व 2021 में बारिश के चलते nh106 जलमग्न हो गया था। जिसके कारण स्थानीय ग्रामीणों ने nh106 को जाम कर दिया था क्योंकि आते जाते साइकिल सवार एवं मोटरसाइकिल सवार उस पानी में गिर जाता था। इसी को देखते हुए वीरपुर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार सत्येंद्र यादव के द्वारा बसंतपुर प्रखंड के सीईओ विद्यानंद झा को भेजा गया था। विद्यानंद झा ने पानी की समस्या नहीं देखकर ग्रामीणों पर ही बरस गए थे उसके बाद nh106 के विभागीय को सूचना दिया गया विभागीय ने तत्काल पानी की निकासी कर दिया गया था ।2022 में भी वही स्थिति जस का तस बना था फिर nh106 का वही स्थिति है। एनएच 106 नदी में तब्दील हो गया। विभाग को इस समस्या से कोई लेना देना नहीं है। सरकारी पद पर जाते ही अपने पद का दुरुपयोग करना अधिकारी लोग हमेशा करते रहता है क्योंकि रुपया खर्च तो आम पब्लिक का होता है चाहे रोड बनाने में या किसी कार्य में खर्च हो रहा है । एक तरफ तो सरकार वादे पर वादे करती है लेकिन सर जमीन पर कोई कार्य सही ढंग से या सही तरीके से नहीं हो पाती है। इस बाबत वीरपुर अनुमंडल पदाधिकारी को कई बार फोन के माध्यम से इसकी शिकायत स्थानीय लोगों के द्वारा किया गया लेकिन इस पर कोई पहल नहीं किया जा रहा है।



## ख़ास ख़बर

### 28 सितंबर को मनायी जायेगी अनंत चतुर्दशी

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ(रोहतास)।** हर वर्ष भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को अनंत चतुर्दशी मनाई जाती है। इस वर्ष 28 सितंबर को अनंत चतुर्दशी का पर्व मनाया जाएगा। यह दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित होता है। अतः इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा उपासना की जाती है। साथ ही पूजा होने तक व्रत उपवास भी रखा जाता है। वहीं पूजा के समय भगवान विष्णु को अनंत रक्षा सूत्र अर्पित किया जाता है। पंडित मंनोरंजन तिवारी ने बताया कि धार्मिक मान्यता है कि अनंत चतुर्दशी तिथि पर भगवान विष्णु की पूजा कर रक्षा सूत्र बांधने से व्यक्ति के सभी बिगड़े काम बनने लगते हैं। साथ ही सभी प्रकार के शारीरिक और मानसिक परेशानियों से मुक्ति मिलती है। भाद्रपद माह की चतुर्दशी तिथि 27 सितंबर को देर रात 10 बजकर 18 मिनट से शुरू होकर अगले दिन यानी 28 सितंबर को संध्याकाल 06 बजकर 49 मिनट पर समाप्त होगी । अतः 28 सितंबर को अनंत चतुर्दशी मनाई जाएगी । वहीं अनंत पूजा का शुभ मुहूर्त प्रातः काल 06 बजकर 12 मिनट से लेकर संध्याकाल 06 बजकर 49 मिनट तक है । इस दौरान साधक भगवान नारायण की पूजा-उपासना कर सकते हैं । साथ ही पूजा कर रक्षा सूत्र बांध सकते है ।

### नल जल योजना में एक को गिरफ्तार कर भेजा गया

**दैनिक शुभ भाष्कर संवाददाता, नोखा/रोहतास।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव से पुलिस ने नल जल योजना में गड़बड़ी करने पर गबन के मामले में एक को गिरफ्तार का जेल भेज दिया ।इसकी पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि नोखा थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव में नल जल योजना में गबन के मामले में एक गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति हरिहरपुर गांव निवासी परमानंद सिह को कांड सख्या 64/ 22 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### प्रोमोशन पाने वाले पुलिस अफसरों के कंधो पर एसपी प्रमोद कुमार ने लगाया स्टार

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा। भोजपुर।** भोजपुर में तैनात 176 पुलिस अफसरों को इंस्पेक्टर, दारोगा और एएसआई में प्रमोशन मिला है। उनमें 35 दारोगा को इंस्पेक्टर और 76 एएसआई को दारोगा में प्रमोशन हुआ है। 65 जवानों का भी एएसआई में प्रोन्नति हुई है। नवप्रोन्नत्त अफसरों के लिए शुक्रवार को पुलिस केंद्र में पीपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। उसमें एसपी प्रमोद कुमार सहित अन्य अधिकारियों द्वारा सभी अफसरों को बेहतर और पार्दर्शी पुलिसिंग का पाठ पढ़ाया गया।आयोजित कार्यक्रम में एसपी ने प्रमोशन पाने वाले पुलिस अधिकारियों के कंधे पर स्टार लगाकर उन्हें बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रमोशन मिलने के बाद सभी पुलिसकर्मियों की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई है। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि पदोन्नति पाने वाले सभी पुलिसकर्मी और अधिक निष्ठा व कर्तव्यों को पालन करेंगे। विधि व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, पुलिस के नए दायित्वों के निर्वहन, अनुसंधान नियंत्रण एवं यातायात संचालन हेतु कार्यहित में उच्चतर पद के लिए कार्यकारी व्यवस्था के अंतर्गत आम लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा।बता दें कि जिले में पदस्थापित 35 दारोगा को इंस्पेक्टर बनाया गया है। उनमें 13 थानाध्यक्ष भी शामिल हैं। उसके अलावे 76 सहायक पुलिस अवर निरीक्षक को दारोगा के रूप में पदोन्नति दी गई है। पीटीसी ट्रेनिंग प्राप्त 65 जवानों को भी एएसआई में पदोन्नति दी गई है।

### शाहपुर जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे भोजपुर डीएम, एसपी सहित अन्य अफसर

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा। भोजपुर।** शाहपुर प्रखंड अंतर्गत सरना पंचायत में जनसंवाद कार्यक्रम में डीएम एवं एसपी सहित अन्य अफसर पहुंचे और जनता की आस जनसंवाद कार्यक्रम में जनता की समस्याओं का ऑन द स्पॉट निराकरण किया और सरकार के नवीन योजनाओं के बारे में जानकारी दिया । बिहार सरकार द्वारा संचालित नवीन जनसंवाद कार्यक्रम के अंतर्गत भोजपुर पुलिस अधीक्षक श्री प्रमोद कुमार यादव के द्वारा शाहपुर थाना के सरना पंचायत धनराजो कुंवर निजी उच्च विद्यालय में प्रतिभाग किया तथा लोगों की समस्या को सुनने के साथ बिहार पुलिस तथा भोजपुर पुलिस के द्वारा अपराध नियंत्रण के साथ लोगों के करीब पुलिस को ले जाने के लिए संचालित कई अभियान और कदमों की जानकारी दी । जनसुनवाई कार्यवाही में सरना पंचायत के मुखिया बीरबल सिंह, बीडीओ राकेश कुमार और बीईओ गुलाम सरवर ,प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी राजेश कुमार, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी शशिभूषण सिंह के अलावा सीओ श्रेया मिश्रा, नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी रजनीश कुमार सहित अन्य अफसर जनता की आस जनसंवाद कार्यक्रम में सक्रिय दिखे। बता दें की डीएम का प्रस्तावित दूसरा कार्यक्रम झौंवा बेलवनिया के पंचायत सरकार भवन में 27 सितंबर बुधवार को होगा।

### सेविका की बैठक की गई

**शुभ भाष्कर, नोखा (रोहतास)।** नगर परिषद नोखा के महावीर मंदिर धर्मशाला में आंगनबाड़ी सेविका की एक बैठक रविवार को की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रखंड अध्यक्ष रुक्मिणी देवी ने बताया कि 4 अक्टूबर को दिल्ली में विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जहां पर की सभी सेविका को दिल्ली जाने पर विचार विमर्श किया गया ।रुक्मिणी देवी ने बताया कि दिल्ली जाने को लेकर के 3 ,4 और पांच अक्टूबर को सभी केंद्र बंद रखा जाएगा और दिल्ली के लिए कूच किया जाएगा।जिसमे की आंगनवाड़ी सेविका की सरकारी कर्मचारी घोषित करने, सर्वोच्च न्यायालय के आदेश अनुसार ग्रेच्युटी लागू करने, आंगनबाड़ी स्कूलों को नर्सरी स्कूल का दर्जा देने। सहित कई मांगों को लेकर के दिल्ली कूच किया जाएगा। इस बैठक में ममता देवी ,फूला देवी, मंजू सिंह ,सरोज कुमारी, पुनीता देवी सहित कई सेविका सहाय का उपस्थित रहे।

# सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर निजी मकान बनाने के खिलाफ आदेश पारित





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)।** प्रखण्ड के मंगरावं पंचायत के मंगरावं गांव में पंचायत के मुखिया वकील कुमार के द्वारा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर निजी मकान बनाने और निजी भूमि पर बिना स्वामी की अनुमति के नाला निर्माण किये जाने के खिलाफ डीएम ने आदेश पारित किया है। इसके तहत डीएम ने सीओ को निर्देश दिया है कि नासरीगंज अंचल अंतर्गत मौजा मंगरावं, थाना नं. 59, खाता सं. 948, प्लॉट नं. 1969, रकबा 04 डिसमिल अनावाद सर्वसाधारण भूमि पर निर्मित अवैध निजी मकान भवन को ध्वस्त किया जाए। इसके साथ ही उक्त गांव में आरसीडी द्वारा निर्मित सड़क के किनारे निजी भूमि पर बनाए गये नाले को तोड़ने का भी निर्देश डीएम ने दिया है। उक्त नाले का निर्माण वर्ष 2022/23 में उक्त पंचायत के सरपंच एवं शिकायतकर्ता मोती लाल साह की निजी भूमि पर किया गया है। जिसके लिए भूस्वामी से कोई अनुमति नहीं ली गई थी। उक्त दोनों आदेश शिकायतकर्ता सरपंच मोतीलाल साह के द्वारा अपर समाहर्ता (लो.शि.नि.) सह प्रथम अपीलीय प्राधिकार में दायर परिवाद के आलोक में पारित किये गये हैं। गौरतलब है कि जिस भूमि पर निजी मकान बनाया गया उक्त भूमि पर सीओ द्वारा सामुदायिक भवन बनाने हेतु अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी किया गया था। लेकिन मुखिया के द्वारा इस पर अवैध निर्माण करा दिया गया। प्राधिकार द्वारा विभिन्न स्रोतों से जांच कराने के बाद दोनों निर्माण को अवैध एवं अतिक्रमित घोषित कर दिया गया। सरपंच एवं शिकायतकर्ता मोतीलाल साह ने उक्त निर्णय के लिए प्राधिकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे निर्णयों से न्यायालय के प्रति लोगों की आस्था बढ़ती है। वहीं पंचायत के पूर्व मुखिया रंजन उपाध्याय ने न्यायसंगत फैसले का स्वागत किया है।

## पीएम के मन की बात का लोगो सुना लाइव प्रसारण



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ (रोहतास)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा शुरू किए गए मन की बात को रविवार प्रखंड के विभिन्न क्षेत्र में लोगों ने सामूहिक रूप से टेलीविजन पर देखा और सुना। प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों, विशेषकर भाजपा कार्यालय पर पीएम के मन की बात को लोगों ने कार्यकर्ताओं के संग सुना। दावथ प्रखंड में बूथ संख्या एक सौ निन्यानवे ,वार्ड नंबर आठ में पूर्व भाजपा महामंत्री सनोज लाल एवं पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में लोगों ने मन की बात सुनी। इस बार के मन की बात की शुरुआत प्रधानमंत्री ने चंद्रयान- 3 से शुरू की और जी-20 की अध्यक्षता तक इसको केंद्रित रखा। मन की बात में उन्होंने बताया, कि किस तरह चंद्रयान- 3 की सफलता ने लोगों को उत्सुकता से भर दिया और लोग इसके प्रति कितने उत्साहित हैं? इसरो को प्राप्त मेल और युटुब पर लोगों के आकर्षण को देखकर वह काफी उत्साहित नजर आए। उन्होंने कहा, कि चंद्रयान-3 पर आधारित एक महा क्विज की शुरूआत की गयी है, जिसमें अंतिम छ दिन शेष रह गए हैं ।इसमें सभी लोग शामिल हो। उन्होंने आगे कहा, कि चंद्रयान-3 की सफलता ने दुनिया को भारत की क्षमता और विकास का लोहा माना है। वहीं उन्होंने कहा, कि जी-20 की अध्यक्षता कर भारत ने पूरे दुनिया को एक संदेश दिया और यह दिखा दिया, कि भारत में विश्व के नेतृत्व करने की क्षमता भी है ।यहां के लोगों में आज भी विश्व गुरु बनने की पर्याप्त संभावनाएं हैं।

## कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष सह रोहतास जिला प्रभारी आशुतोष सिंह के अनुशंसा से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी रोहतास जिला कार्यकारी अध्यक्ष रामबाबू के द्वारा नियुक्ति पत्र अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष रोहतास आमिर एकबाल वालीजी को दिया गया,राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी रोहतास जिला अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष आमिर इकबाल बालीजी को आज से बनाया गया,इस अवसर पर जिला कार्यालय में एनसीपी नेता विमलेश सिंह के नेतृत्व में जिला कार्यालय सासाराम में फूलमाला से प्रदेश उपाध्यक्ष आशुतोष सिंह और अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष आमिर एकबाल वालीजी को स्वागत किया गया,इस अवसर पर बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष आशुतोष सिंह ने कहा कि एनसीपी के सभी कार्यकर्ताओं के राय से आमिर इकबाल बालीजी को अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष बनाया गया है,पूरा उम्मीद है कि रोहतास जिला के हर प्रखंड हर पंचायत हर गांव में अल्पसंख्यक संगठन को तैयार करेंगे और पार्टी को बहुत ही मजबूत करेंगे,इस अवसर पर अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष ने कहा कि मेरा पूरा कोशिश रहेगा की पार्टी प्रखंड पंचायत गांव तक मजबूत करूंगा और सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता को मान सम्मान देने का काम करूंगा,इस स्वागत के कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष आशुतोष सिंह,कार्यकारी जिला अध्यक्ष रामबाबू, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष आमिर इकबाल बालीजी, परशुराम सिंह, विमलेश सिंह,अनिल सिंह, येनुल खान, सुषमा देवी, सतीश पासवान, संजय दुबे, विनोद चौधरी, आकाश पासवान, तन्बिर इमाम, गुदु इमाम, विशेषण प्रसाद गुप्ता, बंटी पाठक, सैकड़ो लोग जिला कार्यालय सासाराम स्वागत कार्यक्रम में मौजूद थे।

## 26 को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** भारतीय जनता पार्टी जिला बक्सर ने कोईरपुरवा स्थित सिटी पैलेस में माननीय प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के प्रथम आगमन दिनांक 26.09.23 को लेकर एक तैयारी समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसके अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह तथा संचालन महामंत्री निर्भय राय ने की। बैठक में माननीय प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के बक्सर जिला के सीमा कुंडेश्वर स्थान में प्रवेश करने के उपरांत जिले के मुख्य मुख्य जगहों पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जाऐगा । जगह जगह स्वागत स्थलों के प्रभारी पदाधिकारी नियुक्त किए गए। इसी क्रम में माननीय सम्राट चौधरी जी बक्सर पहुंचने के पश्चात रामेश्वर मंदिर (रामरेखा घाट )में पूजा अर्चना करने के बाद रामरेखा घाट से साइकिल यात्रा करके वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए ज्योति चौक पर स्वागत कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद नगर भवन बक्सर में अभिनंदन समारोह में शामिल होंगे। बैठक के उपरांत सभी लोगों ने नगर भवन का मुआयना किया और कार्यक्रम के निमित्त कार्यक्रम संचालक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में लोकसभा संयोजक राजवंश सिंह, पूनम रविदास, इन्द्रलेश पाठक जिला महामंत्री, संत कुमार सिंह, अनिल कुमार पांडे, मनोज पांडे जिला उपाध्यक्ष, इंद्रजीत बहादुर सिंह, सौरभ तिवारी, सतीश दुबे, अमरेंद्र पाण्डेय,राजीव कुमार सिंह,दीपक पांडेय, हिमांशु शेखर मिश्रा उर्फ गोरे दादा,नवीन राय कार्यालय प्रभारी सुनील कुमार,सुनील सिंह ,अमित सिंह , अभिनन्दन सिंह,अजय वर्मा तथा उमाशंकर राय जिला मीडिया प्रभारी भाजपा मौजूद रहे।

### केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री सह आरा सांसद श्री आर के सिंह ने मंडल अध्यक्षो के साथ बैठक की



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा। भोजपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बामपाली मे जिलाध्यक्ष दुर्गा राज की अध्यक्षता मे बैठक की गई। बैठक मे बतौर केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री सह सांसद आर के सिंह ने मंडल अध्यक्षो के साथ बैठक करते हुए बूथ सशक्तिकरण पर विशेष बल देते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। सभी बूथो पर भाजपा की जीत सुनिश्चित हो इसके लिए हमारे कार्यकर्ता बूथो पर काम करे और पार्टी को मजबुत करे। पार्टी द्वारा बुथ सशक्तिकरण का चल रहे अभियान को गति देनै के लिए प्रदेश से मंडल तक के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथो को मजबुत करेंगे। इसके साथ केन्द्रीय मंत्री ने सभी मंडल अध्यक्षो से अपने मंडल अंतर्गत विकास कार्यो का समीक्षा और नए योजनाओं पर पहल करने की बात कही। उन्होंने सभी मंडलो मे दस-दस सोलर लाईट देने की बात कही। बैठक मे जिला प्रभारी टीएन सिंह,सभी 32 मंडल अध्यक्ष सहित जिला पदाधिकारी थे।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया संत शिरोमणी बाबा गणीनाथ गोबिंद की जयंती



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट प्रखंड अंतर्गत गोडारी में श्री-श्री -1008 संत शिरोमणी बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज का पूजा उत्सव मदेशिया संघ गोडारी के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमे नगर पंचायत के मुख्य पार्षद अभिभावक-मुन्ना भारती एंव उप मुख्य पार्षद-रविवरंजन पूजा सामारोह में शामिल हुए। जिसमे सम्मानित जनप्रतिनिधि को गणिनाथ पूजा समिति के अध्यक्ष-गुपुत साह,आमोद कुमार, विनोद साह,काजू साह,पिंटु वाईट,लल्लू साह इत्यादि ने मुख्य पार्षद अभिभावक एंव उप मुख्य पार्षद को अंगवस्त्र से सम्मानित किया । साथही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित सभी मदेशिया संघ नगर पंचायत गोडारी एंव ग्रामीण सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया। मुख्य पार्षद अभिभावक एवं उप मुख्य पार्षद के द्वारा गणिनाथ बाबा के जीवनी पर प्रकाश डाला गया।

### मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने जतायी बिहार सरकार पर नाराजगी



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** रोहतास जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने बिहार सरकार के आदेश पर नाराजगी जताया है। 60 की जगह 30 दिन ही अपनी पंचायत से अनुपस्थित रहने पर मुखिया का अधिकार उप मुखिया को स्थानांतरित करने के राज्य सरकार के फैसले पर मुखिया संघ रोहतास जिला अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने हैरानी तथा नाराजगी जताई है । साथ ही इस नियम के विरुद्ध करार दिया है। रोहतास जिला मुखिया महासंघ अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने कहा की पंचायती राज विभाग को या तो जानकारी नहीं है या जानकारी का अभाव है या अज्ञानता के अभाव में अचानक पत्र निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने अधिकारों में कटौती के खिलाफ राजभर में मुखिया द्वारा किए जा रहे आंदोलन से पंचायती राज विभाग घबरा गया है ।रोहतास जिला मुखिया संघ अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने कहा कि मुखिया को किससे छुट्टी लेना है जरा यह मुखिया को अवगत कराया जाए। यहीं नहीं अध्यक्ष रोहतास ने कहा की बिहार सरकार के काले कानून के विरुद्ध मुखिया संगठन 2 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन धरना का कार्यक्रम पटना में बना है। जिसके कारण बिहार सरकार घबरा गई है इनकी सत्ता चरमरा गई है इसलिए अपना कमी छुपाने के लिए बिहार सरकार अनाप-शनाप आदेश दे रही है । आदेश की जानकारी उन्हें खुद ही नहीं है कि कब क्या आदेश देना है। रोहता जिला मुखिया संघ अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने कहा कि जनता के हित में लड़ाई लड़ना मुखिया का परम कर्तव्य है जी कर्तव्य का पालन हम सब मुखिया कर रहे हैं और करते रहेंगे भी। अगर बिहार सरकार को इतना ही घबराहट है तो हमारी मांगों पर विचार करते हुए हमारी मांग को पूरा किया जाए ताकि हम आंदोलन छोड़कर के जनता के हित में कार्य करना प्रारंभ कर दें।

परीक्षा | अक्षर आँचल योजना अंतर्गत बुनियादी साक्षरता परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ

## बुनियादी साक्षरता परीक्षा में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा







**धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/सूर्यपुरा/काराकाट/ रोहतास।** बिहार सरकार के द्वारा संचालित महादलित, दलित एवं अल्पसंख्यक, अतिपिछड़ा वर्ग अक्षर आँचल योजना अंतर्गत 24 सितम्बर को बुनियादी साक्षरता परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। इस दौरान सूर्यपुरा प्रखंड में 2 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिसमे दोनो केंद्रों की मिलाकर 40 प्रतिभागियों का लक्ष्य था जिसमे 38 महिलाओ ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा दिया। इस दौरान महिलाओं में काफी उत्सुकता देखने को मिला। वही बिक्रमगंज प्रखंड में कुल 13 परीक्षा केंद्र बनाया गया था। सभी केंद्रों को मिलाकर कुल 1960 प्रतिभागियों के लक्ष्य था, जिसमे से 1330 महिलाओं ने बुनियादी साक्षरता परीक्षा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान सूर्यपुरा प्रखंड की केआरपी प्रतिमा कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि महादलित, दलित एवं अल्पसंख्यक, अतिपिछड़ा वर्ग अक्षर आँचल योजना का उद्देश्य मुख्य रूप से नवसाक्षर महिलाओ को साक्षर करना है। इस योजना में 15 वर्ष से 45 वर्ष की नवसाक्षर महिलाओ को साक्षर बनाने का कार्य किया जाता है। इस दौरान केआरपी प्रतिमा कुमारी ने परीक्षा केंद्रों का सख्ती से निरीक्षण करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा को सम्पन्न कराया। वही बिक्रमगंज प्रखंड में केआरपी सुमित्रा कुमारी और प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सचितानंद साह ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर बुनियादी साक्षरता परीक्षा को संपन्न कराया। काराकाट प्रखंड के मध्य विद्यालय चिकसील में बुनियादी साक्षरता परीक्षा आयोजित की गई । जिसमें चिक्सील पंचायत के महादलित, दलित , अल्पसंख्यक अति पिछड़ा वर्ग की महिला बढ़चढ़ कर परीक्षा में भाग लिया । जिसमें एचएम मुनीर आलम , शिक्षक मनोज राम , लालजी चौधरी मुख्य रूप से भाग लिए तो वहीं परीक्षार्थीयों में इंदु देवी, ललिता देवी,तारा देवी,अनीशा देवी, पूजा देवी,राधिका देवी सहित सैकड़ो महिलाओं ने भाग लिया ।

# बिक्रमगंज तेंदुनी चौक पर भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत





**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कर समिति के सदस्य रितेश राज के नेतृत्व में कल सासाराम से पटना जाने के क्रम में भाजपा प्रदेश बिहार प्रदेश के महामंत्री राजेश वर्मा, प्रदेश के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शंभू एवं बिहार मीडिया सेल के प्रभारी अशोक भट्ट का बिक्रमगंज तेंदुनी चौक पर स्वागत किया।बिक्रमगंज डुमराव रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर राजेश वर्मा ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में नए कृतिमान स्थापित कर रहा है।आज हर वर्ग का विकास हो रहा है चाहे वह पिछड़ा हो गरा हो गरीब हो, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर वर्ग को मिल रहा है,धारा 370 खत्म करना,राम मंदिर नोटबंदी जैसे विभिन्न उपलब्धियां आज भारत को पहले के मुताबिक ज्यादा सशक्त बनाए हैं। आज भारत प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विश्व पटल पर अपनी एक अलग पहचान बन चुका है पुणे से एक बार विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है, आज विपक्षी पार्टियों के पास चुनाव लड़ने का कोई मुद्दा नहीं बचा है चाहे वह भ्रष्टाचार पर लगाम लगाना हो चाहे विकास की बात हो। मौके पर अखिलेश पांडे,गोलू गुप्ता सनी गुप्ता ,चंदन सिन्हा, विशाल सिन्हा,राहुल सिंह,रूपेश सिंह,चंदन मिश्रा,राजन सिंह,सनी सिंह,मनीष सम्राट,विपलो सिंह,पप्पू सेठ,अनीश सिंह,दीपक कुमार उपस्थिति थे।

## ख़ास ख़बर

### रामगढ़ थानाध्यक्ष का हुआ पदोन्नति, बने आरक्षी निरीक्षक



**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संवाददाता, मोहनियां।** अनुमंडल अंतर्गत रामगढ़ थानाध्यक्ष शशिभूषण कुमार का पदोन्नति हुआ, जिससे रामगढ़ थाना अंतर्गत कार्यरत प्रशासनिक बल के साथ ही सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा भी में खुशी व्यक्त करते हुए, शुभकामनाएं दिया गया। आपको बता दें कि रविवार को कैमूर आरक्षी अधीक्षक के नेतृत्व में आरक्षी अधीक्षक के निवास प्रांगण में, पदोन्नति समारोह का आयोजन किया गया। पदोन्नति कार्यक्रम में आरक्षी अधीक्षक ललित मोहन शर्मा के कर कमलों से रामगढ़ थाना अध्यक्ष शशि भूषण कुमार को आरक्षी निरीक्षक के पद चिन्हों से अलंकृत कर शुभकामनाएं दिया गया। निरीक्षक पद के पद चिन्हों से अलंकृत होने के बाद आरक्षी निरीक्षक शशि भूषण कुमार द्वारा कहा गया, बड़े पद के साथ जिम्मेवारियां भी बड़ी हो जाती है, जिसको कि निभाने की मैं कोशिश करूंगा। थाना क्षेत्र के प्रशासनिक कर्मियों सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा ढेर सारी शुभकामनाएं दिया गया।

### मोटरसाइकिल से 35 लीटर अंग्रेजी शराब परिचालन करते हुए तस्कर हुआ गिरफ्तार




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, भगवानपुर (कैमूर)।** थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत मसही पुल के पास से मोटरसाइकिल पर 35 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ परिचालन कर रहे तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल।थानाध्यक्ष अनिल प्रसाद ने इसकी जानकारी देते हुए बताया, की गुप्त सुचना मिला की मुंडेश्वरी की ओर से एक अपाचे मोटरसाईकिल से एक व्यक्ति काला बैग मे अंग्रेजी शराब लेकर भगवानपुर की ओर जा रहा है। इसकी सुचना पाते हीं भगवानपुर पुलिस ग्राम मसही पुल पर पहुंची तो देखा की एक अपाची मोटरसाईकिल आ रही है। जब रोककर जांच किया गया तो मोटरसाईकिल सवार के बैग से 51पीस 8 pm अंग्रेजी शराब बरामद किया गया l सख्ती से पूछताछ करने पर अपना नाम राहुल चंद्रबंशी उर्फ़ गोलू पिता स्व बाबूलाल चंद्रबंशी बताया। तथा यह भी बताया की हमारे घर मेउ भी शराब है, जब पुलिस ग्राम सरैया उसके घर पहुंची तो उसके घर के पलंग के बक्से से 84 पीस 8pm अंग्रेजी शराब बरामद किया गयाl टोटल 35 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया lअपाचे मोटरसाईकिल एवं शराब को जप्त करते हुए, शराब धंधेबाज को गिरफ्तार कर भगवानपुर थाना लाया गया। उसके बाद समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर मे मेडिकल जांच कराकर जेल भेजा गया।

### पदोन्नति समारोह आयोजित कर कई थानाध्यक्षों को सौंपा गया नई जिम्मेवारी



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कैमूर।** जिला मुख्यालय भभूआं स्थित आरक्षी अधीक्षक निवास प्रांगण में पदोन्नति समारोह आयोजित कर कई थाना अध्यक्षों को सौंपा गया नई जिम्मेवारियां। आपको बताते चलें कि विगत दिनों बिहार के थाना अध्यक्षों की कार्यकाल व कार्य की लग्नता को देखते हुए, सभी जिला के आरक्षी अधीक्षकों की अनुशंसा पर पदोन्नति करते हुए, आरक्षी निरीक्षक के पद पर पदस्थापित हेतु चयनित कर सूची जारी किया गया था। जिसके तहत रविवार को कैमूर आरक्षी अधीक्षक ललित मोहन शर्मा की अध्यक्षता में आरक्षी अधीक्षक निवास प्रांगण में पदोन्नति समारोह का आयोजन किया गया। जिस के तहत जिला के विभिन्न थाना अध्यक्षों के पद पर कार्यरत, थानाध्यक्ष सोनहन राकेश कुमार रौशन, थाना अध्यक्ष लोहरा संजय कुमार सिंह उर्फ सिंघम, थाना अध्यक्ष कुदरा संजय कुमार, थानाध्यक्ष रामगढ़ शशि भुषण कुमार, थाना अध्यक्ष कुढ़नी कुमार गौरव, थानाध्यक्ष चांद सचिन कुमार, थानाध्यक्ष भभुआं सदर राम कल्याण यादव सहित कुल 26 थाना अध्यक्षों को आरक्षी अधीक्षक एवं भभुआं मुख्यालय आरक्षी उपाधीक्षक साकेत कुमार के द्वारा पदोन्नत थानाध्यक्षों को आरक्षी निरीक्षक हेतु प्रतीक चिन्ह लगाकर आरक्षी निरीक्षक के पद हेतु अलंकृत किया गया। साथ ही सभी के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए नई जिम्मेवारियों को निभाने हेतु, मनोबल को बढ़ाया गया।

# बैठक में शहर के सौंदर्यीकरण के लिए कई प्रस्ताव पारित



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** स्थानीय नगरपरिषद के बोर्ड के बैठक नगरपरिषद के सभागार में मुख्य पार्षद शशी कुमारी की अध्यक्षता तथा उपमुख्य पार्षद रानी कुमारी के सहयोग से की गयी। आज मुख्य रूप से शहर के सौंदर्यीकरण पर विशेष चर्चा हुई और कई योजनाओं पर मुहर भी लगी। जिनमे शहर के प्रत्येक चौक चैराहों पर महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरा लगाने की योजना स्वीकृति हुई ताकी नगरपरिषद के क्षेत्र में आम जनता और बहन बेटियों की सुरक्षित महसूस करे। वही सारे चौक चौराहे पर बुजुर्गों के बैठने हेतु बेंच का निर्माण किया जाएगा, जहाँ यूरिनल लगाने की भी योजना प्रस्तावित है। और शहर के रिंग रोड पर पोल सहित स्ट्रीट लाइट लगाने को मंजूरी दी गयी जिससे रात के अंधेरे में भी हमारा नगर रौशनी से जगमगाता रहे। वही मुख्य पार्षद ने कहा कि नगर में बरसात के दिनों में कुछ जगहों पर जल निकासी की समस्या है जिस पर कार्य चल रहा है और आने वाले कुछ वर्षों में ड्रेनेज सिस्टम को बेहतर कर इसमें सुधार ला दिया जाएगा ऐसा मैं आम जनता को विश्वास दिलाती हुँ। बैठक के उपरांत कई पार्षदों ने अपनी अपनी क्षेत्र की समस्याओं से मुख्य पार्षद को अवगत कराया, एवं कई पार्षदों ने अपना विकाश विरोधी चेहरा भी दिखलाया, जिन्हें शहर के विकाश से ज्यादा मलाई खाने और विकाश के काम अड़ंगा डालने की आदत पिछले नगरपरिषद की सरकारों से लगी हुई है विरोध करने वाले पार्षदों में मुख्य रूप से पूर्वमुख्य पार्षद विशाखा सिंह, पार्षद रितेश कुमार, धनंजय चौधरी, आनंद चौधरी, रंगलाल सिंह, मंजू देवी एवं मीरा गुप्ता है। जबकि वही बैठक में मौजूद बाकी सभी पार्षदों ने प्रत्येक प्रस्ताव पर पुरजोर समर्थन कर के विरोध करने वाले पार्षदों की बोलती बंद कर दी जिनमे पार्षद रवि शेखर, चंदन कुमार, सरोज उपाध्या, आरती देवी, अनिता देवी, रीना देवी, नेहा देवी, प्रिया देवी, शत्रुघ्न कुमार, राजेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, विशाल कुमार, उषा देवी इत्यादि पार्षद उपस्थित थे।

## वर्षा बिगत सरद रितु आई



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)।** शरद ऋतु आ चुकी है...बसन्त का सब लोग गाजे-बाजे के साथ स्वागत करते हैं..राजभवनों से लेकर साहित्य के सर चढ़कर कर बोलता है। किशुनपुरा गांव निवासी कवि सह लेखक सुनील कुमार ने बताया कि बसन्त...पर अपन की प्रिय ऋतु तो शरद है। शरद सयानी है, बसन्त में यौवन का उन्माद है, शरद में गाम्भीर्य है...शरद शान्त है, घाघ है। शरद स्वास्थ्य की निरीक्षक है, यह पित्त उभार के दिन हैं। इसलिये यह दिलवालों की नहीं दिमाग वालों की ऋतु है। भादों के सूरज की तपिश अभी गई नहीं है और रातों को ठंडी हवाओं की आरियां अपने दांत पैने कर रही होती हैं, यानि जिसने शरद पार कर लिया उसका साल भर निरोग रहेगा। शरद का अलार्म सुनकर सब कीट-पतंगे तो जैसे साधक-योगियों की तरह भूगर्भ में समाधि ले लेते हैं। शायद इसी गुण के कारण आदमी के लम्बे उम्र की कामना हमने बसन्त में नहीं, शरद में की है...देखें शत शरदों की शोभा, जियें सुखी सौ वर्ष। कवि सुनील कुमार बताते हैं कि शरद ऋतु का काल आश्विन से शुरू होकर कार्तिक तक है, लगभग आधे सितम्बर से लेकर आधे नवम्बर तक...पृथ्वी के घूर्णन काल में साल में दो बार सूर्य का प्रकाश दोनों गोलार्धों पर बराबर होता है, यानि दिन-रात करीब बराबर होते हैं। जिनको कि बसन्त सम्पात और शरद सम्पात भी कहते हैं...दोनों ऋतुओं का आरम्भ नवरात्रों से होता है...ये नौ दिन पृथ्वी के सगर्भा होने के दिन हैं...हम भारतीयों ने पृथ्वी को ही आद्यशक्ति मां का रूप मानकर इन नौ दिनों का विनम्र स्मरण किया है। बसन्त में जहां काम का विस्फोट होता है, वहीं शरद की बांह में वर्षाकाल के विप्लव के बाद लाल-पीले बादलों की खाली गागर होती है, शान्त, संयम और प्रेम भरे दिनों की गुनगुनी चादर का महाविस्तार होता है... जब शहर इतने बड़े नहीं थे, या जब हम लोग ग्रामीण थे, तब शरद की पदचाप सबको सुनाई देती थी।

## अमृतसर पंजाब के साईकिल सिख हुए सम्मानित



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** अमृतसर पंजाब के निवासी सरदार जर्मनजीत सिंघ एवं सरदार देवेंद्र सिंघ जी 30 अगस्त 2023 को साईकिल द्वारा सिक्ख धर्म के पांचों तख्त साहिब एवं राह में पड़ने वाले ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब जी की दर्शन यात्रा के साथ साइकिल के द्वारा तकरीबन 2000(दो हजार ) किलोमीटर यात्रा तय करने के पश्चात आज ऐतिहासिक गुरुद्वारा चाचा फगुमल साहिब जी सासाराम पहुंचकर दर्शन उपरांत रात्रि विश्राम भी किया सेंट्रल द्वारा प्रबंधक कमेटी के जत्थेदार सरदार सरबजीत सिंघ खालसा अधिवक्ता जी ने साइकिल यात्रियों का स्वागत करते हुए सिरोपा से सम्मानित कर उन्हें सासाराम के सिकख ऐतिहासिक धरोहरों की दर्शन करते हुए इतिहास की जानकारी भी दिया सरदार जर्मनजीत सिंघ जी ने कहा कि हम वाराणसी पहुंच तब निश्चय किया कि रात्रि विश्राम संत चाचा फग्गूमल साहिब जी के चरणो मे करेंगे सृष्टि के चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी एवं चाचा फगुमल साहिब जी के अनमोल निशानी के दर्शन मात्र से ही 2000 किलोमीटर की यात्रा की थकावट बिल्कुल दूर हो गई गुरुदेव द्वारा राग जैजावंती अवंती महला ९के गुरबाणी की कृपा स्थान का दर्शन मेरे जीवन का सबसे अनमोल समा रहेगा हमारी यात्रा लगभग दो महीने का है पटना साहिब जी के बाद श्री हजुर साहिब जी नांदेड़ (महाराष्ट्र) एवं अंत में पांचवां तख्त श्री दमदमा साहिब जी सांबो की तलवंडी पंजाब में शुक्राना अरदास के साथ समाप्त होगी।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात




**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** रविवार को काराकाट विधानसभा के बिक्रमगंज मंडल में शक्ति केंद्र घुसियां खुर्द बूथ नंबर 98 पर प्रधानमंत्री के मन की बात की 105 वीं कडी बड़ी ही धूमधाम से सुनी गई । प्रधानमंत्री ने चंद्रयान 3 की बड़ी -बड़ी प्रशंसा की तथा साथ ही साथ जी-20 की सफलता हेतु सभी को हार्दिक बधाई दी । कार्यक्रम में बुथ कमेटी सहित काराकाट लोक सभा के संयोजक एवं ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष नवीन चंद्र शाह उपस्थित थे । अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री शाह ने बताया कि आज 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल की जयंती शक्ति केंद्र सहित सभी बूथो पर मनाई जाएगी । हम सभी कार्यकर्ताओं को आयुष्मान कार्ड योजना के तहत कार्ड बनवाना है । सेवा पखवाड़ा की अंतराल में कम से कम 10 आयुष्मान कार्ड अपने नंबर से अवश्य बनावें । बुथ सशक्तिकरण अभियान का द्वितीय चरण का व्यापक रूप से क्रियान्वयन हो । अपने बुथ पर 9090902024 नंबर पर मिस कांल करावे । 1 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान चलाना है । स्वच्छता ही सेवा है । कार्यक्रम में मंडल मंत्री सुकुमारी देवी , मीडिया प्रभारी नवनीत शाह , बीएलए 2 आलोक कुमार , लाल बिहारी चौधरी, रवि कुमार , केश्वर , मुन्ना गुप्ता, संतोष गुप्ता , जनार्दन , पीतांबर गुप्ता आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही ।

### एक पियक्कड़ समेत दो वारंटी भेजे गए जेल



**दैनिक शुभ भास्कर सदर, दुर्गावती (कैमूर)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मामलों में फरार चल रहे तीनआरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक को शराब के मामले में थाना कांड संख्या 127/23 में स्थानीय क्षेत्र के बिछियां गांव निवासी जाहिद अंसारी पिता रुस्तम अंसारी को गिरफ्तार कर, कानूनी कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेजा। वहीं दूसरे मामले में फरार चल रहे वारंटी राधेश्याम बिंद पिता काशी बिंद गांव खरखोली वहीं दूसरा वारंटी सहातिम बिंद पिता गांधी बिंद गांव सरियांव को भी जेल भेजा गया।

### अज्ञात वाहन ने पिकअप वैन में मारी टक्कर,दो की मौत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, मोहनियां(कैमूर)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग दो मुठानी के समीप चैनपुर से मावेशी लाद कर दो लोग पिकअप से रोहतास जिला के खुर्माबाद जा रहें थे। राष्ट्रीय राजमार्ग दो पर मुठानी गांव के समीप रविवार की अहले सुबह पिकअप वैन हादसे की शिकार हो गई।हादसे में वैन सवार दो लोगो की मौके पर ही मौत हो गई।जबकि घटनास्थल पर 3 पशुओं मौत हो गई, साथ ही चार पशुओं की हालत भी नाजुक बनीं हुईं है।दोनों चालक और सह चालक जिला के चैनपुर से रोहतास के खुर्माबाद जा रहे थे।इसी दौरान अज्ञात वाहन से उनके पिकअप वैन की सामने से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद पिकअप का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे चालक और सह चालक केविन में करीब दो घंटे तक फंसे रहें। मौके पर पहुंचे राष्ट्रीय राजमार्ग कर्मियों के द्वारा कड़ी मस्कत के बाद दोनो को बाहर निकाला गय।हादसा उस जगह हुआ,जहां सड़क निर्माण के लिए वनवे किया गया है।हादसे के बाद मोहनियां पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।साथ ही पिकअप को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। दोनो मृतकों की पहचान कैमुर जिले के चैनपुर निवासी स्व.सोहराब अंसारी का पुत्र चालक कासिम अंसारी(35) दूसरा केवा गांव निवासी नसीम शाह का पुत्र सह चालक शकील शाह(25) के रूप में की गई।

### प्रखंड में धूमधाम से मनाई गई सद्गुरु सदाफल देव की 136वीं जयंती



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)।** रविवार को दुर्गावती में विहंगम योग के अध्यात्म के शिखर पुरुष सद्गुरु सदाफल देव की 136वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमें दुर्गावती प्रखंड के तथा आसपास के प्रखंडों से भारी मात्रा में, गुरु भाई गुरु बहनों ने भाग लिया। सर्वप्रथम सद्गुरु सदाफल देव के तैल चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्य क्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने सतगुरु देव सदाफल देव की जीवनी पर विस्तार से चर्चा की और कहां की यह ज्ञान विश्व के 65 देश में जा चुका है। इस ज्ञान के द्वारा मानव के चरित्र का विकास और आध्यात्मिक जीवन का निर्माण होता है। सद्गुरु सदाफल देव ने 17 बरस की कठोर साधना करके इस ज्ञान को अपने अंदर उतारा था। जिस ज्ञान के द्वारा लाखों गुरु भाई और गुरु बहनों के जीवन में सुधार हुआ है। अध्यात्म के बिना यह जीवन अधूरा है, और जिस व्यक्ति के अंदर आध्यात्मिक ज्ञान और ऊर्जा नहीं है, उसका जीवन पशु के समान है। आजकल अध्यात्म के ऊपर तमाम तरह की टिप्पणियां हो रही है। लेकिन वास्तव में आध्यात्मिक ज्ञान का एक अंश भी भी ज्ञान उन लोगों को नहीं है, जो अध्यात्मिक धरोहरों पर टिप्पणी कर रहे हैं। अध्यात्म आत्मा और परमात्मा के मिलन का नाम है।अध्यात्म का विज्ञान मन और प्राण को शुद्ध करना, अपने मूल कारण में विलीन कर उसकी अनुभूति करने का नाम है। जब आत्मा अपने मूल रूप में आती है तो अध्यात्म की अनेक घटनाएं साधक के अंदर घटती हैं, जिसका वह प्रत्यक्ष अनुभूति करता है। वास्तव में जिन व्यक्तियों के पास आध्यात्मिक ऊर्जा होगी उनके जीवन के रहन-सहन बोलचाल की सारी शैलियों में परिवर्तन निश्चित रूप से देखने को मिलेगा। अध्यात्म की व्याख्या कोई भी व्यक्ति बिना साधना की धरातल पर प्रकट किये यदि करता है, तो वह मिथ्या है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विहंगम योग के जिला सचिव प्रेमचंद जय सवाल तथा संचालन सत्येंद्र कुमार युवा संगठन मंत्री कर रहे थे। इस अवसर पर उपस्थित सासाराम कैमूर के प्रभारी मंगला प्रसाद चौधरी अनुमंडल संयोजक पारसनाथ शर्मा उपदेष्टा रमेश सिंह जयप्रकाश सिंह संतोष चौधरी केश लाल पांडे के तथा प्रखंड प्रभारी बुधीराम वीरेंद्र शाह सेवा प्रभारी पत्रिका प्रभारी माराछु जी भोला सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद थे। भक्ति और प्रवचन तथा भजन से पूरा वातावरण भक्ति में देखने को मिला। भक्ति हीन मनुष्य का जीवन वैसे ही है जैसे नमक के बिना व्यंजन भक्ति हिन जीवन पशु के समान व्यतीत होता है।

बैठक | ब्राह्मण महासभा द्वारा कमेटी गठित करने की विचार विमर्शों के उपरांत बैठक संपन्न हुई

## कमेटी गठित करने को ले ब्राह्मण संघ की हुई बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)।** प्रखंड के मुख्य बाजार दुर्गावती में अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा की एक बैठक रखी गई जिसमें ब्राह्मण महासभा द्वारा कमेटी गठित करने की विचार विमर्शों के उपरांत संपन्न हुई। ब्राह्मण संगठन को लेकर उपस्थित लोगों के बीच चर्चाएं हुई और लोगों से सलाह मांगे गए। सभा में उपस्थित लोगों ने अपने-अपने तरीके से संगठन को सुचारु रूप से चलाने के लिए सलाह दी। देश के बदलते परिवेश और हालात में विस्तार से लोगों ने चर्चा की, और सनातन धर्म तथा हिंदुओं पर हो रहे टिप्पणी,व ब्राह्मणों के विरुद्ध दिए जा रहे प्रतिदिन के वक्तव्य पर लोगों ने चिंता प्रकट किया। यह देश आध्यात्मिक वातावरण में सदियों से चला आरहा है, और एक दूसरे के प्रति लोगों में जो व्यवहार और प्यार बना हुआ है, उसको तोड़ने की साजिश बहुत है निंदनीय है। बैठक की अध्यक्षता वीरेंद्र तिवारी ने किया और संचालन दुर्गावती प्रखंड सचिव बीरेंद्र पांडेय ने की, इस अवसर पर जिला संयोजक हरिशंकर तिवारी और केंद्रीय समिति सदस्य राम आधार पांडेय उपस्थित रहें। उपस्थित जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय कमेटी के लोगों ने, लोगों को बताया कि हर गांव और हर बूथ स्तर पर संगठन को खड़ा करने का एक संकल्प लेकर आप लोग जाएं, ताकि यह संगठन पूर्ण रूप से अपना रूप ले सकें ।ब्राह्मण सदियों से निस्वार्थ भाव से देश की व समाज की सेवा करते आ रहा है।आगे भी करने की उत्सुकता रखते हैं। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्र से आए हुए नागरिकों में परमानंद पांडेय, अरुण कुमार पांडेय, अरुण पांडेय, सुशील चंद्र तिवारी, अजय चौबे, विनोद पांडेय, सोनू तिवारी सहित काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

बैठक में एमएसपी की गारंटी,भूमि अधिग्रहण में उचित मुआबजा नहीं मिलने व खाद की कालाबाजारी का उठा मुद्दा

## मलियाबाग में किसानो की हुई बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र के मलियाबाग में किसानों की बैठक आयोजित हुई।जिसमें किसानों ने एमएसपी की गारंटी,भूमि अधिग्रहण के मामले में बाजार मुल्य के चार गुणा मुआबजा देने,खाद की कालाबाजारी पर किसानों ने चर्चा किया। अनाज रखने के लिए गोदाम निर्माण कराने,कृषियंत्र की खरीद पर सब्सिडी नहीं मिलने आदि की शिकायत किसानों ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए रामगढ़ के विधायक सह पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह ने कहा कि किसानों की समस्या के लिए आजीवन संघर्ष करुगां।जरुरत हुई तो दिल्ली की तरह पटना को भी जाम किया जाएगा।वहीं संयुक्त किसान मोर्चा के प्रदेश संयोजक दिनेश कुमार ने भारतीय किसान युनियन के नेता राकेश टिकैत जी का, मलियाबाग में आगामी 7 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु किसानो अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील किया।वहीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री अखलाक अहमद ने कहा कि किसानों की समस्या का समाधान, किसानो की एकता और संगठन के बदौलत ही सम्भव होगा।वहीं मलई बराज से जमसोना, सेमरी,सहिनाव पंचायतों के खेतों की सिचाई हेतु व्यवस्था करने की मांग भी सरकार तक पहुंचाने की बात हुई।.बैठक में रघुनाथ सिंह,सुरेंद्र सिंह,मुखिया कमलेश सिंह,सोनी खां,भिखारी अंसारी,रामजी राय,अशोक चौधरी आदि शामिल हुए।


# भारत की संस्कृति से पूरा विश्व प्रभावित- प्रमोद वर्मा



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय , जखनिया गाजीपुर** । आज मन की बात प्रधानमंत्री के साथ 105वाँ एपिसोड को जखनिया मंडल प्रथम के बूथ संख्या 205 पर जखनियां के नवनिर्मित पंचायत भवन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने सुना। उक्त अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की संस्कृति, सभ्यता और विरासत को पुनर जागृत कर देश को शक्तिशाली बनाया है, और हर भारतीयों का मान सम्मान बढ़ाया है। मन की बात में पीएम मोदी ने कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता ने भारतीयों के मान सम्मान को आसमान पर पहुंचा दिया। चंद्रयान-3 से हर भारतीय का गहरा लगाव रहा। पीएम मोदी ने कहा हमारी संस्कृति हमारी विरासत हमारी सभ्यता को आदिकाल की तरह पुनर विकसित करने की आवश्यकता है, हमारी संस्कृति विश्व की सबसे श्रेष्ठ संस्कृति है लोग इसे बहुत प्रभावित रहते हैं आज पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। जर्मनी की रहने वाली कैसमी कभी भारत नहीं आई है लेकिन वह भारतीय संगीत की दीवानी है, यह सबके लिये बहुत ही प्रेरणादाई है। पीएम मोदी ने कहा 27 सितंबर को विश्व परिवर्तन दिवस है, पर्यटन भारत का एक प्रमुख रोजगार है, आप इसको बस सैर सपाटे के तौर पर ना देखें, प्रयास करें कि भारत की विविधता का दर्शन करें और उसका अनुग्रह करें। मोदी ने स्वच्छता, वोकल फॉर लोकल और अपने नदी तालाबों को को साफ सुथरा और उनको पुनर्जीवन के लिए आग्रह किया। मन की बात में पीएम मोदी ने हैदराबाद की 11वर्ष की आकर्षणा सतीश का जिक्र किया और कहा कि छोटी सी बच्ची अपने आसपास के बच्चों के लिए सात पुस्तकालय का प्रबंध करती है और उनके भविष्य को संवारने का योगदान दे रही है यह प्रेरणादायक है। पीएम मोदी ने की-20 की सफलता के लिए पूरे भारतवासियों को बधाई दी और कहा जी-20 से भारत विश्व का नेतृत्व करने वाला देश बनकर उभरा है। भारत पश्चिम एशिया यूरोप गलियारा विश्व व्यापार का आधार बनेगा और आने वाला समय में भारत दुनिया का ताकतवर देश बनेगा। मोदी ने जीवों के प्रति कहा हमारे शास्त्रों में कहा गया है जीनेषु करुणा चापि, मैत्री तेषु विधीयताम। अर्थात जीवों पर करुणा कीजिए और उन्हें अपना मित्र बनाईये। हमारे तो ज्यादातर देवी देवताओं की सवारी ही जीव जंतु है।

## खास खबर

### डीएम साहब आवारा पशुओं के आतंक से राहगीर परेशान BDO मनिहारी नहीं ले रहे कोई एक्शन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे शादियाबाद।** गाजीपुर जिले के मनिहारी ब्लॉक अंतर्गत शादियाबाद थाने के चौराहे पर दर्जनों से ज्यादा आवारा पशुओं का जमावड़ा लगातार बनता जा रहा है इसके वजह से राहगीरों को काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है बगल में थाना भी हैं। देखा जाए तो गांव समेत चट्टी चौराहों पर भी इन लोगों का आतंक मचा रहता है शादियाबाद क्षेत्र समेत ऐसे कई जगह है जहां पर आवारा पशुओं का जमावड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है जैसे शादियाबाद, कनुवान, ऐसे कई जगह है बार-बार इस मामले को प्रकाशित करने के बाद भी अधिकारियों के आंखें नहीं खुल रही हैं। मनिहारी ब्लॉक में ऐसे कई ग्राम पंचायत है जिसमें मवेशियों के आतंक से किसान समेत पुरा गांव परेशान है। जब इस संबंध में BDO मनिहारी अनुराग रॉय से बात किया गया तो उनके तरफ से यह कहा गया कि ठीक है हम दो से तीन दिन में सभी को गौशाला पर भेजवा दूंगा आप निश्चिंत रहें। लेकिन एक महीना होने वाला है पर उनके द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया गया ऐसा लग रहा है कि BDO मनिहारी किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं। वहीं प्रदेश सरकार आवारा पशुओं के लिए कई प्रकार की योजना ला रही है हर जगह गौशाला बनाया जा रहा है ताकि जो छुट्टे मवेशियों का जमावड़ा बनने से राहगीरों को परेशानी हो रही है इससे उनको निजात मिल सके लेकिन इस योजना को किस प्रकार अधिकारियों द्वारा घुटने पर लाकर बैठा दिया जाता है। इन छुट्टे मवेशियों से किसान भी परेशान हैं रात-रात भर जाग कर अपनी फसल को देखते रहता है। और मार्केट में चौराहों पर राहगीरों को भी डर बना रहता है। कहीं हमारे साथ कोई दुर्घटना ना हो जाए। इन मावश्यों के आतंक के बारे में आप लोग भी जानते होंगे कई जगह आप लोग देखे भी होंगे उनके वजह से कितना लोगों को नुकसान होता है ऐसे ही भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा इन गरीब किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### मार्कण्डेश्वरम् कम्प्यूटर सेण्टर पर टैली की परीक्षा हुई सम्पन्न



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, दुल्लहपुर गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मार्कण्डेश्वरम् कम्प्यूटर सेण्टर जलालाबाद में टैली की परीक्षा में 204 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जहां सभी का एग्जाम कराया गया और छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर शिक्षा हासिल कर आगे बढ़ने के लिए सलाह दी गई वहीं यहां डायरेक्टर सतीश जी ने बताया कि आज के युग में कंप्यूटर शिक्षा बहुत ही जरूरी है क्योंकि कंप्यूटर शिक्षा के बिना आज के युग में आपकी जिन्दगी बेकार है बच्चे कंप्यूटर शिक्षा हासिल कर किसी भी क्षेत्र में रोजगार पा सकते हैं और अपने नाम के साथ-साथ अपने परिवार अपने समाज अपने गांव अपने देश का नाम रोशन कर सकते हैं इस परीक्षा के बाद जल्द ही रिजल्ट आने पर सभी छात्र-छात्राओं को अंक पत्र वितरित कर दिया जाएगा ।

### पुरानी जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष महिला समेत छः घायल



**दैनिक शुभ भास्कर ,संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी ,जखनियां गाजीपुर।** भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के भुड़कुड़ा गांव में आज दोपहर तीन बजे पुरानी जमीनी विवाद को लेकर आज उर्मिला देवी पत्नी रामजीत राम की भैंस राधेश्याम के घर पर चली गई ।जैसे ही भैंस घर पर पहुंचे लोग आग बबूला हो गए तथा गाली गुप्ता देते हुए जमकर लाठियां व गड़ासा चलाने लगे जिसमें उर्मिला देवी 45 वर्ष पत्नी रामजीत राम पुत्री नेहा 19,पूजा 17,आशीष15 तथा द्वितीय पक्ष सरिता 24 वर्ष तथा भाई संतलाल 28वर्ष,नंदलाल 27घायल हो गए। भुड़कुड़ा कोतवाली में अभी मीटिंग शुरू होने से पहले आधे दर्जन लोग लहूलुहान हालत में कोतवाली पहुंचे कुछ महिला जाते ही बेहोश हो गई ।तत्काल कोतवाल तारावती ने घायलों को पुलिस के साथ सीएचसी केंद्र भेजा।साथ ही दोनो पक्षों से तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया।

### मुहम्मदाबाद थाना पुलिस ने ठगी,धमकी सहित अन्य मामलों में अभियुक्त के घर से किया गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी ,गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस ने थाने पर पंजीकृत ठगी व धमकी सहित अन्य धाराओं में दर्ज मुकदमें से सम्बन्धित वांछित/शातिर अपराधी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक घनानन्द त्रिपाठी के निर्देशन में रविवार को थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना पर पंजीकृत मुकदमें के वांछित अभियुक्त कन्हैया गुप्ता पुत्र सर्वचन्द गुप्ता निवासी ग्राम इचौली थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर को सुबह समय करीब 08.25 बजे गिरफ्तार कर लिया। उसे पर चार पराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए चालान कर दिया गया।

## शिवालय परिवार ने मनाया गणेश पूजा



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । प्रथम पूज्य हैं महंत गणेश राय दास शिवालय परिवार के 11 दिवसीय 16 वे श्री गणेश महोत्सव में रविवार संध्या को छोटे बच्चो द्वारा प्रभु गणेश जी के भजनों पर नृत्य प्रस्तुत कर प्रभु की आराधना की गई इस दिव्य अवसर पर शिवालय परिवार (समस्त सिंधी समाज)के महंत श्री गणेश राय दास जी ने कहा प्रथम पूज्य है श्री गणेश जी इसलिए इनकी सर्व कलाओं से आराधना करनी चाहिए इस अवसर पर शिवालय परिवार की माता आशा राय,सिंधी समाज के मुखिया श्री राजकुमार मोटवानी जी , तुलसीदास जी ने भक्ती जसवानी, प्रार्थना लखमानी, माही संगतानी,कनक, यशी,गीत,मनीषा, हिमांशी, राशी, गिन्नी,दिव्यु,तान्या,गीतिका, अनन्या, विदुषी, वान्या, रुद्र आदि बच्चो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनका उत्साह वर्धन किया ,युवा महंत कान्हा राय ने सभी को जानकारी दी उत्सव में निरंतर 11 दिनों तक भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा ।

## दो माह से राशन कार्ड धारकों से अंगूठा लगाकर नही दी राशन



**दैनिक शुभ भास्कर ,संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी,दुल्लहपुर गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के धर्मागतपुर गांव में कोटेदार द्वारा अगस्त और सितंबर माह में राशन कार्ड धारकों से अंगूठा लगाकर राशन देने की वजाय गोदाम से चोरी हो जाने की सूचना थाने पर दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक शेखर सेंगर ,थाना अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने तत्काल कोटे पर जांच पड़ताल करने पहुंचे। वहां पर जखनिया पूर्ति अधिकारी प्रवीण गुप्ता भी पहुंच कर मौके का जांच पड़ताल किए। सर्वप्रथम सभी अधिकारियों ने कांटे पर चढ़कर अपना वजन किया तो उनके होश उड़ गए। प्रति 7 किलो पर 1 किलो का अनाज कम देने का मामला सामने आया। साथ ही कई कुंतल अनाज गबन का मामला सामने आया। पूर्ति अधिकारी ने ग्रामीणों की बयान लेकर जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया ।जिनके निर्देश पर पूर्ति अधिकारी ने कोटेदार कुबेर राम के खिलाफ लापरवाही और घोटाला के आरोप में तहरीर थाने पर दी।

## सांसद ने वितरित किया आयुष्मान भारत योजना और आधार कार्ड



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता ,रमेश प्रसाद सोनी,गाजीपुर** । आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक का निशुल्क इलाज के लिए आयुष्मान योजना के तहत लाभार्थियों का अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाने और लाभार्थियों में वितरित करने के कार्यक्रम के तहत रविवार को बलिया के सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने मोहम्मदाबाद स्थित शंकर कोल्ड स्टोरेज में आयुष्मान कार्ड के साथ ही साथ पंडित दीनदयाल कैशलेस कार्ड के तहत आभा कार्ड लाभार्थियों में वितरण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद के अधीक्षक डॉ आशीष राय ने बताया कि शासन के द्वारा शत प्रतिशत आबादी का आभा कार्ड बनाए जाने का लक्ष्य है। जिसके तहत उनके ब्लॉक में आभा कार्ड बनाए जाने का कार्य जोरों शोर पर चल रहा है। इस कार्ड के जरिए लाभार्थियों का चिकित्सीय रिकॉर्ड दर्ज होता है। जिस किसी भी स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक मरीज का ऑनलाइन रिकॉर्ड देखकर उनका इलाज कर सकता है। इसके अलावा भारत सरकार के द्वारा आयुष्मान कार्ड जिसके लाभार्थियों को 5 लाख तक का निशुल्क का इलाज कि सुविधा दी गई है। और शासन का निर्देश है कि शत प्रतिशत लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड वितरण किया जाए। इसी के क्रम में बलिया के सांसद वीरेंद्र मस्त के द्वारा लाभार्थियों में आभा कार्ड और आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। उन्होंने बताया की आयुष्मान भारत योजना में कार्ड बनने के दिन से ही पूर्व के बीमारियों के इलाज का लाभ लाभार्थी उठा सकता है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड पाने के बाद लाभार्थियों में उत्साह देखने को मिला। कारण की कई लाभार्थी के परिजन का इलाज चल रहा है । और इस कार्ड के जरिए उन्हें चिकित्सा करने में काफी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निजी चिकित्सालय में प्रति परिवार प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए तक का निशुल्क चिकित्सा की सुविधा है। इसके अलावा यह सुविधा उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त अन्य राज्यों में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आबद्ध निजी चिकित्सालय में भी सुविधा मिल सकती है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना का लाभ के लिए भारत सरकार के द्वारा एक टोल फ्री नंबर 1800 1800 4444 14555 भी जारी किया गया है। जिस पर फोन करके इस योजना के संबंध में अधिक जानकारी पाया जा सकता है।

### ग्रामीण अंचलों में अपराध रोकने के लिए सीसी कैमरा लगाने की हुई अहम बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय ,जखनियां गाजीपुर** । भुड़कुड़ा कोतवाली में आज शाम 3:30 बजे पुलिस उपाधीक्षक, खंड विकास अधिकारी सहित ग्राम प्रधानों की आवश्यक बैठक आयोजित हुई। पुलिस उपाधीक्षक शेखर सेंगर ने कहा कि शासन का सख्त आदेश है की गांव के सार्वजनिक स्थान, चौराहा, मंदिर , भावनो,रास्ते पर सीसी कैमरे और पब्लिक लाउडस्पीकर लगाई जाए। सीसी कैमरा लग जाने से अपराध प्रतिशत रखेगा और फर्जी तरीके से आरोप लगाने वालों पर भी शिकंजा कसेगा। साथ ही सीसी कैमरे होने की वजह से अपराधी भयभीत होंगे। इस सिलसिले में खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम ने कहा कि ग्राम प्रधान राज्य वित्त से सी सी कैमरा लगा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के दृष्टि से सीसी कैमरे लगाना हर लोगो को लगाना जरूरी है।यह कार्य हर लोगो के सहयोग से होना है इस कार्य में समाजसेवी,संभ्रांत नागरिक भी चढ़बढ़ कर हिस्सा ले।इस मौके पर कोतवाल तारावती,उपनिरीक्षक हीरामढ़ी यादव,प्रधान प्रतिनिधि सर्वानंद उर्फ झुना सिंह,वीरेंद्र यादव, संजय यादव,संदीप जायसवाल,अभय राम, श्यामपत राजभर,सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### समाजवादी पार्टी के नवमनोनीत प्रदेश सचिव रमेश पांडेय जी का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी,गाजीपुर।** समाजवादी पार्टी की जहूराबाद विधानसभा इकाई के तत्वावधान में कासिमाबाद मैरेज हाल में कार्यकर्ताओं ने विधानसभा अध्यक्ष जै हिंद यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के नवमनोनीत प्रदेश सचिव रमेश पांडेय जी का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया ।इस स्वागत समारोह में सभी कार्यकर्ताओं ने रमेश पांडेय जी को बधाई दी और मुंह मीठा कराकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रजनीकांत, भगवान यादव, शिवमुनि यादव और शिवकुमार यादव ने समाजवादी गीत के माध्यम से उनका स्वागत किया। इस स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने इस मनोनयन के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनके मनोनयन से दल को मजबूती मिलेगी और संगठन धारदार होगा । उन्होंने कहा कि रमेश जी के मनोनयन से पार्टी के लिए काम और संघर्ष करने वाले कार्यकर्ताओं का हौसला बुलंद और उनमें नई ऊर्जा का संचार हुआ है। अपने स्वागत से अभिभूत रमेश पांडेय जी ने कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा जिस भरोसे और विश्वास के साथ पार्टी ने हमें यह सम्मान और भरोसा जताते हुए जिम्मेदारी सौंपी है उस पर शत् प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करूंगा और पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि आज देश संकट में है। देश का संविधान, लोकतंत्र और आम आवाम खतरे में है। भाजपा सरकार की संकीर्ण एवं साम्प्रदायिक सोच के चलते देश में आपसी भाईचारा, सौहार्द और देश की गंगा जमुनी तहजीब और सांझी विरासत की संस्कृति को नुक्सान पहुंचा है । उन्होंने कहा कि देश के संविधान, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय व समाजवाद की रक्षा तथा नफरत की सियासत को खत्म करने के लिए भाजपा सरकार का खात्मा जरूरी है । उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था से प्रदेश की जनता योगी सरकार के खिलाफ गुस्से में है ।

### अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के करंडा ब्लॉक अध्यक्ष चुने गए मोती यादव



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी ,गाजीपुर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा का महासम्मेलन व सम्मान समारोह जिला अध्यक्ष सुजीत कुमार यादव के नेतृत्व में करंडा ब्लॉक अंतर्गत बेदौली स्थित शिवनाथ चौधरी बालिका इंटर कालेज में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सर्व सहमति से करंडा ब्लॉक का अध्यक्ष बक्सा ग्राम सभा के ग्राम प्रधान मोती यादव को चुना गया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि इस सम्मेलन से यादव समाज को एक दिशा मिलेगी और समाज में भाईचारा का एक संदेश जाएगा। यादव समाज हमेशा जनहितकारी कार्य किया है। वहीं नवनिर्वाचित ब्लाक अध्यक्ष मोती यादव ने बताया कि मैं बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं कि लोगों ने मुझे ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी भाई को कोई समस्या आती है तो संगठन उनका पूरा सहयोग करेगा। इस मौके पर प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष व एमएलसी प्रत्याशी मदन यादव, रामबचन यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष करंडा द्वितीय हरेंद्र यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष करंडा तृतीय पंकज यादव, रूद्रप्रताप यादव,दीपक यादव,मोनू यादव, मनीष यादव, अरविंद यादव समेत हजारों संख्या में भीड़ रही।

कार्यक्रम | मन कि बात कार्यक्रम का बहुत बड़ा महत्व और योगदान है

## नवागत भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी,गाजीपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 105 वें संस्करण को भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जिले के सभी बूथों पर सुना व देखा गया। सुहवल मंडल के देवा बैरन गांव के बूथ संख्या 320 पर जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने मन की बात सुनकर उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों से प्रेरित होकर कार्य करने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा में शामिल कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता लगातार सेवा समर्पित है। उन्होंने कहा कि आगामी दो अक्टूबर को प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छता तथा खादी को प्रोत्साहन के लिए प्रधानमंत्री जी ने जो आह्वान किया है उसके लिए हमें तन्मयता से लगकर कार्य करना है। जंगीपुर विधानसभा के बुथ संख्या 284 राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज पर लोकसभा संयोजक एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्ण बिहारी राय ने मन की बात कार्यक्रम को देखते हुए कहा कि भारत कि प्रतिभा और विशेषताओं को प्रोत्साहित करने मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन कि बात कार्यक्रम का बहुत बड़ा महत्व और योगदान है।आज देश की खोई और विलुप्त हो रही लोक कला, सभ्यता और संस्कृति को पुनर्जीवित करने का अवसर मिला है। प्रतिभा और कुशाग्रता को स्थान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सोच मे शामिल हैं। निवर्तमान जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 105 वें एपिसोड को शक्ति केंद्र व ग्रामसभा बरहट के बूथ संख्या 351 पर बूथ समिति के साथ सुने और कहा कि देश की लोक संस्कृति, लोक परम्परा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व काल में सुदृढ व मजबूत हुई है और यह प्रयास इसी तरह से चलता रहा तो आने वाले समय में भारत अपनी पुरातन संस्कृति को विश्व में स्थापित करने में सफल होगा। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा ने गाजीपुर सदर विधानसभा के बुथ संख्या 212 कपुरपुर पर उपस्थित रहकर मन की बात सुनी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचारों के प्रति समर्पित होकर कार्य करने का आह्वान किया।सकरताली मे जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा तथा सरैया छावनी लाइन बुथ पर अजीत सिंह के घर पर मन की बात कार्यक्रम को सुना गया।

## सरकारी राष्टीय परिसंघ के महासचिव साधू सिंह ने किया पहल



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ के महासचिव साधू सिंह एवं भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष बिरेन्द्र नाथ सिंह ने कानपुर में स्थित रक्षा संस्थानों का दौरा किया , जिसमे फूलबाग में स्थित आयुध उपस्कर निर्माणी कानपुर , आयुध निर्माणी पैरासूट, एवं फ़ील्ड गन फैक्ट्री कानपुर प्रमुख रूप से है, तथा कार्यरत कर्मचारियों एवं यूनियन से मिल कर व्याप्त समस्यायें जिनमे प्रमुख रूप से नेगेटिव पिसवर्क, कच्चे माल की कमी, स्थानान्तरण सम्बंधित समस्याएं, ओ.टी. एरियर का भुगतान जैसे अन्य विषयों को संज्ञान में लिया तथा उक्त समस्याओं का उचित फोरम पर समाधान कराने का आश्वासन दिया उसके पश्चात सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ के महासचिव साधू सिंह ने सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाली एवं एन. पी. एस. को समाप्त करने को लेकर बताया की भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ एवं सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ 22 नवम्बर को दिल्ली में जंतर-मंतर पर विशाल धरना प्रदर्शन कर रहा है तथा इस धरने के माध्यम से भारत सरकार को यह सन्देश भी देना चाहता है की 01-01-2004 के पश्चात् भर्ती कर्मचारियों को पुरानी पेंशन की व्यवस्था लागू की जाए इस विषय पर सभी निर्माणियो के यूनियनों एवं कर्मचारियों ने कहा की हम तन-मन-धन से इस विशाल धरना प्रदर्शन में सम्मिलित होंगे तथा यह भी अवगत कराया की कानपुर से हजारो कर्मचारी दिल्ली में जंतर-मंतर पर पहुंचेंगे और 22 नवम्बर के कार्यक्रम को सफल बनायेंगे अंत में एडवांस वेपोन इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड के IR मेम्बर श्री वेद व्यास मणि जी ने बताया की AWEIL GROUP ने कर्मचारियों के लिए इंसेंटिव पालिसी का प्रपोसल दिया है परन्तु उसमे कुछ कमिया होने के कारण संसोधन कराकर महासंघ के साथ संयुक्त वार्ता करके सही पालिसी लागू कराया जायेगा जिससे की सभी को लाभ मिल सके उक्त पुरे कार्यक्रम में जितेन्द्र सिंह ,रामशंकर विश्वकर्मा, योगेन्द्र चौहान, लाल बहादुर यादव, दीपक शुक्ल, प्रेम शर्मा, जय यादव, पियूष परिहार, संतोष मिश्रा, अभिषेक कुमार इत्यादी लोग उपस्थित थे I

## ख़ास ख़बर

### गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने वंदे भारत को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**दैनिक शुभ भास्कर,संवाददाता,मधुपुर/ देवघर** । गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने रविवार को पटना -हावड़ा वन्दे भारत एक्सप्रेस को हरि झंडी दिखाकर मधुपुर स्टेशन से हावड़ा के लिए रवाना किया। इस अवसर पर देवघर विधायक नारायण दास, डीआरएम आसनसोल चेतनानंद सिंह, समाजसेवी अरुण गुटगुटिया, संजय यादव,पूर्व भाजपा विधायक प्रत्याशी गंगा नारायण यादव,बहुजन समाज पार्टी विधानसभा प्रभारी जिया उल हक उर्फ टार्जन रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए एवं वन्दे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर एसीएस आसनसोल मधुपुर स्टेशन स्टेशन प्रबंधक एसके पाठक, बुकिंग सुपरवाइजर मनोज कुमार, बीजेपी वरिष्ठ नेता अधीर चंद्र भैया, बीनू यादव, विनय कुमार, अशोक गौड़ आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### साइकिल रैली का हुआ आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर,संवाददाता,मधुपुर** । स्वीच ऑन फाउन्डेशन के तत्वाधीन में देवीपुर यूथ क्लब के द्वारा देवीपुर में वर्ल्ड कार- फ्री डे के अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ साइकिल रैली का आयोजन किया गया और लोगो को जायदा से जायदा साइकिल का उपयोग कर अपने पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए संदेश दिया गया।

### बहुजन समाज पार्टी विधानसभा प्रभारी ने गोड्डा सांसद को मांग पत्र सोंपा

**दैनिक शुभ भास्कर,संवाददाता,मधुपुर/ देवघर** ।

मधुपुर बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा प्रभारी जिया उल हक उर्फ टार्जन ने रविवार को गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे को यात्रीयों की सुविधा को लेकर पांच सुत्री मांग को लेकर गोडडा सांसद निशिकांत दुबे को ज्ञापन सोंपा। जिसमें श्री हक ने पांच मांगो में मधुपुर में( १) बंदे भारत ट्रेन का ठहराव (२)धनबाद देवघर के लिए ईएमयू सवारी गाड़ी सुबह 7:00 के बाद संचालित किया जाए,(३) जसीडीह अथवा गिरिडीह से एक ईएमयू ट्रेन का परिचालन वर्धवान तक किया जाए,(४) सुबह 6:00 से 11:00 तक मधुपुर से कोई ट्रेन पटना की ओर नहीं जाती है एक एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जाए,(५) मधुपुर रेलवे स्टेशन के दक्षिण में चल रहे हैं टिकट घर को बंद कर दिया गया है जिसे यात्रियों को परेशानी हो रही है। उसे अभिलंब प्रारंभ किया जाए। उन्होंने सांसद श्री दुबे से आग्रह किया है कि इस बिंदु पर विचार करते हुए सीध्र पूरा करने की कृपा करें।

### खनन विभाग की कारवाई, टीम बनाकर बालू खनिज अवैधकर्ताओं पर कसी नकेल



**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग**। जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में खान निरीक्षक,एसीएफ हजारीबाग तथा बड़कागांव एवं सदर प्रक्षेत्र के वनकर्मी के द्वारा गत रात्रि संयुक्त जाँच अभियान चलाया गया। जाँच के क्रम में मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुकुंदगंज चौक के पास बड़कागांव की तरफ से आ रही तीन हाईवा संख्या JH02AR9629, JH02AP2423 एवं JH02AX1633 को अवैध रूप से बालू खनिज का परिवहन करने के बाबत जब्त करते हुए दो वाहन चालक दुलारचन्द्र कुमार मेहता एवं रोहित कुमार को गिरफ्तार कर अवैध कार्य में लिप्त बालू कारोबारी यदु प्रसाद दाँगी एवं अनिल कुमार पर मुफ्फसिल थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया। मौके पर जिला खनन पदाधिकारी ने कहा कि अवैध खनिज परिवहन की जाँच लगातार जारी रहेगी ।

### स्व0 कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न और नाई समाज को अनुसूचित जाति की श्रेणी में सूचीबद्ध करने की अपील



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा**। जन नायक स्व० कर्पूरी ठाकुर (पूर्व मुख्यमंत्री, बिहार) को भारत रत्न से सम्मानित करने हेतु एवं नाई जाति को अनुसूचित जाति का दर्जा देने के सम्बन्ध में नाई समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने दुमका सांसद सुनील सोरेन को एक स्मार पत्र सौंपा । उनके द्वारा मांग कि गई की बिहार राज्य के दो-दो बार मुख्यमंत्री पद को सुशोभित करने वाले समाज सुधारक सामाजिक न्याय के मसीहा स्व० कर्पूरी ठाकुर को भारत का सर्वोच्च रत्न भारत रत्न' से विभूषित किया जाय। राष्ट्रीय नाई सभा के सभी सदस्यों एवं तमाम दबे-कुचले शोषित पीड़ित हजामत का पेशा चलाकर जीविकोपार्जन करने वाले नाई जाति, जो आर्थिक रूप से अत्यन्त पिछड़ी जाति है को अनुसूचित जाति की श्रेणी में सूचीबद्ध किया जाय ताकि नाई जाति भी समाज के विभिन्न क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा सके।

# पूर्व पाणन सचिव पर लाखों रुपए गबन का आरोप, जांच के लिए पहुंची टीम



**दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा** । कृषि उत्पादन बाजार समिति जामताड़ा के पूर्व पाणन सचिव द्वारा लाखों रुपए के गबन का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत मिलने के बाद रांची की टीम जांच के लिए जामताड़ा पहुंची। टीम ने जामताड़ा कृषि उत्पादन बाजार समिति के कार्यालय में घंटों तक फाइलें और बही- खाता खंगाला। आरोप है कि पूर्व पाणन सचिव ने सेवानिवृत्त कर्मचारी को मिलने वाली राशि का गबन किया है। जामताड़ा कृषि उत्पादन बाजार समिति के पूर्व सचिव द्वारा लाखों रुपए की सरकारी राशि का गबन मामले जांच के दौरान कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। करीब 6 लाख 24 हजार सेवानिवृत कर्मचारियों को मिलने वाली ग्रेच्युटी, ग्रुप बीमा की राशि, गुदड़ी हाट की दुकानों के किराए की राशि में हेराफेरी का मामला उजागर हुआ है। मामले का खुलासा तब हुआ जब वर्तमान कृषि उत्पादन बाजार समिति के सचिव आनंद कौशल योगदान देने पहुंचे। नवपदस्थापित पाणन सचिव ने जब कृषि उत्पादन बाजार समिति के सचिव पद पर योगदान दिया और खाता-बही की जांच की तो पता चला कि पूर्व सचिव राजेश कुमार द्वारा गलत तरीके से 6 मलाख 24 हजार रुपए सरकारी राशि की निकासी कर ली है।इसमें सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भुगतान हुआ ही नहीं हैं। मामला उजागर होने के बाद वर्तमान पाणन सचिव ने निवर्तमान पाणन सचिव को शो कॉज करते हुए राशि जमा करने को कहा और इसकी सूचना रांची मार्केटिंग बोर्ड के प्रबंध निदेशक को दी। इस संबंध में वर्तमान सचिव आनंद कौशल ने बताया कि जब उन्होंने योगदान दिया और खाता-बही की जांच की तो पता चला कि 6 लाख 24 हजार रुपए पूर्व पाणन सचिव राजेश कुमार द्वारा निकासी कर ली गई है, जो सरकारी राशि की गबन का मामला है। वर्तमान पाणन सचिव ने बताया कि इसको लेकर उन्होंने निवर्तमान पाणन सचिव को शो कॉज किया और राशि जमा करने की बात कही। साथ ही इसकी जांच के लिए विभाग को भी सूचना दे दी गई। मामले का खुलासा होने के बाद रांची मार्केटिंग बोर्ड के प्रबंध निदेशक द्वारा गठित टीम जांच के लिए जामताड़ा पहुंची और कृषि उत्पादन बाजार समिति जामताड़ा कार्यालय पहुंचकर खाता-बही को खंगाला।जांच के लिए पहुंची टीम ने बताया कि मामले की जांच कर ली गई है। रिपोर्ट हेड क्वार्टर को सौंप दिया जाएगा। बहरहाल, मामले को लेकर टीम विभाग को क्या जांच रिपोर्ट सौंपती है और विभाग इस पर क्या कार्रवाई करता है यह तो आने वाले समय में ही पता चला पाएगा, लेकिन इतना जरूर है कि इतनी बड़ी राशि का गबन का मामला उजागर होने के बाद भी अब तक मामले में ना तो प्राथमिक दर्ज की गई है और नाही पूर्व पाणन सचिव पर कोई कार्रवाई हुई है।

# आदिवासी केंद्रीय सरना समिति के बैनर तले कर्मा पूर्व महोत्सव धूमधाम से मनाया गया




**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग**। आदिवासी केंद्रीय सरना समिति के बैनर तले कर्मा पूर्व महोत्सव को धूमधाम से मनाया गया जिसका नेतृत्व आदिवासी केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष महेंद्र बैंक व संचालन सचिव सुनील टोप्पो एवं निरंजन टोप्पो ने किया। इस करमा पर्व महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार द्वारा प्राप्त राज्य मंत्री फागु बेसरा विशिष्ट स्थिति के रूप कृपाल कच्छप ,बालकृष्ण टुडू, अकल उरांव ,किस्टो बेसरा, एवं सरना समिति की ओर से जिला पहान बंधन टोप्पो जितवाहन भगत ,महेंद्र कुजूर ,मनोज टुडू ,सुनील लकड़ा, महेंद्र टोप्पो, रमेश हेंब्रम सुधीर बास्के द्वारा दीप प्रज्वलित कर करमा पुर्व महोत्सव का शुभारंभ किया गया। जिला पहान बंधन टोप्पो ने करमा पूजा के संबंध अपनी पौराणिक कथा करमा,धरमा, की कहानी बताया,जिसमें करमा ,धरमा ने करमा देवता का अपमान किया था जिससे उसकी जिंदगी में सुख शांति समृद्धि सब छिन चुका था उसके स्वप्न पर आया कि कर्म देवता से क्षमा मांग ही तुम्हारी सुख शांति समृद्धि आ सकती है , उसके बाद सही करमा पर्व प्रत्येक साल मनाया जाता है। मुख्य अतिथि झारखंड सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त राज्य मंत्री फागु बेसरा ने सभी को कर्म की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि करमा पर्व आदिवासियों का सबसे बड़ा पर्व में से एक है जिसमें कम देवता के साथ-साथ भाई बहनों की प्रति प्रेम को दर्शाता है।भाई बहने कर्म देवता से आराधना करती है कि हमारे घर की खेत, खलियान, फसल, अच्छी तरह से हो घर में सुख शांति समृद्धि बनी रहे घर परिवार का स्वास्थ्य अच्छा रहे। साथ-साथ कहा कि झारखंड सरकार का स्पष्ट तौर से पहली प्राथमिकता है कि झारखंड में सभी जगह आदिवासियों के सरना स्थल , मांझी थान ,जाहेर थान,का घेराबंदी , सुंदरीकरण का कार्य तेजी से हो रहा है और हमारी प्राथमिकता है कि हजारीबाग के सरहुल मैदान जहां आदिवासियों की पूजा स्थल है उसका भी घेराबंदी एवं सुंदरीकरण जरूर होगा। विशिष्ट अतिथि कृपाल कच्छप ने फागूज की बातों का समर्थन किया और धन्यवाद किया कि आदिवासियों का चौतरफा वार किया जा रहा है। पूर्व में जल जंगल जमीन पर गैर तरीके से वार किया जाता था वर्तमान में हमारे धर्मस्थल पर संकट आ गई है और उनके बातों से हमें पूरा यकीन है कि हमारा सरहुल मैदान पूजा स्थल की घेराबंदी एवं सुंदरीकरण जरूर होगा। विशिष्ट अतिथि किस्टो बेसरा ने सभी को करमा महोत्सव की शुभकामनाएं दी। और इस करमा पर्व,कर्म देवता के साथ-साथ भाई बहनों की प्यार को दर्शाता है भाई अपने बहनों की रक्षा एवं उसकी सभी सुख-दुख में जिंदगी भर खड़े रहने की संकल्प लें एवं बहनों की आंखों में कभी आंसू ना आए ऐसा कार्य करें। बालकृष्ण टुडू ने कहा कि हम सभी आदिवासियों को अपने धर्म के प्रति कट्टर रहने की आवश्यकता है हमारे पूजा स्थल, धर्मस्थल , शहर अखाड़ा,के चारों तरफ गंदगियों का अंबार भरा रहता है फिर भी हम किसी प्रकार का एक्शन नहीं लेते हैं हमारी शांत स्वभाव ,शालीनता, हमारी दुर्गति का परिणाम है हमें भी अपने धर्म के प्रति प्रेम करना चाहिए और जहां जो हमारे धर्मस्थल को क्षति करता है उसके प्रति हमें कठोर रूप से कार्य करने की जरूरत है। रमेश हेंब्रम ने कहा कि वर्तमान समय में आदिवासियों पर चौतार पर वार किया जा रहा है और इसके लिए हमें गांव गांव पर जाकर लोगों को जागरुक कर ताकत बनने की अपील किया। यंग ब्लड आदिवासी समाज सह ऑल संथाल स्टूडेंट यूनियन के अध्यक्ष ने कहा कि सभी को करमा पर्व की शुभकामनाएं दी और पूरे झारखंड में सुख शांति से कर्मा पूजा मनाये। हमारे मुख्य प्राथमिकता है सरहुल मैदान स्थित अपने सरना स्थल, मांझी थान, जाहेर थान की परिपूर्ण रूप से घेराबंदी एवं शुद्धिकरण हो और इसके लिए अपने जान को निछावर करने के लिए तैयार है। क्योंकि हमारे शहर अखाड़ा हमारे कला संस्कृति विधि विधान का मुख्य केंद्र है और और हजारीबाग स्थित सरहुल मैदान हमारे सांस्कृतिक केंद्र है और इसी से हीकेंद्र से ही सभी ग्रामीणों के एकता के तार जुड़े हुए इसलिए किसी भी हाल में अपनी सांस्कृतिक केंद्र और अवमानना बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। शहर अखाड़ा एवं धूमकुडिया में हजारीबाग जिले के सभी ग्रामीणों ने अपने करमा के मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम दिखाई। इनमें ग्राम कोरा , हत्यारी,पतरातू ,बिरवा कॉलोनी, हत्यारी ,लाखे, आदिवासी बालक बालिका छात्रावास, पुलिस लाइन,सिंघानी, चरही,ब्रह्मपुर, सभी अपने कर्मा के सुंदर नृत्य संगीत को प्रदर्शन किया।करम पूर्व महोत्सव को संपन्न कराने में केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष महेंद्र बैंक ,कोषाध्यक्ष जितवाहन सचिव सुनील लकड़ा उपाध्यक्ष फुलवा कचछप, सरोज लकड़ा, महेंद्र टोप्पो ,संरक्षक कृपाल कच्छप, महेंद्र कुजूर, रतन करकेट्टा, पाहन बंधन टोप्पो, रूपन सोरेन, सुनील टुडू हरीश मुर्मू राजकुमार किस्कू,चंदन किस्कू,छोटे किसकू रोपण सोरेनराम किशोर मुर्मू विस्थापित मंच मोर्चा अध्यक्ष चरही, महेंद्र मुर्मू मुखिया दिग्वार पंचायत, समाजसेवी मथुरा मांझी शिवजी टुडू,दिलीप हेंब्रम ,महावीर हेंब्रोम, प्रदीप मुर्मू, एवं ऑल संथाल स्टूडेंट यूनियन अध्यक्ष केंद्रीय अध्यक्ष मनोज टुडू ने अहम भूमिका निभाई।

### जामताड़ा(मिहिजाम )पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब किया जब्त



**दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा** । पुलिस अधीक्षक जामताड़ा अनिमेष नैथानी को गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध शराब व्यवसाई भारी मात्रा में शराब मोटरसाइकिल में लादकर मिहिजाम रोड में जा रहे हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक जामताड़ा ने थाना प्रभारी पु०अ०नि० प्रणय सत्यम, सशस्त्र बल के हवलदार जेम्स मुर्मू, हवलदार संतोष पासवान, टाईगर मोबाईल के आरक्षी अनुरोध रजक के नेतृत्व में अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी हेतु एक टीम गठित की और छापामारी कर अवैध शराब को जब्त की। विदित हो कि 24 सितंबर रविवार को शाम करीब 4 बजे को जैसे ही मिहिजाम थाना मोड़ के पास अवैध शराब के छापामारी हेतु पुलिस पार्टी पहुँची तो देखा कि दो भरा हुआ बोरा एक मोटरसाईकिल में लोड कर जामताड़ा की ओर जा रहे थे। उक्त मोटरसाईकिल को रुकने का ईशारा करने पर मोटरसाईकिल चालक और अत्यधिक तेज गति से मोटरसाईकिल चला कर भागने लगा। पुलिस वाहन के द्वारा उक्त मोटरसाईकिल का पीछा करने पर उक्त मोटरसाईकिल में और एक अन्य बैठे व्यक्ति के द्वारा अमोई पुल के पास दो भरा बोरा फेंककर भागने लगे । उक्त मोटरसाईकिल को पकड़ने का प्रयास किया गया परन्तु मोटरसाईकिल चालक काफी तेज गति से मोटरसाईकिल लेकर भाग गये। सशस्त्र बल के उपस्थिति में उक्त बोरे में रखे रॉयल चैलेंज 180 एम एल का 12 पीस,रॉयल स्टैग 180 एम एल का 12 पीस,स्टर्लिंग रिजर्व 180 एम एल का 11 पीस,मैकडोवेल 180 एम एल का 12 पीस,टबवर्ग बीयर 650 एम एल का 12 पीस,बड वाइजर बीयर 500 एम एल का 72 पीस अवैध शराब को जब्त किया गया। छापामारी दल में पु०अ०नि० थाना प्रभारी प्रणय सत्यम, हवलदार जेम्स मुर्मु, हवलदार संतोष पासवान,टाईगर मोबाईल के आरक्षी अनुरोध रजक सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

### कांग्रेस विधानसभा उपविजेता डॉ आरसी मेहता ने पंचायत भ्रमण में कहा इचाक हजारीबाग जिला का भ्रष्टतम प्रखंड़



**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग** । हजारीबाग विधानसभा कांग्रेस उपविजेता डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने पुराना इचाक पंचायत बंदुवा दर्जी मोहल्ला कुरहा तेतरिया जलौनध इत्यादि गांवो का दौरा कर सैकड़ो लोगों से संपर्क करते हुए लोगों की समस्याएं सुनते हुए कहां कि देश को भ्रष्टाचार दीमक से ज्यादा खोखला कर रहा है देश भ्रष्टाचार तंत्र की ओर बढ़ रहा है हजारीबाग जिला और जिला के इचाक प्रखंड सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार से पीड़ित है यहां के मठ मंदिर मस्जिद जंगल कब्रिस्तान समशान तक को भ्रष्टाचारी-भुमाफिया लोग के सह पर पणजी टु और खतियान चोरी कराया गया, तदो प्रांरानत जमीन हेरा फेरी किया जा रहा है आधे जमीन खतियान चोरी के बाद विवादित हो चुका है चोरी का खुलासा आज तक नहीं हुआ है पंजी टू आज तक थाने और कोर्ट कचहरी के ठंडा बक्से में रखा गया है बंदुवा गांव के गरीब गिरी गोसाईं झोपड़ी में रहने को विवश है यदि सरकार ध्यान नहीं दी तो भूमि विवाद मारपीट में आनेको जाने जा सकती है बिना रिश्वत के कोई काम नहीं हो रहा है सरकार इसे तत्काल संज्ञान में ले कर जनता का कल्याण करें। प्रमंडलीय प्रवक्ता प्रोफेसर ब्रजकिशोर मेहता ने कहा की जन जन कि इच्छा है की मध्यान भोजन के जगह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले 5 किलो अनाज के जगह रोजगार मिले, महंगाई कम हो। निजीकरण के जगह सरकारी संस्थान खुले और बेरोजगारों को नौकरी मिले सबसे ज्यादा बेरोजगार हताश है भ्रष्टाचार कम करने का कानून बने, भ्रष्टाचार से सभी त्रस्त है कार्यक्रम में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष लालमोहन रविदास कांग्रेस नेता संदीप धवन बच्चन बिहारी लाल मंडल उपाध्यक्ष मौलाना मुख्तार बृजेश सिंनहा रंजीत मेहता अनीता गिरी रोहित गिरी महेंद्र गिरी मोहम्मद तहकिक बबलू सिंन्हा महावीर चंद्रवंशी चंदू चंद्रवंशी सुनील मेहता सहित सेकडो लोग क्षेत्र भ्रमण में शामिल रहे।

### एसएमसी के सदस्यों की जांच परीक्षा आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/ जामताड़ा**। उत्क्रमित मध्य विद्यालय बारघरिया सहित विभिन्न सीआरसी में एसएमसी के सदस्यों की साक्षरता एवं संख्यात्मक जांच परीक्षा ली गई। मालूम हो कि नव भारत साक्षरता कार्यक्रम एनआईओएस/एनएलएमए द्वारा निर्धारित बुनियाद साक्षरता एवं संख्यात्मक जांच परीक्षा आयोजित किया गया।इस दौरान उत्क्रमित मध्य विद्यालय श्रीपुर, म मध्य विद्यालय नाला, उत्क्रमित उच्च विद्यालय कालीपहाड़ी ,,उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोहनपुर ,मध्य विद्यालय खैरा ,उत्क्रमित उच्च विद्यालय कृष्णपुर ,मध्य विद्यालय देवली कुलडंगाल ,उत्क्रमित उच्च विद्यालय सुंदरपुर ,प्राथमिक विद्यालय नीलजुड़िया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बारघरिया आदि संकुल में परीक्षा ली गई। इस अवसर पर विभिन्न सीआरसी में संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह केंद्राधीक्षक की देखरेख व पर्यवेक्षक में परीक्षा ली गई। वहीं वीक्षक के तौर पर मुकेश कुमार सिंह, अनुप कुमार सिंह, अपर्णा सिंह, बामापद मंडल, मागाराम दास, एन्थोनी किस्कु, सबीर अली,राजू बाउरी,मधुसूदन मंडल, गोपीनाथ मंडल, प्रिय रंजन, कमल चंद्र गोराई, गौतम पैतंडी, पूर्णेन्दु घोष, प्रवीर भुंई, सुभाष मरांडी,इन्दु झा,अरूण कुमार माजी,काजल कुमार माजी,सुनील कुमार गोरांई, सुनीती मरांडी, अरूण कुमार माजी,काजल कुमार माजी आदि प्रतिनियुक्त थे।

**बैठक** पत्रकार उत्तम झा के इलाज में आर्थिक सहयोग विषय पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया

# नाला पीडब्ल्यूडी में नाला विधानसभा स्तरीय प्रेस क्लब की बैठक आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला (जामताड़ा)**। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को नाला पीडब्ल्यूडी परिसर में नाला विधानसभा स्तरीय प्रेस क्लब की बैठक हुई। बैठक का अध्यक्षता भुजंग भूषण तिवारी ने की। बैठक में मुख्य रूप से दैनिक भास्कर के पत्रकार उत्तम झा के इलाज में आर्थिक सहयोग विषय पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। मालूम हो कि बैठक में फतेहपुर, कुंडहित एवं नाला प्रखंड के सभी पत्रकारों ने अपना विचार व्यक्त किया। इस दौरान कई प्रस्ताव लिए गए। इस क्रम में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी प्रखंड में वहां के पत्रकारों की एक टीम गठित कर सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थान एवं प्रतिष्ठानों में आर्थिक सहयोग को लेकर सबों की भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर नाला, कुंडहित एवं फतेहपुर प्रखंड के पत्रकार समर्पित होकर कार्य करेंगे। निर्णय लिया गया कि जिले के सक्षम पदाधिकारी के अलावा जामताड़ा अधिवक्ता संघ से भी आर्थिक सहयोग हेतू लिखित आवेदन के साथ सामुहिक संपर्क करेंगे। इस दौरान जिला स्तर पर कोष संग्रह हेतू प्रतिनिधिमंडल का भी गठन किया गया साथ ही दायित्व सौंपा गया।इस अवसर पर पत्रकार शिरोमणि यादव,वासुदेव झा,तपन महतो,उत्तम कुमार मुनि, जगन्नाथ बाउरी, विजय कुमार सिंह,प्रेम शंकर पाठक,,भुजंग भूषण तिवारी,अब्दुल रज्जाक,गौतम ठाकुर, दिलीप कुमार चोपदार,चंदन मंडल,मोहन मंडल, राहुल देव वर्मन, चंदन कुमार मंडल, विवेक आनंद, प्रकाश कुमार दत्ता, विकास झा,सहित अन्य पत्रकार मौजूद थे।

# हजारीबाग में भारतीय प्रशासनिक सुधार के बैनर तले रक्त दान शिविर का आयोजन




**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग**। रविवार को भारतीय प्रशासनिक सुधार के अंजुला कुमारी जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ के आदेशानुसार हजारीबाग में IPGC के बैनर तले रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर का आयोजन थेलेसिमिया पीड़ितों को रक्त की आवश्यकता को पूरा करने के उद्देश्य से किया गया था।इस शिविर में कुल 14 लोगो ने अपना रक्त दान कर इस शिविर को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।इस कार्यक्रम के निवेदन तथा संचालक विकास कुमार ( जिला उपाध्यक्ष पुरुष प्रकोष्ठ) तथा सहायक संचालक पूनम देवी ( जिला उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ) थी ।यह पूरा कार्यक्रम इन्ही की देख भाल में संपन्न कराया गया।इस शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान विकास कुमार (जिला उपाध्यक्ष),पूनम देवी (जिला उपाध्यक्ष),विकास कुमार (जिला उप सचिव),भीम राम (जिला उप सचिव) ,प्रीति कुमारी (जिला सहायक सचिव),जितेंद्र कुमार (समाज सेवी),अलख राणा( समाज सेवी),सतीश कुमार ( समाज सेवी),शिवपूजन कुमार,मुकेश कुमार,प्रगति शर्मा ,पंकज कुमार सिंह जैसे समाज सेवियों का था । जिन्होंने रक्त दान कर इस कार्यक्रम को सफल बनाया ।साथ ही इस कार्यक्रम में हजारीबाग जिला के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोहर कुमार भी उपस्थित हुए और हजारीबाग टीम को खूब सराहा। इस सराहनीय कार्य के लिए पूरी हजारीबाग टीम को खास कर विकास जी और पूनम जी को बधाई देना चाहूंगी की इन्होने इतनी सफलता पूर्वक इस कार्यक्रम को संपन्न कराया ।

## ख़ास ख़बर

### सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जिला प्रशासन बलरामपुर के सहयोग से आयोजित हुआ

**बलरामपुर** । भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अन्तर्गत सम्पूर्ण भारत में कुल 74 सामाजिक अधिकारिता शिविरों का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ था। यह शिविर समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केन्द्र ;सी0आर0सी0द्ध लखनऊ, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार तथा जिला प्रशासन बलरामपुर के संयुक्त तत्वावधान में जनपद बलरामपुर में स्थित एम0एल0के0 डिग्री कालेज के प्रांगण में आयोजित किया गया। शिविर में भारत सरकार की एडिप योजना एवं राष्टीय वयोश्री योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को उपस्कर उपकरण वितरित किए जाएंगे जिनका चिन्हांकन पूर्व में एलिम्को, कानपुर द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय सांसद श्रावस्ती श्री राम शिरोमणि वर्मा जी तथा आदरणीय मुख्य विकास अधिकारी महोदय, बलरामपुर, समज कल्याण अधिकारी महोदय, बलरामपुर एवं प्राप्टर एल0एल0के0 पी0जी0 कालेज की गणमान्य उपस्थिति रही। इस अवसर पर बोलते हुए विशिष्ट अतिथि माननीय श्री पल्टूराम जी ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में निरन्तर दिव्यांगजनों हेतु अनेकों कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतारी जा रही है तथा दिव्यांगजनों के जीवन को कुशलता प्रदान करने हेतु अन्तिम पाएदान तक सेवाओं को पहुचाया जा रहा है। हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास के दिव्य मंत्र के साथ निरन्तर आगे बढ़ रही है और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की तरफ अग्रसित है। आज जनपद बलरामपुर के चिन्हांकित दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को यह उपस्कर उपकरण प्रदान कर सरकार उनके जीवन में नई चेतना ला रही है। इस अवसर पर बोलते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय सांसद श्री राम शिरोमणि वर्मा जी ने कहा कि जनपद बलरामपुर के दिव्यांगजनों हेतु एवं वृद्धजनों हेतु यह एक सुन्दर प्रयास है जिसके माध्यम से उनके चेहरों पर खुशी की मुस्कान आएगी।

### थाना तुलसीपुर पुलिस टीम द्वारा पाक्सो एक्ट से संबंधित दो अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**बलरामपुर जिला संवाददाता के बी गुप्ता** । पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में वांछित वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्र0नि0 थाना तुलसीपुर के कुशल नेतृत्व में शनिवार को उ0नि0 उपेन्द्र यादव, हे0का0 रणविजय सिंह व का0 विक्रान्त चौधरी द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 217/23 धारा 363,452,376 भादवि व * पाक्सो एक्ट से सम्बंधित वांछित अभियुक्तगण 1. सुनील यादव पुत्र दिनेश यादव निवासी होमपुर थाना हर्रैया जनपद बलरामपुर 2. मजीबुल्ला उर्फ राजू निवासी बीरपुर कला थाना उतरौला जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

### लखनेश्वर विश्वकर्मा सेवा समिति की मासिक बैठक संपन्न, समाज को जोड़ने पर की गई चर्चा



**रसड़ा( बलिया)** । लखनेश्वर विश्वकर्मा सेवा समिति की मासिक बैठक विश्वकर्मा मंदिर श्रीनाथ मठ रसडा पर रविवार को समिति के अध्यक्ष दीनदयाल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में विगत कार्यों के समीक्षा की गई और आगे की कार्य योजना पर विचार किया गया समिति को सशक्त बनाने के लिए सदस्यता अभियान चलाने पर जोर दिया गया समिति के विषय वस्तु कार्य योजना को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया बैठक में सर्व श्री दीनदयाल शर्मा, डॉ0जी. सी.शर्मा, डॉक्टर भुनेश्वर शर्मा, प्रेम शर्मा, कमलेश शर्मा, उमाकांत विश्वकर्मा, शैलेंद्र विश्वकर्मा, लल्लन शर्मा, हसदेव शर्मा, हरिद्वार शर्मा इतियादि ने अपने विचार व्यक्त किये। और अंत में आने वाले अमावस्या को विश्वकर्मा मंदिर रसड़ा पर सुबह 8:00 बजे भगवान विश्वकर्मा की पूजा में शामिल होने के अपील की गई।

# अध्ययन के साथ तकनीकि का उपयोग कर सपनों को साकार कर सकते हैं




**बलरामपुर** । डायट पर संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय ( निःशुल्क कोचिंग ) योजना के बलरामपुर केंद्र का निरीक्षण निदेशक समाज कल्याण विभाग श्री पवन कुमार जी एवं उपनिदेशक, देवीपाटन मंडल श्री के एल गुप्ता जी के द्वारा किया गया । निरीक्षण के दौरान विभिन्न परीक्षाओं में सम्मिलित होने जा रहे अभ्यर्थियों के साथ तकरीबन 1 - 1.5 घंटे की के प्रश्नों का उत्तर देने के साथ अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की । छात्रों से मुलाकात के उपरांत कोर्स को ऑर्डिनेटर श्री सचिन कुमार सिंह एवं तत्समय उपस्थित शिक्षक श्री मनोज कुमार से योजना संचालन के रणनीति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए श्री महिपाल सिंह , समाज कल्याण अधिकारी, बलरामपुर से हर्ष व्यक्त करते हुए सफल संचालन की बधाई दी । श्री पवन कुमार जी 2008 बैच के IAS अधिकारी हैं । वर्तमान में निदेशक समाज कल्याण विभाग के पद रहते हुए विभाग के अंतर्गत चल रही विभिन्न योजनाओं को लक्ष्योन्मुखी होकर गति प्रदान कर रहे है । समाज कल्याण विभाग के विभिन्न योजनाओं में से उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री अभ्युदय ( निःशुल्क कोचिंग ) योजना की सार्थकता को सुनिश्चित करते हुए। इस योजना के उद्देश्य समावेशी शिक्षा के साथ




ज्ञान आधारित समाज के निर्माण की संकल्पना के साथ सामाजिक न्याय के लक्ष्य को प्राप्त करने में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है ।

## आगामी त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु थाना कोतवा ली उतरौला परिसर में की गयी पीस कमेटी की मीटिंग



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा आगामी त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव अध्यक्षता में आज दिनांक 24/09/20230 को थाना कोतवाली उतरौला परिसर में आगामी त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों/ग्राम प्रधान व झांकी/जुलूस के आयोजकों व डीजे मालिक के साथ की गयी पीस कमेटी की मीटिंग । महोदया द्वारा सभी से त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाने तथा अफवाहों पर रोकथाम करने हेतु सभी को जागरुक करते हुए आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने, सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट व टिप्पणी न करने के लिये युवको को समझाने के लिए बताया गया तथा किसी भी विषम स्थिति में तत्काल थाना/112 पर सूचना देने के लिए निर्देशित किया गया साथ ही शासन प्राप्त आदेशों-निर्देशो को अवगत कराते हुए शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सभी से अपील की गई। आपरेशन त्रिनेत्र के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उससे होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी उतरौला, क्षेत्राधिकारी उतरौला श्रीमती ज्योतिश्री, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उतरौला व अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## जेएनसीयू की पी-एचडी प्रवेश परीक्षा सूचितापूर्ण संपन्न



**बलिया** । कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में श्री मुरली मनोहर टाउन पीजी कालेज में रविवार को जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की पी-एचडी प्रवेश परीक्षा सुचितापूर्वक संपन्न हुई। इसमें कुल 28 विषयों के 826 विद्यार्थियों में 512 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। दो पाली में हुई परीक्षा में प्रथम पाली में शिक्षण और शोध अभिवृत्ति तथा दूसरी पाली में विभिन्न संबंधित विषयों की परीक्षाओं का आयोजन हुआ। प्रवेश केंद्र के प्रवेश द्वार पर परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली गई। कुलपति प्रो संजीत कुमार गुप्ता ने भी परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। कुलपति ने केंद्राधीक्षक प्रो रवींद्र नाथ मिश्र को सफलतापूर्वक परीक्षा संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने सभी कक्षों में जाकर परीक्षा का जायज़ा लिया। इस दौरान कुलसचिव एसएल पाल उपस्थित रहें। परीक्षा केंद्र पर पर्यवेक्षक के रूप में प्रो अरविंद नेत्र पाण्डेय, डा. मनोज जायसवाल और डा. प्रवीण नाथ यादव पूरी परीक्षा के दौरान उपस्थित रहें। प्रो ओपी सिंह, प्रो अखिलेश राय, प्रो भागवत प्रसाद इत्यादि शिक्षकों भी सहयोगी की भूमिका में रहे।

# तहसील इकाई रसड़ा की बैठक जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न



**रसड़ा (बलिया )** । ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई रसड़ा की बैठक श्री नाथ बाबा मंदिर के निकट एक निजी धर्मशाला में जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को सकुशल संपन्न हुई । बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि हमारा संगठन प्रदेश के हर जनपदों में कार्य कर रहा है इसे और मजबूत बनाने की जरूरत है और उन्होंने कहा की संगठन में किसी बात को लेकर आपसी नाराजगी हो सकती है जिसे संवाद से दूर कर लेना चाहिए स्वयं नहीं होता हो तो उच्च पदाधिकारी से मिलकर अपनी समस्या बतानी चाहिए और उसका समाधान निकालना चाहिए। बैठक समाप्ति के बाद तहसील इकाई रसडा के कुछ असंतुष्ट ने सदस्यो से मिले उनकी बात सुनी,उसके बाद रसड़ा तहसील के पूर्व महामंत्री दिवंगत पत्रकार आलोक कुमार पाण्डेय के घर जाकर परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। कहा कि दिवंगत पत्रकार ग्रा प ए के रीढ़ थे। हम उनकी कमी तो पूरा नही कर सकता। लेकिन ग्रा प ए का समस्त परिवार उनके दुःख सुख में ततष्ट रुप से हमेशा साथ रहेगा। इस मौके पर रसड़ा तहसील अध्यक्ष अरविन्द कुमार तिवारी, बसंत पाण्डेय, कृष्ण मुरारी पांडेय, रमाकांत सिंह, श्याम कृष्ण गोयल , सीताराम शर्मा , शशि सिंह, सुनील कुमार 'सरदासपुरी' सहित रसड़ा तहसील इकाई के समस्त पत्रकार साथी मौजुद रहे।

### प्रा.शि.संघ नवानगर के पदाधिकारियों द्वारा जिला अध्यक्ष संजय यादव का जोरदार स्वागत



**नवानगर** । सिकंदरपुर के पूर्व विधायक संजय यादव के भाजपा के जिला अध्यक्ष चयनित होने के बाद गृह जनपद में प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। इसी क्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ नवानगर के अध्यक्ष और समस्त पदाधिकारी गण द्वारा संजय यादव के उनके आवास में जाकर शिष्टाचार मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर लल्लन शर्मा, सुशील कुमार अध्यक्ष,ओम प्रकाश सिंह, भूपेंद्र कुमार यादव, रवि शंकर वर्मा, विद्या शंकर तिवारी, जयशंकर प्रसाद, सच्चिदानंद, मनोज कुमार, पवन पांडे आदि मौजूद रहें।

### समस्त विभाग गांधी जयंती के अवसर पर गरिमामय ढंग से कार्यक्रमों का आयोजन करें जिलाधिकारी बलरामपुर

**सम्वाददाता संतोष कुमार दुबे , उत्तर प्रदेश बलरामपुर** । 2 अक्टूबर को होने वाले गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती को गरिमामय एवं समारोहपूर्वक मनाए जाने के लिए बैठक हुई जिसमें जिलाधिकारी बलरामपुर द्वारा बैठक में गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर होने वाले विभिन्न आयोजन प्रभात फेरी, पैदल चल प्रतियोगिता, ध्वजारोहण, गांधी जी एवं शास्त्री जी के चित्र का अनावरण एवं माल्यार्पण, साफ सफाई, कस्तूरबा बालिका विद्यालय में पुरस्कार वितरण, चित्र प्रदर्शनी, वृक्षारोपण, मरीज को फल वितरण, विचार गोष्ठी,वाद विवाद प्रतियोगिता को गरिमामय ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित विभाग अपने विभाग की तैयारियां पूर्ण कर लें। 2 अक्टूबर गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर सभी सरकारी भवनों/कार्यालयों,सार्वजनिक स्थलों एवं मलिन बस्तियों में साफ सफाई सुनिश्चित कर ली जाए। सभी सरकारी कार्यालय में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र का अनावरण एवं माल्यार्पण किया जाएगा। रात्रि में सभी प्रमुख स्थानों पर रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। प्रभात फेरी के लिए रूट का निर्धारण कर लिया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

### बलरामपुर जनपद में बिना जीएसटी के धड़ल्ले से चल रहे हैं अवैध कबाड़ के दुकान

**सम्वाददाता संतोष कुमार दुबे ,उत्तर प्रदेश बलरामपुर**। में कबाड़ के दुकान के आड़ में हो रही है गाड़ी की कटाई बलरामपुर जिले में कुछ कबाड़ियों द्वारा प्लास्टिक जीसीसी बोतल रखकर कर रहे हैं बड़ा खेल जिससे परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश को काफी नुकसान हो रहा है बलरामपुर जिले में कुछ कबाड़ियों द्वारा गैस कटर से फोर व्हीलर गाड़ी ट्रैक्टर ट्राली वह टू व्हीलर रातों-रात काटकर और ट्रक से लदवा कर बाहर भेज देते हैं, जिससे स्थानीय प्रशासन को जानकारी नहीं हो पाती है जैसे कि तुलसीपुर के लाल नगर सिपहिया रोड पर खुलेआम गाड़ियों को काटा जा रहा है ऐसे बहुत से जगह है जहां पर कबाड़ के दुकान के आड़ में चल रहा है गाड़ी कटाई का खेल जब मीडिया द्वारा लालनगर सिपहिया इस्माइल कबाड़ी के दुकान पर पहुंची तो वह दुकान बंद करके भाग गया और कोई जवाब नहीं दिया जिससे यह शक हो रहा है की कबाड़ के आंड में अवैध धंधा चल रहा अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन ऐसे लोगों पर कब करवाई करती हैं।

### भारत सरकार व उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित आयुष्मान भव का सच बलरामपुर



**सम्वाददाता संतोष कुमार दुबे ,उत्तर प्रदेश बलरामपुर** । माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार व उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा चलाए जा रहे आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत बलरामपुर जनपद में नगरीय क्षेत्र के अंतर्गत जानकारी ली गई जिसके अंतर्गत महिला चिकित्सालय बलरामपुर में आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने के लिए कुछ लोग कमरा नंबर 17 में लाइन में खड़े नजर आए कंप्यूटर का कार्य देख रहे स्टाफ ने कहा अभी नेटवर्क नहीं है हम मीटिंग में जा रहे हैं 1:00 बजे आइये और 17 नंबर कमरे में ताला लगाकर के चले गए वहां से कुछ लोग जो लाइन में खड़े थे बाहर आए और सरकार व विभाग की तारीफ करने लगे इसी क्रम में नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खलवा मे सुबह 9:00 बजे सफाई कर्मचारी सोनी की नियुक्ति है लेकिन सफाई कोई और करता नजर आया 10:30 पर फार्मासिस्ट समीर सिद्दीकी आए उनसे जानकारी ली गई उन्होंने बताया भारत सरकार की महत्वपूर्ण आयुष्मान भव योजना है इस योजना का लाभ हमारे यहां रविवार को मेले का आयोजन किया जाएगा जिसमें निशुल्क दवा वितरण .जांच .ओपीडी. योगा .गैर संचारी .आयुष्मान कार्ड बनाना आभा कार्ड बनाना वह वितरण का कार्य किया जाएगा सिद्दीकी ने बताया आयुष्मान ऐप आ गया है जिसके पास एंड्रॉयड नहीं है वह हमारे यहां करा सकता है महाराजा भगवती प्रसाद मेमोरियल में आयुष्मान कार्ड का कार्य बंद था स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी इस योजना पर बड़ी मेहनत कर रहे हैं ।

### चोरी गए नल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



बलरामपुर जिला संवाददाता के बी गुप्ता । पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला श्रीमती ज्योतिश्री के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष गैंड़ास बुजुर्ग पवन कुमार कनौजिया के नेतृत्व में शनिवार को उ0नि0 उमाकान्त मिश्र मय टीम के द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 153/2023 धारा 379/411 भा0द0वि0 से सम्बन्धित चोरी हुए नल को बरामद किया गया।

**आयोजन** प्रधानमंत्री महिलाओं के उत्थान के लिए आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रहे है

# बलरामपुर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय अटल भवन पर लोकसभा चुनाव से पहले बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन







**बलरामपुर**। पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने हेतु पार्टी के जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारियों मंडल में जाने वाले प्रवासियों को आगामी कार्ययोजना क्रियाकलापों से अवगत कराया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यशाला की मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर प्रत्येक वर्ष १७ सितम्बर से २ अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े का आयोजन कर तमाम तरह के सेवा के कार्य किये जाते हैं इस बार भी सेवा पखवाड़े के तहत स्वास्थ्य शिविर, आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु लोगों को जागरूक करने, जनसंपर्क, स्वच्छता अभियान जैसे कार्य किये जा रहे हैं केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ने जितना कार्य किया है उतना किसी अन्य दल की सरकार ने नहीं किया है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन विधेयक का पारित होना अपने आप में अभूतपूर्व है इसके लिए आज समस्त नारी शक्ति उनका धन्यवाद कर रही है आने वाले समय में लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता संभालने के साथ ही महिलाओं के उत्थान के लिए उनको सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। आज प्रत्येक परिवार में किसी न किसी योजना का लाभार्थी आपको मिलेगा हम सभी को उनसे संपर्क कर पार्टी के अभियानों से जोड़ते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से अवगत कराना है हमें अपने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को भी पार्टी के अभियानों से जोड़ कर रखना है २४ सितम्बर को बूथ पर सभी को मन की बात सुनना है और २५ सितम्बर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती मनाना है सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रत्येक कार्यक्रम की फोटो सरल एप पर अवश्य डालना है। मंडलों में जाने वाले प्रवासियों को अपने दायित्व का और करणीय कार्यों का बोध होना चाहिए। प्रदेश मंत्री ने कहा कि जनपद बलरामपुर संगठनात्मक दृष्टि से हमेशा महत्वपूर्ण जनपद रहा है आप सभी कार्यकर्ताओं को अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए आगामी चुनाव में लगना है।

# जागरुकता अभियान के क्रम में नारी सुरक्षा दल द्वारा किया जा रहा है महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार के निर्देशानुसार एंटी रोमियो स्क्वाड दल, महिला बीट पुलिस अधिकारी, नारी सुरक्षा दल द्वारा समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहो/गॉवों/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में महिलाओं/बालिकाओं आदि को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 व साइबर अपराधों जैसे- OTP शेयरिंग,लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल,बैंकिंग फ्रॉड आदि के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही साथ यह भी बताया गया की यदि किसी प्रकार की समस्या होती है या कहीं आने-जाने पर कोई अंजान व्यक्ति परेशान करता है तो हेल्पलाइन नंबरों पर फोन कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। महिलाओं को उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों के बारे में जानकारी दी गई तथा पंपलेट का वितरण किया गया। इस दौरान सभी को साइबर अपराध से बचाव के बारे मे भी जानकारी दी गई।

## ख़ास ख़बर

### जावदा ग्राम पंचायत में श्री सांवरियाजी मंदिर ट्रस्ट के सहयोग से संचालित अभियान में वितरित किए हेलमेट



**दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान / चित्तौड़गढ़।** रावतभाटा तहसील की ग्राम पंचायत जावदा निमड़ी में हेलमेट प्रोत्साहन शिक्षा जागरूकता एवं अनिवार्यता अभियान के तहत पंचायत में 50 हेलमेट का वितरण किया। जावदा सरपंच कुलदीप सिंह राठौड़ ने बताया की हेलमेट प्रोत्साहन शिक्षा जागरूकता एवं अनिवार्यता अभियान जिला पुलिस चित्तौड़गढ़ की पहल पर श्री सांवरियाजी मंदिर ट्रस्ट के सहयोग से शुरू किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटना कम करना तथा हेलमेट को लेकर जागरूकता लाना है। हेलमेट प्राप्त करने वाले पंचायत वासियों ने जिला पुलिस के पहल पर सांवरियाजी मंदिर ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे अभियान की सराहना की तथा मंदिर ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जावदा सरपंच कुलदीप सिंह राठौड़, सहायक सचिव महेश विजयवर्गीय, विद्यालय सहायक राजेश टेलर,मुकेश धाकड़ कोरोमंडल, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय,गोपाल शर्मा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### भारी मात्रा में शराब बरामद किया



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बौंसी।** बौंसी पुलिस ने रविवार को भागलपुर हंसडीहा स्टेट हाईवे पर आगरा पुल के पास झारखंड की तरफ से आ रही एक कार से भारी मात्रा में शराब बरामद किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय ने बताया कि छापेमारी के दौरान झारखंड की तरफ से आ रही एक उजले रंग की कार से जांच पड़ताल की गई ।जांच पड़ताल में कार के सीट के नीचे से 20 कार्टून में 172.8 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है। इस दौरान चालक समेत दो शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। शराब तस्कर की पहचान सहरसा जिला के सोनबरसा राज थाना अंतर्गत मुरारी साह का पुत्र शुभम कुमार एवं मनोज सिंह का पुत्र सुधांशु सिंह के रूप में पहचान हुई है। दोनों शराब तस्कर कार से झारखंड से शराब लेकर सहरसा जा रहा था। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में प्राथमिक की दर्ज कर दोनों शराब तस्कर को जेल भेजा जा रहा है। वहीं वाहन को जप्त कर लिया गया है। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय ,अवर निरीक्षक मनोरंजन कुमार, थाना मैनेजर विनय पांडे सहित अन्य शामिल थे।

### चोरी की बाइक के साथ एक व्यक्ति चढ़ा पुलिस के हत्थे



**अब्दूल वहाब, उधवा/साहिबगंज।** राधानगर थाना पुलिस ने देर रात मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के पियारपुर बाजार में छापेमारी अभियान चलाकर चोरी की एक बाइक के साथ एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। पुलिस उक्त व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राधानगर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चोरी की एक बाइक पियारपुर बाजार में है। इधर गुप्त सूचना के आधार पर राधानगर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के पियारपुर बाजार में छापेमारी अभियान चलाकर चोरी की एक बाइक को बरामद कर लिया।साथ ही एक व्यक्ति को भी हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए थाना लाया गया है। समाचार लिखे जाने तक हिरासत में लिए गए उक्त व्यक्ति से पुलिस पूछताछ कर रही थी।

### डिजिटल लाइब्रेरी का उपमेयर व रालोजद के महासचिव ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चन्द्र झा, सहरसा।** जिले में पहली बार इस्लामिया चौक स्थित उषा भवन में रविवार को डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक जनता दल के महासचिव जीशु सिंह एवं उपमेयर गुड्डू हयात तथा ज्योतिषाचार्य तरुण झा के द्वारा फीता काटकर इसका उद्घाटन किया गया।उद्घाटन कर्ताओ ने कहा कि जिले में पहली बार डिजिटल लाइब्रेरी के खुलने से छात्र-छात्राओं को काफी सहूलियत होगी।उन्होंने कहा कि इस लाइब्रेरी के खुलने से अच्छे ढंग से विद्यार्थी पढ़ सकेंगे।जिससे छात्रों का विकास होगा।वही अच्छे नंबरों से रिजल्ट में पास करेंगे।प्रोपराइटर शानू सिंह ने कहा कि इस डिजिटल लाइब्रेरी में 40 छात्र छात्राओं को एक शिफ्ट में पढ़ाई की जाएगी। इसके लिए मात्र 300 मासिक शुल्क रखा गया है।वही 4 घंटे का एक शिफ्ट होगा।साथ ही डबल शिफ्ट में नामांकन करने वाले छात्रों को विशेष सुविधा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सहरसा जैसे छोटे शहरों में डिजिटल लाइब्रेरी के खुलने से छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को भी काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि वर्ग 8 से लेकर सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के छात्र छात्राओं को प्रातः 6:00 बजे से 10:00 रात्रि तक इस लाइब्रेरी की सुविधा मिलेगी।इस अवसर पर बी के कश्यप,भी डी चौधरी, अविनाश कुमार, मुकेश कुमार,नीलेंदु झा सहित अन्य मौजूद थे।



# मंडल कारा में महिला बंदियों को रोजगार से जोड़ा गयाः डीएम

**मो. सदरे आलम नोमानी सीतामढी।** नाबार्ड के द्वारा मंडल कारा सीतामढ़ी में 30 महिला बंदियों/कैदियों को जेल परिसर में लहठी/चूड़ी निर्माण का प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। यह कार्यक्रम 1 अगस्त 2023 से शुरू हुआ था जो आज 23 सितंबर को समाप्त हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज कुमार तिवारी पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे ।इसके अतिरिक्त मनोज कुमार सिन्हा जेल अधीक्षक ,संजय कुमार चौधरी डीडीएम नाबार्ड प्रधान प्रोवेशन पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। नाबार्ड द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अखिल भारतीय युवा विकास समिति के माध्यम से आयोजित किया गया। इन 45 दिनों में महिला कैदियों ने लहठी बनाने की बारीकियां के साथ-साथ उनके डिजाइनिंग और फिनिशिंग आदि भी सीखी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रशिक्षण में महिला कैदियों ने लहठी निर्माण का कला सीखा है जिससे उन्हें जेल से छूटने के बाद स्वरोजगार करने में सहूलियत होगी एवं उनकी आमदनी में वृद्धि होगी जिनसे उनकी आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लहठी निर्माण में सीतामढ़ी की एक विशिष्ट पहचान है। इस प्रशिक्षण से महिला बंदी करामुक्त होने के बाद सामान्य जीवन जीने के लिए प्रेरित होगी और उनकी आमदनी भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि उनके आत्मसम्मान और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और वे सशक्त होकर सामान्य रूप से जीवन यापन कर सकेंगी। वही नाबार्ड के डीडीएम संजय कुमार चौधरी ने कहा कि इन 45 दिनों के दौरान महिला कैदियों को लहठी बनाने के लिए सूक्ष्म से सूक्ष्म बारीकियो को सीखाने का प्रयास किया गया है। महिला कैदी न केवल साधारण लहठी बनाना सीखी है बल्कि डिजाइनिंग लहठी भी बनाना सीखी है। श्री मनोज कुमार सिंह जेल अधीक्षक ने कहा है कि यह कार्यक्रम महिला कैदियों में उत्साह पैदा किया है और सभी 30 बन्दियों ने 45 दिनों तक पूरे मनोयोग के साथ लहठी बनाना सीखी है जो निश्चित रूप से उनमे कौशल विकास किया है जो उनके जीवन यापन में सहायता करेगा। उन्होंने प्रशिक्षक सविता देवी की भी भूरी-भूरी प्रशंसा की।समापन समारोह के दौरान सभी प्रशिक्षार्थियों को एक-एक लहठी बनाने का किट दिया गया जो उन्हें जेल से छूटने के बाद दिया जाएगा जिससे वे तुरंत अपना स्वरोजगार शुरू कर सकती हैं। सभी को प्रमाण पत्र भी दिया गया। नाबार्ड के द्वारा बंदियों को जेल से छूटने के बाद उनका फॉलोअप भी किया जाएगा ताकि वे स्वरोजगार स्थापित कर सके।



## भ्रष्ट सीओ के कारनामे को उजागर करने का मुखिया संघ ने लिया निर्णय



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चन्द्र झा, सहरसा।** विगत दिन प्रखंड सह अंचल कार्यालय में कोसी व कमला बलान नदी के बीच अवस्थित पंद्रह पंचायतों के बाढ़ पीड़ितों के जीआर अनुग्रह राशि की स्वीकृति की मांग पर धरना की अगुवाई कर रहे मुखिया व जन प्रतिनिधियों पर महिषी थाना में सीओ देव नंदन सिंह के द्वारा प्राथिमिकी दर्ज कराने को लेकर क्षेत्रवासियों में रोष चरम पर है। सीओ द्वारा जन प्रतिनिधियों को फंसाने की साजिश के खिलाफ मुखिया संघ एकजुट हो जनहित में हर संभव संघर्ष का संकल्प लिया है।वही महिषी के भ्रष्ट सीओ का हर कारनामा उजागर करने भी संकल्प लिया है। शनिवार के दिन सीओ श्री देव नंदन सिंह पर कुंदह पंचायत के मुखिया व मुखिया संघ के कोषाध्यक्ष पन्ना लाल राम ने प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सह स्पेशल जज अनुसूचित जाति जन जाति आर के सिंह के कोर्ट में नालसी वाद दायर करा कर सीओ पर विधि सम्मत कार्रवाई करने की मांग की है।मुखिया पन्ना लाल राम ने जानकारी देते बताया कि धरना प्रदर्शन के दौरान सीओ देव नंदन सिंह ने उन्हें अपने कार्यालय वेश्म में बुलाकर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते व गाली देते कहा कि साला चमार नेता बनते हो। जीवन बर्वाद कर देंगे। सब मुखिया का ऐसा केस करेंगे कि नेता गिरी छोड़ देगा। तुरंत धरना खत्म करो व अपने आदमी को लेकर वापस जाओ नहीं तो सबको जेल भेजेंगे। गाली देने से मना करने पर मेरे गर्दन पर हाथ देकर वेश्म से धक्का मार बाहर कर दिया। एक निर्वाचित प्रतिनिधि को एक अंचलअधिकारी के द्वारा अपमानित किया जाना संपूर्ण पंचायत के साथ साथ महिषी प्रखंड की जनता का अपमान है।

## जिला के कर्मठ कार्यकर्ताओं को दिया गया दायित्व



**दैनिक शुभ भास्कर।** युवा राष्ट्रीय जनता दल बिहार प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव द्वारा जिला के ऊर्जावान कार्यकर्ता मोहम्मद बशीरुद्दीन को युवा राजद अररिया का जिला अध्यक्ष, विनोद ऋषिदेव को युवा राजद के प्रधान महासचिव के साथ-साथ अररिया से प्रदेश कमेटी में युवा राजद के प्रदेश सचिव रुपेश यादव तथा मोहम्मद राहिल को पुणः प्रदेश सचिव मनोनीत किए जाने पर राजद परिवार अररिया की ओर से राजद नेता अमित पूर्वे ने राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, युवा राजद प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है उन्होंने कहा की प्रदेश नेतृत्व में जो निर्णय लिया है वह राजद को काफी मजबूत और धारदार संगठन बनाने वाली निर्णय है। इस निर्णय का पूरे अररिया राजद परिवार की ओर से धन्यवाद व्यक्त करते हैं साथ ही नव मनोनीत सभी पदाधिकारी को राजद परिवार अररिया की ओर से बहुत-बहुत बधाई साथ ही बधाई देने वालों में राजद नेता अमित पूर्वे ,राजद नेता अविनाश आनंद, पूर्व सांसद सरफराज आलम, पूर्व विधायक अनिल यादव, प्रदेश सचिव सुरेश पासवान, जिला अध्यक्ष मनीष यादव, नगर अध्यक्ष बेलाल अली, बजरंग बिहारी, प्रखंड अध्यक्ष चंदन सिंह यादव, धनंजय यादव, सरोज सिंह, प्रदीप मंडल ,प्रोफेसर क्रांति कुवर, पूर्व प्रत्याशी अविनाश मंगलम, पूर्व प्रत्याशी शत्रुघ्न मंडल, पिंकू यादव, रामनारायण विश्वास, सुधीर यादव, सुनील सिंह यादव, सरोज सिंह, कुलदीप यादव, इंदिरानंद सिंह यादव, सौरभ राणा, सरोज मेहता नौशाद अहमद,मोहम्मद रेहान, राजेश यदुवंशी, राजू यादव आदि दर्जनों राजद कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।

## कुश्ती प्रतियोगिता से पहलवान कर सकते हैं सर्वांगीण विकास व सुनहरे भविष्य की आगाज - विधायक रिंकू सिंह



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** कुश्ती प्रतियोगिता से पहलवान कर सकते हैं सर्वांगीण विकास व अपनी सुनहरे भविष्य की आगाज। उक्त बातें वाल्मीकि नगर के विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह ने कही। वे रविवार को प्रखंड बगहा एक के मझौवा पंचायत स्थित कोर्ट माई स्थान परिसर में आयोजित तीन दिवसीय कंस बध मेला के अंतिम दिन भव्य कुश्ती प्रतियोगिता का फीता काटकर उद्घाटन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आधुनिकता की इस दौर में कुश्ती विलुप्त हो रही है। लेकिन युवा वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेकर इमानदारी से जिला, राज्य व देश को गौरवान्वित कर सकते हैं। उन्होंने सरकार से पहलवानों को भी कुश्ती प्रतियोगिता के क्षेत्र में बढावा देने की मांग की। ताकि बिहार के होनहार युवा पीढ़ी अपनी उज्जवल भविष्य व सुनहरे पल की सपनों को साकार कर सके। इस दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार, नेपाल , हरियाणा सहित विभिन्न प्रदेश के पहलवानों ने अपनी खुब कला का प्रदर्शन किया। तथा हजारों हजार की संख्या में दर्शकों ने तालियां बजाकर पहलवानों की हौसला अफजाई की। खचाखच भरी भीड़ की तालियों की गडगड़ाहट से कुश्ती काफी रोमांटिक दिखा। रेफरी की भूमिका में राजहरन पहलवान रहे। तथा निर्णायक मंडल ने विजेता उप विजेता पहलवानों को पुरस्कृत किया। पूर्व मुखिया सह मेला समिति के अध्यक्ष जयनारायण शाही, पंचायत समिति सदस्य बबलू मिश्रा ने संयुक्त रुप से बताया कि सनातन धर्म व पारंपरिक रुप से तीन दिवसीय कंस बध मेला का आयोजन किया जाता है। उन्होंने मेला शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने से समिति के सदस्यों व नवयुवकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समाजसेवी अरविंद मिश्रा, रामाधार शाही, मिथिलेश कुमार मिश्रा, बबलू शाही, वीरेन्द्र शाही समेत दर्जनों की संख्या में नवयुवकों, समाजसेवियों का सराहनीय सहयोग देखा गया।

### विश्व नदी दिवस पर कचरा मुक्त गंगा घाट की अपील



**इन्द्र कांत संवाददाता दैनिक शुभ भास्कर।** वाराणसी हमारे जीवन की अभिन्न अंग नदियों को बचाने का आवाह्न करते हुए नमामि गंगे के सदस्यों ने 24 सितंबर विश्व नदी दिवस के अवसर पर अस्सी घाट के गंगा तट की सफाई की।कचरा मुक्त गंगा घाट की अपील करते हुए गंगा किनारे बिखरे कूड़े-कचरे को बंटोरकर कूड़ेदान तक पहुंचाया। स्वच्छता स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक किया। नदियों के महत्व को समझ कर नदियों के संरक्षण को संस्कार में शामिल करने का आग्रह किया गया।नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने लाउडस्पीकर से जागरूकता करते हुए कहा कि विश्व की सभी प्राचीन सभ्यतायें नदियों के किनारे ही विकसित,पुष्पित और पल्लवित हुई है।विश्व नदी दिवस के अवसर पर हम सभी हमारी नदियों को साफ़ और स्वच्छ रखने का प्रण लें। प्रकृति ने हमारे देश को गंगा और यमुना जैसी पवित्र और महत्वपूर्ण नदियां दी हैं।यदि हम वास्तव में उनका सम्मान करते हैं तो उनकी देखरेख करें और कभी उन्हें गन्दा नहीं करें।हमारी संस्कृति हमें नदियों सहित प्रकृति की पूजा करना सिखाती है।

### विधायक ने कार्यकर्ताओं और ग्रामीण लोगों के साथ पीएम मोदी के मन की बात 105 वें संस्करण सुनी



**शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा पश्चिमी चंपारण।** बगहा विधानसभा क्षेत्र के चमवालिया पंचायत में बूथ संख्या-38 पर दिनांक 024-09-23 को बगहा विधायक राम सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात 105 वें संस्करण को सुने।पीएम मोदी के इस मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए काफी भीड़ जुटी रही। पीएम के मन की बात सुनने के लिए लोगों में काफी उत्साह भी था। वहीं मन की बात सुनने एवं कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद लोगों ने कहा कि पीएम मोदी गरीबों के नेता है, उनके नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक राम सिंह , चिउंटाहा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, बूथ सं-38 के बूथ अध्यक्ष शंकर उरांव, उमा यादव, उमाशंकर उरांव, अनिता देवी, सपना कुमारी गुप्ता, ज्ञानती देवी सहित अन्य कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

### एसआई बगहा पुलिस जिला में इंस्पेक्टर 17, एएसआई से एसआई में 81 व पीटीसी से एएसआई में 5 पुलिस पदाधिकारी हुए प्रोन्नत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** बगहा पुलिस जिला अंतर्गत विभागीय स्तर पर प्रोन्नत पुलिस पदाधिकारियों के लिए शनिवार को पुलिस अधीक्षक किरण कुमार गोरख जाधव के द्वारा उच्चतर कार्यकारी प्रभार अच्छादन समारोह का आयोजन पुलिस लाइन बगहा में किया गया । जिस दौरान पीटीसी से एएसआई में 5,एएसआई से एसआई में 81 एवं एसआई से पुलिस निरीक्षक में 17 पुलिस पदाधिकारियों को स्टार लगाकर उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ के साथ उनके दायित्वों का निर्वहन की जिम्मेदारी सौंपी गई। बतौर अतिथि के रूप में एसपी बगहा किरण कुमार गोरख जाधव, विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यालय डीएसपी अशोक कुमार चौधरी,एएसपी अभियान देवेश कुमार मिश्रा , नवागत एसडीपीओ कुमार देवेंद्र की गरिमामयी उपस्थिति में प्रोन्नत पुलिस पदाधिकारी को सम्मान समारोह के दौरान उन्हें स्टार पहनाकर उनके दायित्वों की जिम्मेदारी सौंपी गई । सर्वप्रथम एसपी ने एसआई से पुलिस निरीक्षक में प्रोन्नत पुलिस पदाधिकारी को स्टार लगाकर सम्मानित किया।इसके पश्चात मुख्यालय डीएसपी, एसडीपीओ एवं एएसपी अभियान के द्वारा प्रोन्नत पुलिस पदाधिकारी को स्टार लगाकर सम्मानित किया गया ।

### डीडीसी सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर, वॉर्ड बॉय- आया, सफाईकर्मी सभी ने किया कार्य का बहिष्कार



**ओमप्रकाश सोनी/ दैनिक शुभ भास्कर/ राजस्थान।** उदयपुर के महाराणा भूपाल चिकित्सालय से इस वक्त की बड़ी खबर आ रही है कि चिकित्सालय में डीडीसी सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर, वॉर्ड बॉय-आया, सफाईकर्मी आदि सभी ने किया कार्य का बहिष्कार कर रहे है अगर राजस्थान सरकार श्री अशोक गहलोत इस तरफ कोई सुनवाई नही करते है तो चिकित्सालय में कार्य करे ठेकेदारी पर सारा स्टाफ भूख हड़ताल करेंगे। यह हड़ताल पिछले 4 दिनों से लगातार चल रही है। मुख्य मंत्री निःशुल्क योजना में सेवारत हेल्पर्स भी कार्य बहिष्कार के बाद गुरुवार से पूर्ण हड़ताल पर उतर गए है। यह हड़ताल एम बी हॉस्पिटल में इमरजेंसी चिकित्सालय के सामने की जा रही है। हड़ताल का मुख्य कारण है कि एम बी हॉस्पिटल उदयपुर में ठेकेदारी प्रथा को बंद किया जाय। और सभी कर्मचारियों को स्थायी भर्ती की जाय। एमबी हॉस्पिटल में अभी करीब 700 ठेका कर्मचारी काम कर रहे है।

परेशानी | यहां का जनता कई प्रतिनिधियों एवं प्रशासनों से गुहार लगाकर थक गया

## अररिया तस्लीमुद्दीन रोड का हालत जर्जर जल जमा होने से यात्री को करना पड़ रहा कठिनाई का सामना



**रिपोर्टर मासूम राजा दैनिक शुभ भास्कर, अररिया।** प्रशासन एवं प्रतिनिधियों के नाक के नीचे एक रोड रोड जो तस्लीमुद्दीन रोड यानी आमिर गेट से लेकर कड़वा चौक तक जाती है उसका कुछ खास खबर यह है कि इस रोड में आने जाने वालों का कितना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन इसका कोई सूट या उसकी कोई पूछने वाला नहीं है यहां तक के यह रोड पूर्व होम मिनिस्टर तस्लीमुद्दीन रोड के नाम से जाना जाता है और अभी तस्लीमुद्दीन के पुत्र शाहनवाज आलम आपदा मंत्री भी इस रोड से पास करते हैं लेकिन इसमें गड्ढा नुमा बना हुआ है जनता को कितना परेशानी करना पड़ता है इस रोड से जाने में इसके बारे में यहां का जनता कई प्रतिनिधियों एवं प्रशासनों से गुहार लगाकर थक गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रहा है आखिर ऐसा क्या मामला है इसी पर आज यहां के कुछ जनता ने कुछ बयान दिए हैं का नाम जाकिर हुसैन सोशल वर्कर गंगा प्रसाद रहा है आप आलम समीम इत्यादियों ने नाराजगी जाहिर किया यह रोड कितना खस्ता हाल है कभी-कभी तो इस तरह का होता है कि रोड के बीचो-बीच गाड़ी फस जाने पर की आने जाने वालों को घंटे से इंतजार करना पड़ता है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रहा है ऐसा लगता है कि यहां का प्रतिनिधि या यहां का प्रशासन आंख बंद करके बैठे हुए हैं हालांकि इस रोड से हमेशा आपदा मंत्री शाहनवाज साहब पास करते हैं लेकिन वह भी आंख बंद करके जाते हैं यहां का प्रतिनिधि चाहे वह एम या एमपी कोई देखने वाला नहीं है इस रोड पर कई बार गाड़ी फस जाने पर गिरने का नौबत भी आ जाता है शायद ही ऐसा रोड कहीं होगा लेकिन इस पर किसी का नजर नहीं जाता है इसी बीच समाजसेवी जाकिर हुसैन आफत आलम राजा गंगा प्रसाद राय शमीम आलम कई व्यक्तियों ने इस पर अपना बयान दिए सबसे पहली बात यह भी है कि तस्लीमुद्दीन रोड के बगल सदर अस्पताल भी है उसमें आने के लिए मरीज को पानी पर होना पड़ता है क्योंकि यह यह रोड तस्लीमुद्दीन गेट से लेकर सिलीगुड़ी तक जाती है जो कि प्लासी कुर्ता सिक्की किशनगंज के हुआ इलाके का आदमी फिलहाल इसी रोड से गुजरते हैं जिसके कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है अब यह देखना है कि आगे 24 में इलेक्शन होने वाला है यहां का जनता किस करवट लेती है विकास का नाम पर वोट तो ले लेते हैं यहां का प्रतिनिधि लेकिन काम के नाम पर सिर्फ लॉलीपॉप ही दिखते हैं आखिर क्या कारण है कि अररिया जिला का जनता हमेशा प्रतिनिधियों से ठगे जा रहा है यहां की जनता भूल भले रहने के वजह से हर प्रतिनिधि सिर्फ लॉलीपॉप ही दिखाकर वादे करके मुकर जाते हैं मैं तो इतिहास के यह बात कहना चाहता हूं कि यहां का लगभग हर रोड का हाल यही है चाहे वह रेलवे स्टेशन का रोड हो या तस्लीमुद्दीन रोड हो या किसी वार्ड का रोड हो हर रोड का यही हाल है यह कब तक चलेगा।

# बहन अपने भाई की सुख समृद्धि के लिए करती हैं करमा का व्रत



**दैनिक शुभ भास्कर, बिरनी/ गिरिडीह, कृष्णा वर्मा।** बिरनी प्रखंड के ग्राम टाटो के साथ साथ पूरे बिरनी एवं करमा झारखंड के प्रमुख त्योहारों में से एक है यह पर्व झारखंड बिहार के अलावा उड़ीसा बंगाल छत्तीसगढ़ और असम में आदिवासी समुदाय के द्वारा धूमधाम से मनाया जाता है बताते चलें कि बहने सात दिनों तक करमा गीत के साथ लोक नृत्य करती हैं छठा दिन उपवास करती हैं दूसरे दिन निर्जल उपवास किया जाता है इस दिन मुख्य पूजा आयोजित होती है। बताते चले की करमा पर भाई बहन के आपसी सद्भाव स्नेह और प्रेम का प्रतीक है। यह पर्व भाद्रपद शुक्ल पक्ष एकादशी तिथि को मनाया जाता है। इस पर्व का इंतजार कुमारी युवतियों एवं विवाहित महिलाएं सभी करती हैं। झारखंड के कई जिलों में या त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है।

**ऐसे होता है करमा पर्व की शुरुआतः** इस त्यौहार की शुरुआत तीज का डाला आने सुबह नदियों व तालाबों में विसर्जन किया जाता है वही शाम को कुमारी बहनों के द्वारा करमा का डाला स्थापित किया जाता है। कुंवारी बहने अपने-अपने घरों से गीत गाते हुए बस के डाला लेकर नदी व तालाब पहुंचती है जहां वे स्नान कर नदियों तालाबों से डाली में बालू लाकर अखाड़े में सारी बहनें बैठी है इस दौरान डलीये में विभिन्न तरह के बीजों को जौ के साथ बुना जाता है। शाम को आंगन में करमा पौधे की डाली लगाकर फल फूल आदि से पूजा की जाती है। इस दौरान महिलाएं करमा डाली के चारों ओर घूम-घूम कर गीत गाती है और नृत्य करती है।

**करमा पर्व की विशेषताः** मान्यता के अनुसार भाई खीरा लेकर बहनों से सवाल करते हैं कि करमा पर्व किसके लिए करती हो तो बहने जवाब देती है ,भाइयों के लिए करती हूं ।भाइयों की सुख समृद्धि और दीर्घायु करने के लिए करती हूं।

**डाली पूजन विधिः** विधिवत करमा डाली को गाड़ा जाता है उसके बाद उसे स्थान को गोबर से लिप कर शुद्ध किया जाता है। बहने सजा हुआ टोकरी थाली लेकर पूजा करने हेतु आंगन या अखाड़ा में चारों तरफ करम राजा की पूजा करने बैठ जाती है पूजा करने के पश्चात करमा और धरमा की कहानी भी प्रचलित है।

## ख़ास ख़बर

### बीकापुर तहसील इकाई पत्रकार सम्मेलन हुआ संपन्न

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई बीकापुर का वार्षिक सम्मेलन ब्लॉक सभागार बीकापुर में बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बीकापुर के उप जिलाधिकारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता व पत्रकार अवध राम यादव ने किया। बीकापुर इकाई के तहसील अध्यक्ष अशोक वर्मा की अध्यक्षता में अबकी बार यह कार्यक्रम दूसरी बार मनाया गया। इस अवसर पर वर्तमान परिवेश में ग्रामीण पत्रकारिता की भूमिका की एक संगोष्ठी भी रखी गई थी। जिसके चलते इस सम्मेलन में भाग लेने आये मुख्य अतिथियों ने अपने-अपने विचार रखें। ग्रामीण पत्रकार सम्मेलन के दौरान आए हुए सभी सम्मानित मुख्य अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र, प्रशस्ति पत्र, पेन, डायरी, व घड़ी देकर सम्मानित किया गया।

### डॉ0 माखनलाल यादव व छोटेलाल यादव को मिली जिम्मेदारी

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने प्रदेश की कमेटी में प्रदेश सचिव के पद पर डॉ0 माखनलाल यादव व छोटेलाल यादव एवं अयोध्या समाजवादी पार्टी के जिला कमेटी में उपाध्यक्ष के पद पर जेपी यादव को बनाया गया जिसका मनोनयन पत्र प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को दे दिया है। साथ ही सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो से अपेक्षा की गयी है कि लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशियो को जिताने के लिये अभी से ही जुट जाने के लिये कहा है, आशा है कि आप सभी के मनोनयन से पार्टी को मजबूती मिलेगी। नवनियुक्त पदाधिकारियो के मनोनयन पर सपा राष्ट्रीय महासचिव अवधेश प्रसाद, सपा जिला अध्यक्ष पारस नाथ यादव, पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन, पूर्व मंत्री आनन्द सेन यादव विधायक अभय सिंह बीकापुर विधानसभा के प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर, पूर्व विधायक जयशंकर पाण्डेय महानगर अध्यक्ष श्यामकृष्ण श्रीवास्तव, पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव, विशाल वर्मा, लीलावती कुशवाहा, जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव, दान बहादुर सिंह, अंसार अहमद बब्बन, यदुनाथ यादव, डॉ0 अनुराग यादव, राहुल सिंह, दीपू सिंह, दुर्गेश वर्मा, महन्त अनिल मिश्रा, अखिलेश पाण्डेय, विशाल यादव सहित सभी नेताओ ने बधाई दिया।

### अरेराज के प्राचीन सोमेश्वर नाथ मंदिर के संपूर्ण क्षेत्र में "अनन्त चतुर्दशी " मेले की तैयारी अंतिम रुप मे







**अरेराज, अशोक वर्मा।** बिहार का सबसे प्राचीन शिव मंदिर अरेराज सोमेश्वर नाथ धाम" नगरी में लगने वाले "अनन्त चतुर्दशी "मेले को लेकर तैयारियां अंतिम रूप मे है ! भक्तों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम " श्री सोमेश्वर नाथ महोत्सव " का दो दिवसीय आयोजन भी बिहार सरकार के पर्यटन मंत्रालय एवं ज़िला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 26-27 सितम्बर को किया जाएगा ! विधायक सुनील मणि तिवारी ने बताया कि यह महोत्सव बिहार सरकार के कला संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय द्वारा महोत्सवों के कैलेन्डर में शामिल है ! अनुमण्डलीय सांस्कृतिक मंच, अरेराज के संरक्षक मंडल के सर्वश्री ज्ञान प्रकाश आर्य -मदन मोहन प्रसाद श्रीवास्तव -शिवप्रसाद गिरि - अध्यक्ष हेमंत मणि - सचिव विजय अमित - प्रदीप गिरि (अधिवक्ता )संजीव कुमार दूबे - विवेकानंद पाण्डेय - ज्योति शंकर गिरि - विपुल दीक्षित उदित राज - शिक्षा विद् प्रमोद कुमार मिश्रा सहित दर्जनों प्रबुद्धजनों ने इस महोत्सव को लेकर माननीय विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया है ।10 फीट भूमिगत शिव लिंग पर लगभग 100 किलो मीटर दूर देवा घाट से जल बोझी कर शिव-भक्त कांवरिया जलाभिषेक करने आते हैं ।उक्त अवसर पर लगभग 1.5 से 2.00 लाख डाक बम होते हैं जो जलबोझी कर दौडते हुए अरेराज पहूंचकर जलाभिषेक करते हैं।देवाघाट से अरेराज के बीच रोड के किनारे सभी कांवरियों के लिये धर्म परायण लोग हर प्रकार की सुख सुविधा का व्यवस्था करते हैं। कांवर लेकर चलने वाले शिव भक्तों के लिए उनके रात्रि विश्राम, दवा, फल, नींबू पानी ,सुरक्षा आदि की व्यवस्था करते है। अरेराजनगर पंचायत, -स्थानीय प्रशासन और विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा शिवभक्तों की सुख -सुविधा हेतू विशेष व्यवस्था की जाती है। स्वच्छता अभियान के ब्रांड एम्बेसडर सह आयाम निदेशक एवं अनुमंडलीय सांस्कृतिक मंच के सचिव विजय अमित ने इस मेले को लेकर नगर पंचायत द्वारा विशेष रूप से सड़क -नाला निर्माण-कार्य - कचरा उठवाना - डेंगू से बचाव के लिए लगातार फांगिग के लिए माननीय कार्यपालक पदाधिकारी निखिल कुमार एवं समस्त नगर पंचायत कार्यालय के कर्मियों - सफाई एजेंसी निओनी के प्रबंधक विशाल कुमार के प्रति आभार प्रकट करते हुए इस चुनौतीपूर्ण मेले में सबसे सहयोग करने का अपील की है !

क़रीब 3.5 करोड़ रुपए की राशि के करीब 4.7 किमी पथों का होगा निर्माण, बदलेगी गांव की सूरत, लोगों को होगा सहूलियत

# विधायक मनीष जायसवाल ने आरईओ की 02 पथों का किया शिलान्यास



**हजारीबाग।** रविवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम पंचायत लूपुंग में ग्रामीण कार्य विभाग के क़रीब 3.5 करोड़ रुपए की राशि के करीब 4.7 किमी की दो प्रमुख सड़कों का विधिवत शिलान्यास बतौर मुख्य अतिथि शिलापट्ट का अनावरण कर और नारियल फोड़कर किया। इन दो पथों में लुपुंग शिव मंदिर चौक से पीडब्ल्यूडी रोड़ तक भाया श्मशान घाट तक पथ निर्माण कार्य (लंबाई 1.5 किमी) और लुपुंग मंदिर चौक से भदैया नदी तक पथ निर्माण कार्य (लंबाई 3.2 किमी) शामिल है। इन दोनों पथों के निर्माण में कुल 11 पुलिया और करीब 430 मीटर गार्डवाल का भी निर्माण होगा। आरईओ से बनने वाले इन दोनों ग्रामीण पथों की गुणवत्ता पीडब्ल्यूडी सड़क के अनुरूप ही होगी । सड़क शिलान्यास से पूर्व विधायक मनीष जायसवाल का लुपुंग ग्राम वासियों ने गाजे-बाजे और ढोल-ताशे के साथ फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर ग्राम प्रवेश कराया। ग्राम वासियों ने उनके स्वागत में खूब नारे-जयकारे भी लगाए। इस दौरान रनवागढ़ा वासियों ने अपने सड़क की समस्या से भी विधायक मनीष जायसवाल को अवगत कराया। सड़क शिलान्यास के बाद विधायक मनीष जायसवाल ने ग्रामीणों के आग्रह पर लुपुंग ग्राम स्थित कुम्हारटोली मुहल्ले के सड़क पर जल जमाव की समस्या का खुद स्थल निरीक्षण कर जायजा लिया और उनकी समस्याओं से भी रूबरू हुए । सड़कों के शिलान्यास के उपरांत हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल का लुपुंग ग्राम वासियों ने नागरिक अभिनंदन किया। जहां उन्हें ग्रामीणों की ओर से अंग-वस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंटकर एवं फूल माला पहनाकर सम्मान किया गया। मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि वर्तमान वर्ष विशेष मरम्मती कार्य हेतु मेरे द्वारा कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के कुल 52 किलोमीटर सड़क के अनुशंसा किया गया है। जिसमें लुपुंग का मुख्य पथ भी शामिल है। उम्मीद है जल्द ही इसपर स्वीकृति भी मिलेगा और कार्य भी आरंभ हो जायेगा। लुपुंग पंचायत पहला ऐसा पंचायत होगा जहां एक साल में 10-12 किमी पथों का निर्माण होगा। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि जिन दो पथों का शिलान्यास हुआ है वह ग्रामीणों की चिरलंबित मांग रही है। उन्होंने कहा की सढ़वा महादेव मंदिर परिसर में पिछले दिनों हमने बोरिंग कराया है और आनेवाले समय में सढ़वा महादेव मंदिर परिसर का चहूंमुखी विकास करके इसे चर्चित धाम का ख्याति दिलाना है। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि सड़क निर्माण से न सिर्फ सड़कों का नेटवर्क मजबूत होता है बल्कि सड़क किनारे और आसपास के जमीन के दामों में भी वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि सामाजिक तौर पर हम क्षेत्र के सभी वर्ग और समाज के उत्थान को लेकर लगातार प्रयासरत हैं और आगे भी रहेंगे। विधायक मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि आपकी हर एक छोटे बड़े कार्यों में हमारी सहभागिता रहती है। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि आप अपनी जायज समस्या या कामों को लेकर हमें अवगत कराएं, हम समाधान के प्रति निश्चित रूप से कदम बढ़ाएंगे । मौके पर विशेषरूप से कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, कटकमसांडी पुर्वी मंडल अध्यक्ष जीवन प्रसाद मेहता, कटकमसांडी पुर्वी जिला परिषद सदस्य मंजू नंदनी, कटकमसांडी के पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष सह मुखिया रामकुमार मेहता, आरईओ के एसडीओ परमोद्ध राम, जेई सुभाष कुमार, विनोद सिंह,भोला राणा, कृष्ण यादव, यस राज राणा, बीरेंद्र ओझा, कटकमसांडी सांसद प्रतिनिधि मुनेश ठाकुर, गदोखर मुखिया नारायण साव, लूपुंग पंचायत के पूर्व मुखिया दिलीप रविदास,भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता बिरेंद्र कुमार बीरू, प्रकाश कुशवाहा ,व दिलीप प्रजापति, शशि मेहता, विनोद मेहता, अनिल पासवान, टुनटुन सिन्हा, प्रदीप मेहता, अनुराग मित्तल, लेखराज यादव, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य दर्जनों गणमान्य लोग और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहें।

## पूर्वी चंपारण के असलम अंसारी एवं पश्चिमी चंपारण के संजय यादव बने युवराजद अध्यक्ष



**मोतिहारी, अशोक वर्मा।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव एवं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की पारखी नजरों ने माई समीकरण को ध्यान में रखते हुए दोनों चंपारण जिले के होनहार एवं तेज तरार कार्यकर्ताओं को युवा राजद जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया । नगर के खुदा नगर मोहल्ला निवासी तथा पूर्व राजद महिला सेल की जिला अध्यक्ष स्वर्गीय नसीमा खातून एवं जनशक्ति अखबार के पूर्व संवाददाता शेख मोहम्मद हाशिम के पुत्र मोहम्मद असलम को पूर्वी चंपारण जिला युवा राजद एवं संजय यादव को पश्चिम चंपारण का युवा राज्य अध्यक्ष मनोनीत किया । पूर्वी चंपारण के असलम अंसारी को युवा राजद जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश महासचिव सह पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव ने माला पहनाकर बधाई थी। बधाई देने वालों में प्रोफेसर वीणा राय अधिवक्ता, पूर्व मंत्री बृजकिशोर सिंह, प्रोफेसर जगदीश विद्रोही, विनोद श्रीवास्तव, अरुण कुमार यादव, गांधी भक्ति तारकेश्वर प्रसाद, कलावती देवी, दलित साहित्य अकादमी के प्रदेश अध्यक्ष जागाराम शास्त्री, अलीशा सिंहा, मनोज अकेला, रामसेवक राम, पतौरा ब्रह्मस्थान के सजावल राम आदि है।

## जिला प्रशासन ने किया चंपारण सत्याग्रह महोत्सव का आयोजन





**मोतिहारी, अशोक वर्मा।** कला, संस्कृति एवं युवा विभाग,बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन, मोतिहारी के तत्वाधान मेंऑडिटोरियम , मोतिहारी में चंपारण सत्याग्रह महोत्सव 2023 का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लेजर शो( चंपारण सत्याग्रह पर आधारित ) ,चंपारण सत्याग्रह पर आधारित गीत एवं चंपारण सत्याग्रह नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति सुरंगाना के द्वारा ,सुरंजन सा रे गा मा पा गायन की प्रस्तुति, बॉलीवुड गायिका गायत्री की प्रस्तुति ,बॉलीवुड गायक सुरंजन राजवीर एवं बॉलीवुड गायिका गायत्री की जुगलबंदी ने दर्शकों का मन मोह लिया । कार्यक्रम का संचालन सुधीर पांडेय के द्वारा किया गया । जिला प्रशासन द्वारा मोमेंटो भेंट कर कलाकारों को सम्मानित किया गया । श्री ब्रजकिशोर सिंह, सचिव गांधी स्मारक, विधायक हरसिद्धि कृष्णा नंदन पासवान, गोविंदगंज विधायक सुनील मणि तिवारी, अध्यक्ष जिला परिषद, श्रीमती ममता राय , मेयर नगर निगम मोतिहारी, श्रीमती प्रीति कुमारी को पौधा प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

# जन सुराज ने किया मिलन समारोह




**मोतिहारी, अशोक वर्मा।** रविवार को मोतीहारी जिले के जन सुराज जिला कार्यालय में मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने प्रशांत किशोर के नेतृत्व वाले जन सुराज की सदस्यता ग्रहण की। समारोह की अध्यक्षता जन सुराज के जिला अध्यक्ष वीर प्रसाद महतो ने और संचालन संगठन महासचिव जय मंगल सिंह कुशवाहा ने की। अध्यक्ष ने कहा कि समाज के सभी वर्गों में जन सुराज अपनी पहचान तेजी से बनता जा रहा है। बिहार के लोग इसे अपना राजनीतिक विकल्प के रूप में स्वीकार कर रहे हैं। जिला अभिभावक मंडल के संयोजक राय सुंदर देव शर्मा ने युवा शक्ति को बिहार के परिवर्तन की लड़ाई में आगे आने की बात कही। जिला संगठन महासचिव जय मंगल सिंह कुशवाहा ने कहा कि समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी से ही बिहार में सत्ता और व्यवस्था परिवर्तन होगा। उन्होंने समाज के सभी वर्गों के लोगों से प्रशांत किशोर के नेतृत्व में जन सुराज से जुड़ने की अपील की। मुख्य प्रवक्ता संजय ठाकुर ने कहा कि बिहारी का खोया हुआ सम्मान वापस लाने तथा विकास एवं समृद्धि के लिए जन सुराज एकमात्र विकल्प है। लोगों से जात-पात और धर्म-मजहब से ऊपर उठकर अपने और अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए जन सुराज के साथ जुड़ने की अपील की। समारोह में डॉ. शरबन परवेज, डॉ. परवेज आलम, डॉ. अजीत कुमार सहनी, डॉ. रविशंकर कुमार, डॉ अरविंद कुमार, प्रतिमा देवी, समीक्षा देवी, डॉ रोशन जमीर, राधाकृष्ण मिश्र, विजेंद्र कुमार सिंह, सुशील मिश्र, अमोद कुमार सिंह, श्रीराम सुमन, नसीम अंसारी, मदन राम, ऋतुराज, इरफान खान, डॉ राकेश रंजन, एस. जमीर , रजिया खातून, सलोनी कुमारी, दीपक ठाकुर, राजेंद्र पासवान, चंद्र राम समेत दो दर्जन से अधिक विभिन्न दलों के नेताओं ने आज जन सुराज में शामिल होकर प्रशांत किशोर के नेतृत्व में अपनी आस्था व्यक्त की।

अभियान | भाजपा के डीएनए में है लूट की संस्कृति-- इंजीनियर शशि भूषण राय

# लखौरा में कांग्रेस पार्टी ने चलाया सदस्यता अभियान





**मोतिहारी, अशोक वर्मा।** मोतिहारी प्रखंड अंतर्गत लखौरा चौक पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ई० शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय के नेतृत्व में कॉंग्रेस पार्टी की सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें हजारों के संख्या में लोगों ने कांग्रेस पार्टी के विचारधारा से प्रेरित होकर मोतिहारी प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष सह ध्रुव लखौरा के मुखिया किशोरी सहनी ,मुन्ना शर्मा,मनीष ठाकुर, हीरालाल साह, जीवनाथ सहनी,राम जन्म साह,विश्वबहादुर विजय राम, हुसैन अंसारी, बजरंगी सहनी,द्वारिका साह, जनक साधु सहित सदस्यता ग्रहण किया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा किआजादी के बाद से 2014 तक 14 प्रधानमंत्री द्वारा देश पर 55 लाख करोड़ रूपये का कर्ज था और अकेले मोदी सरकार के 09 साल में देश पर 155 लाख करोड़ रूपया का कर्ज हो गया है। मतलब आजादी के बाद से 2014 तक हर भारतीय नागरिक पर 42 हजार रूपये का कर्ज था मोदी सरकार के 09 सालो में हर भारतीय पर 1.30 लाख रूपया कर्ज है। मोदी सरकार ने अडानी के 4.5 लाख करोड़ का कर्ज माफ किया और किसानो का एक रूपया भी नही माफ किया। वही मनमोहन सरकार ने 72 हजार करोड़ रूपया किसानो का माफ कर दिया था। आगे जिलाध्यक्ष ने कहा कि लूट भाजपा के डीएनए में मौजूद है और उनकी रिवर्स रॉबिनहुड हरकतें अमीरों को और अमीर और गरीबों को और गरीब बना रही है। क्या यह बहुत आश्चर्य की बात नहीं है कि हमारे प्रिय प्रधानमंत्री, जिन्होंने एलपीजी सिलेंडर सहित सभी आवश्यक वस्तुओं की अत्यधिक कीमत में वृद्धि के कारण अपने लोगों और उनकी पीड़ा को कभी परवाह नहीं की, एलपीजी सिलेंडर की कीमत 2014 से लगातार बढ़ी है और पिछले 7 वर्षो में दोगुनी हो गई है और 2020 से भाजपा सरकार ने सब्सिडी देना भी बंद कर दिया है। पिछले 2 दशकों में एलपीजी सिलेंडर की मूल्य वृद्धि के रूझान पर बारीकी से नजर डालने से हर मतदाता की आँखें खुल जाएगी और कोई भी स्पष्ट रूप से समझ सकता है कि कीमतें केवल भाजपा शासन के दौरान ही बेरहमी से बढ़ाई गई है। पिछले साढ़े 9 साल में मोदी सरकार ने रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ाकर 31.37 करोड़ देशवासियों को लूटा है। उन्होंने जनता की जेब पर 8,33,640.76 करोड़ (आठ लाख तैंतीस हजार करोड़) से ज्यादा की लूट की। सिर्फ हमारी उज्वला बहनों से ही 2017 से अब तक मोदी जी ने 68,702.76 करोड़ (अड़सठ हजार सात सौ करोड़) लूट लिए। 70 साल में काँग्रेस सरकार के द्वारा सुरक्षित जमा पूंजी (अपात काल में खर्च के लिए) मोदी जी उसे खर्च कर दिये। 25 हवाई अड्डे, 26700 कि0मी0 राज्य मार्ग, 400 रेलवे स्टेशन, 150 से भी ज्यादा रेल गाड़ी, कई बंदरगाह एवं अन्य कारखाने, होटल अपने निकटम मित्रो को मनमाने ढ़ंग से सभी नियमो को ताख पर रखते हुए दे दिये। मौके पर बेतिया कांग्रेस जिलाध्यक्ष भारत भुषण दुबे, AICC सदस्य शेख कमरान , कांग्रेस नेता प्रो० विजयशंकर पाण्डेय, श्रीमती बिन्टी शर्मा,आकांक्ष प्रिया कांग्रेस नेता श्री ऋषि सिंह,मो० आबिद हुसैन,प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष श्री रूमा खां, अरूण प्रकाश पाण्डेय,जितेन्द्र यादव, रोहित सिंह सहित दर्जनों नेता उपस्थित रहें।

## बिधुरी का घृणित बयान भाजपा की सांप्रदायिकता का सबसे खराब उदाहरण हैः अख्तरूल-ईमान



**किशनगंज, (अली रेजा सिद्दीकी)।** मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक अख्तरूल ईमान ने एक प्रेस बयान जारी कर नई संसद में रमेश बिधुरी के नफरत भरे भाषण की कड़ी निंदा की है और कहा है कि इस तरह से बीजेपी ने अपनी छवि पेश की है नई संसद में नया भारत । यह बेहद दुखद भी है और चिंताजनक भी है। इस पर चिंता और गंभीरता से विचार करने की जरूरत है क्योंकि यह न केवल कुँवर दानिश अली के साथ बल्कि भारत के सभी मुसलमानों के साथ दुर्व्यवहार है। उन्होंने सांसद कुँवर दानिश अली की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने संसद की गरिमा का ध्यान रखते हुए बदजुबान और चरित्रहीन सांसद को उसी भाषा में जवाब नहीं दिया और उसे जब्त कर अपने उच्च आदर्श का परिचय दिया है। अख्तरूल ईमान ने कहा कि इस मामले में एमआईएम की स्थिति बिल्कुल स्पष्ट है कि बिधुरी ने संसद में नफरत भरा भाषण दिया है, इसलिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक ऐसे व्यक्ति के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए. लेकिन यहां तो घोर अंधेरा है सत्ता पर काबिज भाजपा न्याय नहीं नफरत फैलाती है। पैगंबर मोहम्मद स0 के सम्मान का अपमान करने वाले बीजेपी नेता के खिलाफ हर जगह आवाज उठी , लेकिन आज तक उसके खिलाफ कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई। केंद्र में कई मंत्री हैं जो नफरत फैलाते हैं यहां तक कि महिला पहलवानों के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार करने वाले सांसद को भी अभी तक सजा नहीं दी गई है. ऐसे दर्जनों उदाहरण हैं. इससे पता चलता है कि सज़ा केवल विपक्ष के नेताओं और मुसलमानों के लिए है। अख्तरूल ईमान ने कहा कि अब पॉप का घड़ा भर गया है और यह जल्द ही फूटने वाला है.

### कुर्की का हुआ आदेश

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** अवैध स्मैक बरामदगी के दर्ज मुकदमे के आरोपी को 15 दिन के अंदर उपस्थित न होने पर कुर्की की कार्यवाही किए जाने का आदेश हुआ है ।मामला तारुन थाने का है । जहां पर उपनिरीक्षक मुन्नीलाल चौधरी ने बीते 22 फरवरी को अवैध समैक के साथ अभियुक्त आकाश सिंह और प्रदीप मिश्रा को पकड़ा था । मामले में नामित तीसरा मुख्य अभियुक्त अजीज उर्फ बाबा पुत्र मोहम्मद यूनुस थाना जैतपुर जनपद बाराबंकी भी शामिल था । मामले में मुकदमा 32/23 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था । मामले की विवेचक निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने अभियुक्त के घर कई बार जनपद बाराबंकी की पुलिस सहित दविश दिया । परंतु आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर रहा । मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायालय ने अभियुक्त के विरुद्ध आदेश पारित किया कि 15 दिन के अंदर विवेचक या न्यायालय के समक्ष न पेश होने पर अजीज उर्फ बाबा पुत्र मोहम्मद यूनुस की चल अचल संपत्ति कर्क कर दी जाएगी । वही इस संबंध में विवेचक उपनिरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि न्यायालय द्वारा जारी आदेश की कार्यवाही कराई जा रही है ।

### दो लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** विद्यालय जाने के लिए बस से निकली छात्रा के लापता होने के मामले में मां की तहरीर पर कोतवाली बीकापुर में दो लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज हुआ है । अयोध्या जनपद के बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है । जहां निवासिनी एक महिला ने कोतवाली बीकापुर में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बीते गुरुवार को उसकी पुत्री एक विद्यालय में पढ़ने के लिए बस से गई थी किंतु घर वापस नहीं लौटी उसकी पुत्री को रूरूखास क्षेत्र निवासी दो सगे भाई बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए हैं । वहीं महिला की शिकायती पत्र पर कोतवाली बीकापुर में आरोपी दोनों युवकों के खिलाफ अपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज हुआ है । वही इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बीकापुर राजेश कुमार राय ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है । जांच कार्यवाही चल रही है ।

### विकास कार्यों को गति देने नाम पर फर्जी धन निकासी कर बंदर बाट

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** बूढ़े बुजुर्गों की कहावत है कि राम नाम की लूट है लूट सको तो लूट अंतकाल पछताओगे जब प्राण जाएंगे छूट, इसी तर्ज पर रुदौली ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत खंड पिपरा ग्राम पंचायत कार्य कर रही है।विकास कार्यों में लूट घसोट का सिलसिला जारी है। सरकारी धन में हो रहे बंदर बांट में लगाम लगाने वाले सदस्यों को भी ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव ने दरकिनार कर दिया। 2 वर्ष बीतने के बाद भी ग्राम पंचायत में सदस्यों की न तो एक भी बैठक की गई और न ही सदस्यों को किसी राय मस्वीरा के लिए बुलाया गया। ग्राम प्रधान व सचिव अपने मनमर्जी से विकास कार्यों को गति देने नाम पर फर्जी धन निकासी कर बंदर बाट कर रहे हैं। विकास कार्यों की जांच के लिए गांव के ही सदस्यो की मोर्चा खोल दिया है।डीएम नीतीश कुमार को दिए गए सशपथ शिकायती पत्र में सदस्यो ने ग्राम प्रधान पंचायत सचिव व रोजगार सेवक पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं इससे पहले भी लगभग आधा दर्जन ऑनलाइन शिकायती पत्र दे चुके है लेकिन जिस पर कार्रवाई नहीं हो सकी। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत खंड पिपरा में विकास कार्यों में व्याप्त अनियमिता की जांच के लिए ग्राम पंचायत के सदस्यों ने मोर्चा खोला है। शनिवार को जिलाधिकारी नीतीश कुमार को सशपथ दिए गए शिकायती पत्र में गांव के सदस्य चंदराम,राम केवल, रामनारायन,बन्नो, वृजमा देवी, मालती, जांतिरा, राजू, शमशुदीन,सतगुरु व प्रमोद कुमार के द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में आरोप है कि 2 वर्ष बीत चुके हैं ग्राम प्रधान राजरानी व पंचायत सचिव प्रियंका सिंह के द्वारा सदस्यों की एक भी बैठक नहीं कराई गई। दफिया पुर सड़क से अमहदाबाद की सरहद तक भूमि विकास कार्य दिखाकर 3 लाख 38 हजार रुपए निकाल कर बंदर बाट कर लिया।अस्थाई गौशाला 15 से 20 मजदूर लगा कर डेली 70 से 80 मजदूरों की हाजिरी भरकर लगभग चार लाख 71 हजार रुपए का बंदर बांट किया गया।

### क्षेत्र की जनता को सूचीबद्ध करके डाक योजनाओं से जोड़ें : एच के यादव

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** रविवार को अयोध्या मण्डल के सैकड़ों डाक कर्मचारियों के साथ अयोध्या प्रधान डाकघर में डाक जीवन बीमा बचत खाता तथा सुकन्या समृद्धि योजना को गति देने के लिए अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर एच के यादव की अध्यक्षता में वर्ष 2023-24 के लिए व्यवसायिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई । दर्जनों सब पोस्टमास्टर को सन्तोष जनक कार्य न करने पर फटकार लगाई गई । इसके बाद श्री यादव ने इस 2023-24 वित्तीय वर्ष की योजना को अमली जामा पहनाते हुए कहा कि आज से समस्त सब पोस्टमास्टर, तथा शाखा पोस्टमास्टर अपने अपने क्षेत्र की जनता को सूचीबद्ध करके ग्राहकों को कम से कम एक बचत योजनाओं से जोड़ें और उन्हें बेहतर सुविधा प्रदान करें | श्री यादव ने लक्ष्य पूर्ति के लिए कहा कि हमें हर हाल में लक्ष्य को पूरा करना ही होगा । श्री यादव ने यह भी कहा कि आज प्रतिस्पर्धाओ का दौर है हमें जनता से परिवार जैसे व्यवहार के साथ मिलना होगा जिससे लोगो का विश्वास डाकघर के प्रति बना रहे क्योंकि डाकघर ही ऐसा पहला विभाग जहाँ घर शब्द का प्रयोग किया जाता है और घरों में परिवार के सदस्य रहते है | साथ ही श्री यादव ने बीमा योजना के बारे में बताते हुए यह भी कहा कि डाक जीवन बीमा एक परिवार की सुरक्षा में निर्णायक भूमिका अदा करता है डाक जीवन बीमा से इंसान अपनी आवश्यकता को आसानी से पूरा कर सकता है | यह डाक जीवन बीमा पालिसी किसी भी बीमा कम्पनी से कम किश्त तथा अधिक बोनस भुगतान देता है इसलिए जनता को इसका सीधा लाभ मिलता है ।

### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** राजकीय डा बृजकिशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा शिक्षकों ने स्वच्छता पखवाड़ा को सफल बनाने के लिए होमियो मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ विजय पुष्कर की अगुवाई में होम्योपैथिक कॉलेज भवन के छत पर सफाई किया जिसमें होमियो मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया ।होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ विजय पुष्कर ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में ही हम स्वस्थ रहकर जीवन मे प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं इसलिए हमें अपनी स्वच्छता के साथ-साथ पास पड़ोस को भी स्वच्छ रखना होगा जिससे हम बीमारियों से बच सके हमें स्वच्छता पखवाड़ा को सफल बनाने के लिए के लिए लोगों को जागरुक भी करना होगा डॉ विजय पुष्कर ने कहा कि सौ रोगों की एक दवाई घर में रखे साफ सफाई स्वच्छता अभियान में डॉ माधुरी गौतम डॉ केशव गोस्वामी डॉ नेमा डॉ सुशीला सिंह डॉ सौम्या रघुवंशी डॉ कीर्ति पांडे डॉ अनुराग यादव डॉ जावेद डॉ सक्सेना डॉ पी यस त्रिपाठी डॉ तुलसीराम डॉ अंजू सिंह डॉ आई पी पटेल डॉ वीरेंद्र सिंह सहित होमियो मेडिकल कॉलेज के सभी चिकित्सा शिक्षक व शिक्षिकाएं तथा कर्मचारियों ने मेडिकल कॉलेज के भवन के छत पर सफाई किया ।

### समय पर कोटेदार नहीं देता है राशन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** सरकार भले ही डिजिटल सिस्टम से गरीबों को उनका हक दिलाने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है। और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था का दावा करती हो मगर जमीन पर हकीकत दावों के उलट है। डिजिटल माध्यम से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत बीकापुर के परोमा गांव में खाद्यान्न वितरण की व्यवस्था को रखने के लिए जब लोगों के बीच जाकर हकीकत जानने की कोशिश की तो जनता का हाल बदहाल दिखाई दिया। राशन कार्ड धारकों से वितरक का संबंध केवल अंगूठे की छाप मशीन पर लगवाने तक ही सीमित दिखाई दिया। बेबस लोगों ने वितरक के संबंध में जो बातें बताई वह सरकारी व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार की पोल खोलने की एक बानगी भर है। परोमा गांव में पश्चिमी छोर पर स्थित सुदूर गांव मठिया के लोग सरकारी राशन कोटे पर राशन के लिए दो-दो महीने तक इंतजार करते हैं। तब कहीं जाकर इन्हें उनके हक का कुछ हिस्सा मिल जाता है। मगर किसी-किसी को तो यह भी मयस्सर नहीं हो पाता।

## ख़ास ख़बर

### शहाबगंज ब्लॉक परिसर में बंदर का आतंक बीते दिनों में कई महिला बच्चों को किया जख्मी



**संवाददाता मो तसलीम, चंदौली**। शहाबगंज ब्लॉक परिसर व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कई दिनों से बंदर आतंक मचाए हुए है। बीते एक महीने में कई महिला बच्चों को काट कर जख्मी कर दिया है। बीते बुधवार की सुबह कस्बा निवासनी रामप्यारी देवी सुबह अपने घर के बाहर टहल रही थी तभी बंदरों ने दौड़ा लिया भागने के चक्कर में गिर गई जिससे उनके कूल्हे की हड्डी टूट गई कुछ दिन पहले विकास खण्ड के हडौरा प्रधानपति नित्यानंद खरवार सहित आधा दर्जन कर्मचारियों को काट लिया सबका प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज हुआ। शहाबगंज प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. निलेश मालवीय ने बताया कि पानी टंकी का पाईप बिजली तार तोड़ दे रहे हैं जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है सबसे ज्यादा डर गर्भवती महिलाओं को लेकर है किसी दिन भी बड़ी घटना घट सकती है। कस्बा निवासी सुरेंद्र मोदनवाल ने वन विभाग से बंदरों को पकड़कर जंगलों में छोड़ने की मांग की है ।

### अराजकतत्वों ने दुकानदार को हाकी से पीटा, हालत गम्भीर



**चहनिया। चंदौली**। बलुआ थाना क्षेत्र के चहनियां कस्बा में शनिवार की देर शाम को मनबढो ने मिठाई बिक्रेता 25 वर्सीय विनय मोदनवाल को हाकीयो से पीटकर बुरी तरह से घायल कर दिया । जब तक ब्यापारी पहुचते तीनो एक बाइक से फरार हो गये । कस्बावासियों के सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायल पड़े ब्यवसायी को चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पूछताछ किया । डॉक्टरों ने हालत गम्भीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया । दर्जनों की संख्या में ब्यापारी बलुआ थाने पर पहुचकर मुकदमा दर्ज कराया । पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है । चहनियां कस्बा में विनय मोदनवाल का मिठाई का दुकान है । शनिवार की देर शाम को सौ मीटर की दूरी पर एक चाय की दुकान पर चाय पीने चला गया । बाइक से सवार तीन मनबढ़ युवक चाय की दुकान पर हाकी से पिटाई कर दी । अंधेरा के कारण कोई कुछ समझ पाता व जब तक पहुचते वे फरार हो गये । कस्बावासियों ने पुलिस को सूचना दिया । वही बुरी तरह से घायल ब्यवसायी को चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये । घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने लहूलुहान पड़े ब्यवसायी से पूछताछ किया । हालत गम्भीर देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल को रेफर कर दिया । मनबढ़ युवकों के गिरफ्तारी को लेकर ब्यापार मण्डल अध्यक्ष भानु प्रताप यादव ने जिलाध्यक्ष को सूचना के साथ ही दर्जनों ब्यापारियों के साथ पहुचकर मनबढो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया । पुलिस ने इस मामले में देवाईतपुर एक युवक को उठाकर पूछताछ कर रही है । इस संदर्भ में बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किया जा रहा है ।

### आयुष्मान मेले का किया गया आयोजन



**चहनियाँ(चंदौली)**। चहनियां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को आयुष्मान मेला का आयोजन किया गया । मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल ने फीता काटकर किया । इस अवसर पर प्रमुख अरुण जायसवाल ने कहा कि सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही है । जिसमे एक आयुष्मान योजना प्रमुख है । इस योजना में गरीब अपना इलाज किसी भी बड़े सरकारी अस्पताल में या फिर इससे अटैच प्राइवेट हॉस्पिटलों में निशुल्क इलाज करा सकते है । ऐसे कई गरीब है जो पहले धन के अभव में इलाज नही करा पाते है । किंतु अब ऐसा नही है ।आज सबसे ज्यादा जरूरी हैं अपने बचाव के लिए स्वास्थ , शिक्षा और सुरक्षा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं गरीबो के लिए बरदान साबित हो रहा है । इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डा० रितेश कुमार, मंडल अध्यक्ष योगेंद्र मिश्रा, डा० अजय कुमार सिंह,वरिष्ठ फार्मासिस्ट मुकेश सिंह, पीपीएम रोशन आरा मनोज यादव,रमेश सिंह, दीपा पांडेय ,अशोक श्रीवास्तव,रोशन आरा ,अजय भारती,संजय मिश्रा,अनिल त्रिपाठी आदि उपस्थित थे ।

# डीडीयू जंक्शन पर पकड़ाया कई लाख रुपया, युवक गिरफ्तार



शुभ भास्कर, चंदौली। चंदौली के डीडीयू जीआरपी के जवानों ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से कुल 10 लाख 50 हज़ार रुपये बरामद किया है। फिलहाल जीआरपी आगे की कार्यवाही में जुटी हुई है। एफओबी सीढ़ी के पास से हुई गिरफ्तारी दरसअल, उच्चाधिकारियों के निर्देश पर रेलवे में अपराध की रोकथाम के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जीआरपी के जवानों ने चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म संख्या 1/2 स्थित फुट ओवर ब्रिज के पास स्थित सीढ़ी के पास खड़े एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली। तलाशी में व्यक्ति के पास स्थित एक पिटठू बैग से कुल 10 लाख 50 हज़ार रुपये बरामद हुए। जवानों द्वारा रुपयों के बाबत पूछा गया तो व्यक्ति से संतोष जनक जवाब नही मिला। जिसके बाद जवानों ने व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।

**व्यक्ति ने आपने आप को बताया सोने-चांदी का कारीगरः** मामले का खुलासा करते हुए जीआरपी प्रभारी सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का नाम मुशर्फ़ हुसैन है जो कि पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। जीआरपी के अनुसार पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह सोने-चांदी का कारीगर है तथा रुपया लेकर वाराणसी से बंगाल जा रहा था।जीआरपी प्रभारी ने बताया कि बरामद रुपयों के बाबत अभियुक्त के पास कोई कागजात नही मिला। बताया इस संबंध में आयकर विभाग को सूचित कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## भारतीय जीवन बीमा निगम की मीटिंग रविवार को संपन्न हुई





**चकिया चंदौली**। नगर पंचायत के रजनीश कुमार प्रीमियम प्राइम पर भारतीय जीवन बीमा निगम की मीटिंग रविवार को संपन्न हुई वाराणसी के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक विनोद कुमार ने चकिया प्रीमियम पर प्रथम आगमन पर सीनियर बिजनेस एसोसिएट रजनीश कुमार श्रीवास्तव एवं उनकी टीम ने उनका भव्य स्वागत किया इस दौरान अभिकर्ता का उत्साह वर्धन करते हुए वरिष्ठ मंडल प्रबंधक ने कहा कि लाइव प्लस कार्यालय चकिया में खुलने के साथ अभिकर्ता का दायित्व और बढ़ गया है अपने को कर्तव्य लिस्ट और लगन सील होने के परिचय बिजनेस को बढ़ा कर देना होगा जीवन बीमा आग्रह की विषय वस्तु है अभिकर्ता डोर टू डोर जाकर लोगों से मिले और एलआईसी विभिन्न की विभिन्न पॉलिसीयों को उन्हें बताएं एलआईसी एक ऐसी संस्था है जो बजट के साथ व्यक्ति को सुरक्षा भी प्रदान करती है कोविड आपदा हो या सामान्य अथवा दुर्घटना में मृत्यु सब में पॉलिसी धारा के परिवार का साथ दिया और दुखद स्थिति के बाद भी परिवार को टूटने नहीं दिया उन्होंने अभिकर्ता का आहान करते हुए कहा कि सबका दायित्व है कि अब कोई भी घर और कोई भी ऐसा परिवार न बचने पाये जो एलआईसी की सेवा लेने से वंचित रहे ताकि सुख के साथ दुख की घड़ी में कोई भी परिवार टूटने ना पाए इस अवसर पर वाराणसी मंडल के विपणन प्रबंधक राजेश आनंद मनीष शाखा पाड़बंदक अरुण सहायक शाखा प्रबंधक आलोक श्रीवास्तव प्रेम नारायण गिरीश विजय प्रभात श्रीवास्तव अमित श्रीवास्तव के अलावा गोविंद प्रसाद हौसला तिवारी प्रमोद श्रीवास्तव दिलीप गुप्ता देवेंद्र सुनील मनोज विनीत तिवारी आदि अभिकर्ता उपस्थित रहे।

## उद्यमियों के प्रतिष्ठानों को निर्वाध विद्युत आपूर्ति देना ही बिजली विभाग का मुख्य उद्देश्य



**चंदौली**। रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के उद्यमियों की एक बैठक एसोसिएशन के अध्यक्ष देव भट्टाचार्य की अध्यक्षता में विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता एपी शुक्ला और अधीक्षण अभियंता ओमप्रकाश के साथ सुंदरपुर स्थित ओंकार भवन में हुआ। इस दौरान विद्युत मुख्य अभियंता एपी शुक्ला ने कहा कि उद्यमियों द्वारा जो यह कहा जा रहा था कि फेज-एक में ओवरलोड की वजह से उद्यमियों को नए कनेक्शन देने व उद्यमियों के लोड बढ़ाया जा रहा है ऐसी बात नही थी। उस समस्या का समाधान कर लिया गया है और समस्त फीडरों में लोड बराबर बाँट दिया गया है। जिससे अब फेज एक में नये विधुत कनेक्शन स्वीकृत करने और पुराने कनेक्शन के लोड को बढ़ाने में कोई अवरोध नही होगा। फेज एक के बाहर के उद्यमियों के सहूलयित हेतु अब एक नया विद्युत सब स्टेशन भी सरकारी जमीन पर बनाया जायेगा। जिससे बाहर के उद्यमियों को भी समस्याओं का सामना नही करना पड़ेगा। आगे कहा की फेज-2 के 10 एमबीए ट्रांसफार्मर के अतिरिक्त नया ट्रांसफार्मर की स्वीकृति व टेन्डर भी खुल चुका है। जो एक महीने के अन्दर फेज 2 में एक और 10 एमबीए का नया ट्रांसफार्मर लग जायेगा। जिससे उद्यमियों की समस्या का समाधान हो जाएगा। वही अध्यक्षता करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष देव भट्टाचार्य ने कहा कि उद्यमियों के प्रतिष्ठानों को सही मायने में बिजली की आपूर्ति हो इसके लिए यह बैठक की जा रही है। आगे बताया कि जिन उद्यमियों को नये विद्युत कनेक्शन व विद्युत भार फेज 2 में बढ़ाने है। वे अभी से आवेदन कर दे जिससे उनको लाइन बनाने आदि की प्रक्रिया में समय की बचत होगी। इस बैठक में उद्यमी करुण पाण्डेय ने 600 केवीए के लोड को त्वरित चालू करने की मांग उठाया। इसके अलावा अभिषेक बंसल ने 150 केवीए व राकेश जायसवाल ने 152 केवीए की त्वरित माँग किया। पड़ाव स्थित तमाम उद्यमियों ने बिजली की कटौती व ट्रिपिंग की समस्या को अविलंब दूर किए जाने की बात कही। आगे फेज-2 के उद्यमियों ने बिजली के तार को ऊपर करने की बात कही।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर चंदौली उत्तर प्रदेश के सोशल ऐक्टिविस्ट सतनाम सिंह को मिला "राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान"



**डीडीयू नगर**। आज डीडीयू नगर उत्तरप्रदेश के सोशल ऐक्टिविस्ट सतनाम सिंह को मिला " राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान" अयोध्या में आयोजित इस कार्यक्रम में देश के 22 राज्यो के लोग हुए सम्मानित . भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या में राष्ट्रीय सेवा महाकुंभ का आयोजन राम कृष्ण सेवा फाउन्डेशन व मेजर ध्यान चंद खेल उत्थान समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। जिसमें देश के 22 राज्य व यूपी के 70 जिलों के समाजसेवियों ने हिस्सा लिया. इस मौके पर देश में 201 सेवा वीर और संस्थाओं को सम्मानित किया गया जो समाज हित में सक्रिय सहभागिता करते हुए रक्तदान के लिए जन मानस में जागरुकता भी फैला रहे है। इस अवसर पर मेडिकल कालेज दर्शन नगर व जिला चिकित्सालय अयोध्या की टीम द्वारा रक्त संग्रह भी किया । उक्त समारोह के मुख्य अतिथि ओलंपियन, अर्जुन अवॉर्डी व हॉकी के पूर्व विश्व विजेता रहे अशोक ध्यानचंद जी के हाथों नगर के समाजसेवी व पिता टीम के अध्यक्ष सतनाम सिंह को मेडल, सम्मान पत्र व स्मृति चिन्ह प्राप्त हुआ . अपने पिता के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लेने गए उनके पुत्र रवनीत सिंह रौनक ने पिता को मिले इस सम्मान के खुशी में एक यूनिट रक्तदान कर पिता का मान बढ़ाया.सिगरामऊ स्टेट की महरानी डॉ अंजू सिंह ने पिता पुत्र के इस समाजिक चेतना और समर्पण को देख इस युवा को भी रक्तदाता सम्मान पत्र भेंट किया. इस अवसर पर सतनाम सिंह (सोशल ऐक्टिविस्ट) ने कहा यह सम्मान मेरे माँ और पिता को समर्पित है और इस सेवा कार्य की प्रेरणा चढ़दीकला कार सेवा संस्था से मुझे मिला जिसका मुझे गर्व है, इस अवसर पर उत्तरप्रदेश के अलावा राजनेताओं सहजनवा नगर पालिका अध्यक्ष संजू सिंह मौजूद रही। अध्यक्षता समाज सेवी निशा किन्नर व संचालन दिलीप दुबे ने किया समस्त सम्मान प्राप्त कर्ताओं को बधाई देते हुए मुख्य अतिथि अशोक ध्यानचंद जी ने कहा कि समाज को दाताओं का सम्मान राष्ट्र का सम्मान है।

### डाक्टर से रंगदारी मांगने वाला हुआ गिरफ्तार



**चंदौली**। जिले में धानापुर थाने में संध्या हास्पिटल धानापुर के प्रबंधक डॉण् सुनील शर्मा ने अपने शिकायती पत्र में कहा था कि पिछले कई दिनों से अलग.अलग मोबाइल नम्बर से फोन कर उनसे 10 लाख रुपये की मांग की जा रही है। रूपए नहीं देने पर महिला से छेड़खानी, रेप आदि मुकदमे में फंसाकर बर्बाद करने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने बताया कि उसी तहरीर के आधार पर दिनांक 16 मार्च 2023 को थाने में मुकदमा अपराध संख्या 31/2023 धारा 388 आईपीसी के तहत पंजीकृत किया गया था। जिसमें घटना में शामिल एक अभियुक्त पवन दूबे को थाना धानापुर पुलिस द्वारा दिनांक 16 मार्च 2023 को गिरफ्तारी कर जेल भेजा दिया था। इसी मामले के दूसरे अभियुक्त शैलेन्द्र पाण्डेय उर्फ कवि काफी दिनों से वांछित चल रहा था। इसके खिलाफ 31 मई 2023 को न्यायालय से एनबीडब्ल्यू भी जारी किया गया था। चंदौली जिले के पुलिस अधीक्षक के फरमान के अनुपालन में वांछितों व वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई में थानाध्यक्ष प्रशान्त कुमार सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक शिवबाबू यादव ने टीम के साथ अभियुक्त शैलेन्द्र पाण्डेय उर्फ कवि पुत्र मिथिलेश पाण्डेय को मुखबिर की सूचना पर धर दबोचा है। बताया जा रहा है कि शैलेन्द्र पाण्डेय उर्फ कवि धरहरा गांव के रहने वाले हैं। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही प्रचलित है। जानकारी में बताया जा रहा है कि शैलेन्द्र पाण्डेय उर्फ कवि के खिलाफ एक दो नहीं आधे दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। शैलेन्द्र पाण्डेय उर्फ कवि को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी प्रशान्त कुमार सिंह के साथ उपनिरीक्षक शिवबाबू यादव और हेड कांस्टेबल धीरेन्द्र यादव, सर्वेश कुमार व आशीष कुमार शामिल थे

### बिजली विभाग ने चलाया जबरदस्त चेकिंग अभियान



**शुभ भास्कर, बबुरी**। अधिशासी अभियंता बिजली विभाग सुनील कुमार के नेतृत्व में बबुरी बाजार और पांडेपुर बाजार में चलाया गया जबरदस्त चेकिंग अभियान । विद्युत बिल बकाया , चोरी से जलाई जारही विद्युत , विद्युत भार और घरेलू के नाम पे कमर्शियल रूप में इस्तेमाल कर रहे लोगो के खिलाफ चलाया गया चेकिंग अभियान चेकिंग के दौरान 1लाख 30 हजार की वसूली हुई 4 भर वृद्धि 11 घरेलू से कमर्शियल किया गया और 22 लोगों का कनेक्शन काटा गया । वही अधिशासी अभियंता सुनील कुमार से बात करने पे बताया कि अवैध तरीके से जलाई जा रही बिजली में संलिप्त मिलने पर कार्यवाही की जाएगी । ग्रामसभा पचोखर के जर्जर तार की चर्चा जब उनसे की गयी तो उन्होंने तुरंत sdo और je को बुलाकर आदेशित किया कि जल्द से जल्द तार को बदला जाय वहीं SDO अमर सिंह पटेल ने कहा कि पचोखर सूची के साथ अब प्राथमिकता में है साथ खड़े JE मुहमद ताहीद ने कहा सर्वे का काम पूरा कर लिया गया है जल्द ही कार्य प्रारंभ हो जाएगा ।

### रजवाहा में मुख्य सड़क रेगुलेटर के पास कटकर राहगीरों के लिए दुर्घटना का सबक बना हुआ है



**तारा जीवनपुर**। चंदौली क्षेत्र के तारापुर गांव के समीप धानापुर रजवाहा पर बनी मुख्य सड़क रेगुलेटर के पास कट कर रजवाहा में समाहित होने से राजगीरों के लिए दुर्घटना का सबक बना हुआ है इसको लेकर राहगीरों मे भारी रोष व्याप्त है तारापुर रेलवे गेट से होकर महेवा गांव को जाने वाली मुख्य सड़क धानापुर रजवाहा में जगह जगह कटकर समाहित होने से राहगीरों के लिए दुर्घटना का सबक बना हुआ है आए दिन राहगीर आवागमन करते समय गिरकर चोटिल हो जा रहे हैं राहगिरो ने इसकी शिकायत भी कई बार विभागीय अधिकारियों से किया लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है इसको लेकर हरिश्चंद्र पटेल लाल भरत यादव रविकांत पाल फिरोज अहमद विपिन मिश्रा सहित तमाम लोगों ने आक्रोश व्यास करते हुए चेताया की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हम लोग उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

**कार्यशाला** ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ने बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के बारे में विस्तार से बताया

## लैंग्वेज लर्निंग फाउंडेशन के द्वारा बीआरसी पर दो दिवसीय कार्यशाला



**चहनियाँ (चंदौली)**। लैंग्वेज लर्निंग फाउंडेशन की तरफ से बी आर सी सभागार मथेला चहानिया में दो दिवसीय शिक्षक संकुल कार्यशाला का आयोजन किया गया ! कार्यशाला में जिला कोऑर्डिनेटर नीरज कुमार पांडे तथा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर जितेंद्र कुमार ने निपुण लक्ष्य की संप्रति हेतु बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के बारे में विस्तार से बताया ! उन्होंने बताया कि विकासखंड चहानिया के 12 संकुल के शिक्षक संकुल ने इस कार्यशाला में प्रतिभाग किया !शिक्षक संकुल की कार्यशाला में शिक्षक संकुल की भूमिका ,दायित्व ,चुनौतियां तथा उद्देश्य के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया! प्रशिक्षण मुख्यतः दो भाषाओं पर केंद्रित रहा हिंदी भाषा और गणित ,कक्षा 1, कक्षा 2 तथा कक्षा तीन के लिए यह प्रशिक्षण बेहद उपयोगी और सार्थक है ! आगामी वर्ष 2024 तक 8 लाख शिक्षकों तथा कक्षा 1 से 3 तक के 3 करोड़ बच्चों को इससे आच्छादित करना है! प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को खुले प्रश्नों के माध्यम से तर्क ,अनुमान ,कल्पना करने की शक्ति का विकास करना है ! बिग बुक के माध्यम से साझा पठन कैसे करेंगे? तथा 9 से 14 सप्ताह तक की गतिविधियों के बारे में बताया गया! चर्चा के प्रमुख बिंदु चार्ट और पोस्टर के माध्यम से बच्चों को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान कराना! गणित किट एवं सहायक शिक्षण सामग्री के द्वारा बच्चों के समझ को विकसित करने का सुझाव दिया गया !जिसका प्रदर्शन भी प्रत्येक ग्रुप में विभाजित कर शिक्षक संकुल के द्वारा कराया गया! संकुल शिक्षक की बैठक का डेमो राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक नंदकुमार शर्मा के नेतृत्व में राम प्रकाश पटेल, आनंद कुमार ,सुनीता सोनकर ,प्रज्ञा यादव तथा पूजा आर्या ने बहुत ही खूबसूरत और बेहतर ढंग से किया और भविष्य में इसी तरह की बैठक का आयोजन प्रत्येक संकुल में करने का सुझाव दिया गया ! जिला कार्यक्रम अधिकारी विमलेश कुमार जी ने शिक्षक संकुल की कार्यशाला पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए मुख्य बिंदुओं पर चर्चा किया गया तथा कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर के प्रधानाध्यापक राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित वीरेंद्र सिंह यादव को बधाई देते हुए कहा कि उनकी लगन और मेहनत से उनका विद्यालय निपुण लक्ष्य को प्राप्त कर चुका है उनसे सभी लोग प्रेरणा लें और अपने विद्यालय को निपुण बनाने का प्रयास करें।

## राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर सम्मान समारोह में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री महेंद्र पांडेय, महिला बिल को लेकर राहुल गांधी पर साधा निशाना







**शुभ भास्कर, अशोक कुमार जायसवाल**। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री और चंदौली सांसद महेन्द्रनाथ पाण्डेय शनिवार को चन्दौली दौरे पर रहे. इस दौरान दीनदयाल नगर में आयोजित कवि रामधारी सिंह दिनकर समिति द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए. उन्होंने महिला बिल को लेकर खुशी जाहिर करते हुए इसे ऐतिहासिक कदम बताया. इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैं मतदान के लिए सदन में उपस्थित था. जो 27 वर्षों से चिर प्रतीक्षा के बाद देश की आधी आबादी को समुचित प्रतिनधित्व मिला है. ये काम देश के मजबूत नेता मोदी जी ही कर सकते है, और उन्होंने ऐसा करके दिखा भी दिया है. आशा जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ समय के बाद देश के नीतियों को बनाने में आधी आबादी प्रमुख और अग्रिम भूमिका निभाएगा. इस दौरान राहुल गांधी द्वारा दिये गए बयान पर की सरकार चाहे तो कल से ही महिला बिल लागू हो सकता है, पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सबको संवैधानिक प्रकिया का ज्ञान है. सरकार की मंशा ही है, तभी बिशेष सत्र बुला करके इस बिल को पास कराया गया है. कभी जो लोग बिल फाड़ा करते थे. उन्होंने भी इसका समर्थन किया है. इसके लिए सवैधानिक प्रकिया है. शीघ्र ही लागू हों जाएगी. राहुल जी को मालूम है. अगर नही मालूम तो सविधान, कानून विदों से राय लेनी चाहिए.

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।